फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 74 संख्याः 154 प्रभात जयपुर, गुरुवार 4 जनवरी, 2024 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.75 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

epaper.rashtradoot.com

राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

ARBiT



**Birds In The Snow**

I realize that the 'golden eyebrow' is actually a single curved line in the middle of the forehead. *An auric tilak!* It is a *goldcrest*.

**Social Media generates billions In Ad Revenue**

YouTube derived the greatest Ad revenue from users 12 and under ($959.1 million), followed by Instagram ($801.1 million)

# प्रदेश भाजपा के विशेष आग्रह पर 5 जनवरी को जयपुर आ रहे हैं प्र.मंत्री मोदी

## प्रधानमंत्री 5 जनवरी की शाम जयपुर में भाजपा मुख्यालय में पार्टी नेताओं व नए विधायकों से मिलेंगे

- **प्रधानमंत्री पहले 6 जनवरी को डी.जी.-आई.जी. कॉन्फ्रेंस में शामिल होने के लिए ही जयपुर आने वाले थे, पर अब वे 5 जनवरी की शाम जयपुर पहुंचेंगे और 6 जनवरी को डी.जी.-आई.जी. कॉन्फ्रेंस को संबोधित करने के बाद दिल्ली लौट जाएंगे।**
- **एयरपोर्ट से लेकर भाजपा मुख्यालय तक मार्ग में जगह-जगह प्रधानमंत्री मोदी का भव्य स्वागत किया जाएगा।**
- **भाजपा मुख्यालय में प्रधानमंत्री पार्टी के नेताओं व नए विधायकों से मिल कर लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार का मंत्र देंगे।**

जयपुर, 3 जनवरी (का.सं.)। प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दूसरी बार जयपुर आ रहे हैं। 5 से 7 जनवरी तक चलने वाली डीजी-आईजी कॉन्फ्रेंस में शामिल होने के लिए प्रधानमंत्री मोदी 5 जनवरी की शाम को जयपुर पहुंचेंगे। हालांकि, मोदी सरकारी कार्यक्रम में आ रहे हैं, लेकिन, इस दौरान वे पार्टी के पदाधिकारियों और नवनिर्वाचित विधायकों से भी चर्चा करेंगे। प्रदेश भाजपा ने मोदी यात्रा की तैयारियां तेज कर दी हैं।

प्रधानमंत्री 5 जनवरी को शाम 4.30 बजे विशेष विमान से जयपुर एयरपोर्ट पहुंचेंगे और उनका एयरपोर्ट से सीधे भाजपा मुख्यालय जाने का कार्यक्रम प्रस्तावित है। शाम 5 बजे वे नवनिर्वाचित विधायकों और पदाधिकारियों से सीधा संवाद करेंगे। विधानसभा चुनाव के बाद यह पहला मौका होगा जब प्रधानमंत्री मोदी विधायकों से सीधी चर्चा करेंगे। प्रधानमंत्री के इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम के लिए प्रदेश के पदाधिकारियों और मोर्चा अध्यक्षों को 4.30 बजे से पहले पार्टी मुख्यालय पहुंचने के लिए कहा गया है।

जानकारी के अनुसार इस संवाद के दौरान प्रधानमंत्री मोदी विधायकों और पदाधिकारियों के साथ, आने वाले 5 सालों में प्रदेश में किस तरह से आम जनता के लिए काम करना है और किस तरह से केंद्र सरकार की योजनाओं को आम जनता तक लेकर जाना है, इस विषयों चर्चा करेंगे। सत्ता और संगठन में किस तरह से ताल-मेल के साथ काम किया जाए और आम जन तक कैसे राहत पहुंचाई जाए इसका मंत्र भी प्रधानमंत्री मोदी इस कार्यक्रम में देंगे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पहले 6 जनवरी को सुबह जयपुर आने का कार्यक्रम प्रस्तावित था, लेकिन प्रदेश भाजपा संगठन की ओर से किए गए विशेष आग्रह के बाद उनके कार्यक्रम में बदलाव किया गया है। अब प्रधानमंत्री एक दिन पहले 5 जनवरी की शाम को जयपुर पहुंच जाएंगे। एयरपोर्ट से भाजपा मुख्यालय तक प्रधानमंत्री मोदी का जगह-जगह भव्य स्वागत करने का कार्यक्रम भी प्रस्तावित है।

प्रधानमंत्री राज भवन में रात्रि विश्राम करेंगे और 6 जनवरी को डीजी-आईजी कॉन्फ्रेंस में शामिल होने के बाद सीधा दिल्ली के लिए रवाना हो जाएंगे।

प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को देखते हुए एसपीजी ने सुरक्षा के लिहाज से पार्टी मुख्यालय का निरीक्षण किया। माना जा रहा है कि, गुरुवार सुबह से ही पार्टी मुख्यालय को पूरी तरह से सील कर दिया जाएगा। सिर्फ पार्टी के पदाधिकारियों को ही अंदर जाने की अनुमति दी जाएगी। बताया जा रहा है कि, मोदी के स्वागत के लिए पार्टी मुख्यालय को दुल्हन की तरह सजाया जा रहा है।

# कूनो में मादा चीता आशा ने तीन शावकों को जन्म दिया

श्योपुर/भोपाल, 03 जनवरी। मध्यप्रदेश के श्योपुर जिले में स्थित कूनो नेशनल पार्क में नामीबिया से लाई गई मादा चीता आशा ने तीन नन्हे शावकों को जन्म दिया है।

कूनो नेशनल पार्क के सूत्रों के अनुसार, नामीबिया से लायी गयी मादा चीता आशा ने तीन शावकों को जन्म दिया है। तीनों चीता शावक स्वस्थ हैं तथा उन्हें एक बड़े बाड़े में रखा गया है, जहां चिकित्सकों द्वारा उनकी निगरानी की जा रही है। मादा चीता आशा 17 सितंबर 2022 को नामीबिया से लायी गयी थी।

- **नामीबिया से लाई गई मादा चीता के तीनों शावक स्वस्थ हैं।**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शावकों के जन्म पर हर्ष व्यक्त करते हुए चीता परियोजना से जुड़े लोगों, वन्य जीव प्रेमियों और नागरिकों को बधाई दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि, एक समय था जब एशिया की धरती से चीता समाप्त हो गया था। आज तीन नन्हें मुन्ने चीता शावकों ने जन्म लिया है यह विश्व की विशेष घटना है।

डॉ. यादव ने कहा कि, कूनो नेशनल पार्क में चीता परियोजना की सफलता इन तीन शावकों के जन्म से स्थापित होती है। इसकी परिकल्पना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पारिस्थितिकी संतुलन के उद्देश्य से की थी। मुख्यमंत्री

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# भाजपा को सत्ता से हटाने के लिए सिर्फ 130 लोकसभा सीटें चाहिए इण्डिया ब्लॉक को

## ईमानदार कोशिश की जाए तो ऐसा हो सकता है, पर क्षेत्रीय दलों की महत्वकांक्षाओं के कारण ऐसा मुश्किल लगता है

- **तृणमूल नेता ममता बनर्जी ने साफ कह दिया है कि, वे सिर्फ बंगाल के बाहर ही अन्य दलों से गठबंधन करेंगी।**
- **उत्तर प्रदेश में अखिलेश यादव अपने प्रभुत्व में कमी आने देना नहीं चाहते हैं, वे बसपा को इंडिया गठबंधन में नहीं आने देंगे और कांग्रेस को भी नाम मात्र की सीटें देना चाहते हैं।**
- **आम आदमी पार्टी पंजाब और दिल्ली में इंडिया गठबंधन का खेल बिगाड़ने पर आमादा है।**

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 3 जनवरी। इण्डिया ब्लॉक का गणित दर्शाता है कि, आगामी लोकसभा चुनावों में नरेन्द्र मोदी को सत्ता से हटाने के लिए वो आसानी से 130 सीटें जीत सकता है, बशर्ते कि, सहयोगी दल ईमानदारी से एकसाथ मिलकर काम करें।

28 सहयोगी दलों में से 12 दलों का एक भी सांसद नहीं है। इण्डिया के 142 सांसद लोकसभा में और 98 सांसद राज्यसभा में हैं। इनके 1637 एम.एल.ए., 120 एम.एल.सी. और 10 राज्यों में सरकार है।

लालू प्रसाद और तेजस्वी यादव के राष्ट्रीय जनता दल का अभी कोई सांसद नहीं है, लेकिन बिहार से वो 40 में से 15 लोकसभा सीटें जीतने का दमखम रखते हैं। नीतीश कुमार का जनता दल (यू) भी बिहार से 20 सीटें जीतने के लिए आशावान है।

उत्तर प्रदेश में अखिलेश यादव की समाजवादी पार्टी के अभी 3 सांसद हैं और आगामी लोकसभा चुनावों में वो 15 सीटें जीतने का दावा कर रहे हैं। महाराष्ट्र में शरद पवार की नैशलिस्ट कांग्रेस पार्टी के फिलहाल 3 सांसद हैं, लेकिन अब वो 48 में से 10 से ज्यादा सीटें जीतने की संभावना बता रहे हैं। शिव सेना (ठाकरे ग्रुप) अपने सांसदों की संख्या 3 से बढ़ाकर 15 करने पर मेहनत कर रही है।

तमिलनाडु में एम.के. स्टालिन की सत्तारूढ़ द्रमुक अपने सांसदों की संख्या 24 से 30 करने की कोशिश कर रही है। पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस, सांसदों की संख्या 23 से 30 करने की स्थिति में है। वाम दल, जम्मू-कश्मरी की नैशनल कॉन्फ्रेंस, केरल कांग्रेस (मणि) और मुस्लिम लीग अपने सांसदों की संख्या बरकरार रख सकते हैं। वहीं आप पार्टी अपने सांसदों की संख्या 6 तक बढ़ा सकती है।

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की पार्टी झारखंड मुक्ति मोर्चा निश्चित तौर पर 1 से ज्यादा लोकसभा सीट जीतेगी। कांग्रेस के वर्तमान में 47 सांसद हैं, जिनको वो आसानी से 95 या फिर 110 तक करने के लिये आशावान हैं, बशर्ते संयुक्त विपक्ष सर्व सम्मति से भाजपा के खिलाफ एक ही उम्मीदवार खड़ा करता है तो।

घटक दलों में कई समस्याएं हैं, जैसे कि ममता बनर्जी प.बंगाल के बाहर

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# अजीबो गरीब मोड़ लेता जा रहा है पहलवानों व बृज भूषण का विवाद

- **पहलवान साक्षी मलिक ने आरोप लगाया कि, बृज भूषण शरण सिंह के गुंडे उनकी मां को धमका रहे हैं।**
- **साक्षी मलिक ने कहा, वे जानती थीं कि, बृज भूषण शरण सिंह ताकतवर हैं, पर यह अंदाजा नहीं था कि, वे घर बैठे-बैठे, नियमों का पालन किए बिना राष्ट्रीय कुश्ती प्रतिस्पर्धा की घोषणा कर देंगे।**
- **इधर यू.पी. हरियाणा एवं दिल्ली के पहलवानों ने जंतर-मंतर पर धरना दिया, उनका आरोप था कि, साक्षी मलिक, विनेश फोगाट और बजरंग पूनिया जैसे सीनियर पहलवान उनका भविष्य बरबाद कर रहे हैं।**

**-श्रीनंद झा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 3 जनवरी। ब्रज भूषण शरण सिंह के केस में अजीबोगरीब मोड़ आ रहे हैं। पहलवान साक्षी मलिक, जिसने भारतीय कुश्ती महासंघ के प्रमुख, ब्रज भूषण पर यौन उत्पीड़न के आरोप लगाये थे, ने अब आरोप लगाया है कि ब्रज भूषण के गुण्डे उनकी मां को धमका रहे हैं।

इसी बीच उत्तर प्रदेश, हरियाणा और दिल्ली के जूनियर पहलवानों ने बुधवार को जन्तर-मन्तर पर एक जवाबी विरोध प्रदर्शन किया और सीनियर पहलवानों, बजरंग पूनिया, साक्षी मलिक एवं विनेश फोगाट पर उनका करियर बरबाद करने का आरोप लगाया है। भारतीय कुश्ती महासंघ के नवनिर्वाचित और अब निलंबित, अध्यक्ष संजय सिंह ने खेल मंत्रालय को एक पत्र लिखा है। इसमें संजय सिंह ने लिखा है कि वे राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन करने के लिये जरुरी कदम उठाएंगे, क्योंकि समय बहुत कम है।

संजय सिंह, जो कि ब्रज भूषण के करीबी माने जाते हैं, के भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष पद पर निर्वाचित होने के बाद साक्षी मलिक ने कुश्ती से सन्यास लेने की घोषणा कर दी थी और बजरंग पूनिया ने अपना पद्मश्री, विनेश फोगाट ने अपना खेल रत्न और अर्जुन अवार्ड सड़क पर छोड़ दिये थे।

साक्षी मलिक ने एक प्रेस वार्ता में ब्रज भूषण के गुण्डों पर उनकी मां को धमकी भरे फोन करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, मेरे परिवार की सुरक्षा सरकार की जिम्मेदारी है, मुझे इस बात का अन्दाजा था कि ब्रज भूषण बहुत प्रभावशाली हैं किन्तु इतना नहीं कि वो घर बैठे-बैठे, किसी प्रक्रिया का पालन किए बिना ही राष्ट्रीय कुश्ती प्रतिस्पर्धा की तारीखे। घोषित कर देंगे। खेल मंत्रालय ने संजय सिंह और उनकी नवर्निवाचित टीम को निलंबित कर दिया है और भारतीय कुश्ती महासंघ का प्रबंधन भारतीय ओलम्पिक संघ को दे दिया है। साक्षी मलिक और उनके साथी पहलवान, संजय सिंह और उनकी टीम के निर्वाचन के विरुद्ध आवाज उठा रहे थे। साक्षी मलिक ने स्पष्ट रुप से कहा कि वो ब्रज भूषण और उनके सहयोगियों के खिलाफ हैं, न कि जूनियर पहलवानों के।

# इंडिया गठबंधन की बैठक टली

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 3 जनवरी। इंडिया गठबंधन की 2024 में होने वाले लोकसभा चुनावों की जीत के लिए रणनीति बनाने पर चर्चा करने तथा चुनावों में पार्टियों के लिए सीटों के बंटवारे पर विचार-विमर्श हेतु बुधवार को दिल्ली में बैठक होने वाली थी, जिसे स्थगित कर दिया गया है क्योंकि क्षेत्रीय पार्टियों के शीर्ष नेतागण, जैसे पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार

- **गठबंधन के क्षेत्रीय नेताओं, ममता बनर्जी, अखिलेश यादव, नीतीश कुमार और एम.के. स्टालिन के नहीं आने के कारण बैठक स्थगित कर दी गई। बैठक में सीटों के बंटवारे पर चर्चा होनी थी।**

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# कर्नाटक में एक वरिष्ठ कांग्रेसी नेता ने "गोधरा" जैसे हादसे की चेतावनी दी

## विधान परिषद के सदस्य बी.के. हरिप्रसाद ने अयोध्या जाने वाले यात्रियों की सुरक्षा बढ़ाने की मांग की

- **बी.के. हरिप्रसाद ने हालांकि कहा कि, यह उनका निजी बयान है, कांग्रेस पार्टी से इसका कोई लेना-देना नहीं है।**
- **इधर भाजपा ने हरिप्रसाद के बयान पर कड़ी आपत्ति जताई और कहा कि, उनका बयान शांति भंग करने वाला है। इस पर कार्यवाही होनी चाहिए।**

**-लक्ष्मण वैंकट कुची-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 3 जनवरी। लोकसभा चुनाव में अब कुछ ही महीने बचे हैं और कर्नाटक में धार्मिक, सामाजिक मुद्दे उठाए जा रहे है तथा कांग्रेस और भाजपा नेता एक दूसरे के खिलाफ बयानबाजी कर रहे हैं।

कर्नाटक सरकार द्वारा बाबरी विध्वंस के बाद हुए दंगों से संबंधित 31 साल पुराना केस उठाने के कारण भाजपा कर्नाटक सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के मूड में है, वही वरिष्ठ कांग्रेस नेता बी.के. हरिप्रसाद ने कर्नाटक में गोधरा जैसी घटना होने की भविष्यवाणी पर विवाद खड़ा कर दिया है। हरिप्रसाद जो एम.एल.सी. (विधान परिषद के सदस्य) भी हैं, ने राज्य सरकार से निकट भविष्य में अयोध्या जाने वाले यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है।

उन्होंने पत्रकारों से कहा कि उनके पास अलग-अलग राज्यों से सूचना आई है कि गोधरा जैसी घटना हो सकती है उन्होंने सरकार से सुरक्षा व निगरानी बरतने को कहा है।

उन्होंने कहा कि कर्नाटक राज्य में भारी निगरानी रखी जानी चाहिए क्योंकि यहा भी गुजरात की तरह गोधरा जैसी घटना को अंजाम दिया जा सकता है। सुरक्षा बढ़ाई जानी चाहिए। हम यहां पर गोधरा जैसी घटना नहीं होने दे सकते हैं। यह मेरा बयान है और इसका कांग्रेस पार्टी से कोई लेना-देना नहीं है।

भाजपा ने बी.के. हरिप्रसाद के बयान पर कड़ी आपत्ति जताई और उन्हें गिरफ्तार करने की मांग की है। भाजपा का कहना है कि उनकी टिप्पणी खतरनाक है और इससे शांति तथा व्यवस्था भंग हो सकती है। उन्हें तुरंत गिरफ्तार करने की मांग करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री तथा पूर्व केन्द्रीय मंत्री सदानंद गौड़ा ने कहा कि "हरिप्रसाद के खिलाफ शिकायत दर्ज की जानी चाहिए। मैं पुलिस कमिश्नर से आग्रह करता हूं कि उनके खिलाफ कार्यवाही की जाए।" बुधवार को राज्य में 1999 के बाबरी विध्वंस के बाद हुए दंगों से संबंधित एक केस में दक्षिणपंथी नेता की गिरफ्तारी के खिलाफ भाजपा के राज्यव्यापी विरोध प्रदर्शन में सदानंद गौड़ा भी शामिल थे।

मैसूर में विरोध प्रदर्शन में शामिल भाजपा विधायक टी.एस. श्रीवत्स ने कहा कि "अब हमें कोई छू के तो दिखाए, यह कांग्रेस सरकार बनाम केन्द्र सरकार का युद्ध बन जाएगा। वर्तमान केन्द्रीय सरकार ने धारा 370 हटा दी और कश्मीर में एक पत्थर तक नहीं फेंका गया। हरिप्रसाद यह बयानबाजी मंत्री पद पाने के लिए कर रहे हैं।"

श्रीवत्स ने कहा कि "हरिप्रसाद को तुरंत गिरफ्तार किया जाना चाहिए। हरिप्रसाद के नाम में राम हैं। हरि का मतलब राम है। कुछ तो समझदारी से बात करें। उनकी सरकार ने मुसलमानों के लिए दस हजार करोड़ रूकी योजनाएं घोषित की है वे उस पर तो कोई सवाल कर नहीं सकते।"

पूर्व मंत्री के.एस. ईश्वरप्पा ने तीखी प्रतिक्रिया दी और कहा कि यदि किसी ने उनको भगवान राम की पूजा

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# केजरीवाल ने फिर ई.डी. का सम्मन ठुकराया

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 3 जनवरी। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल को दिल्ली के तथाकथित शराब घोटाला कांड के केस में पूछताछ के लिए प्रवर्तन निदेशालय ने उन्हें पत्र भेजकर कार्यालय में बुलाया था, आम आदमी पार्टी सूत्रों के हवाले से खबर है कि इस बार भी निदेशालय नहीं जाएंगे और नहीं गए।

गत वर्ष 22 दिसम्बर को ई.डी. ने दिल्ली सरकार की आबकारी नीति के मामले में पूछताछ करने के लिए मुख्यमंत्री केजरीवाल को तीसरी बार बुलावा पत्र भेजा था और उन्हें 3 जनवरी बुधवार को ई.डी. के कार्यालय में उपस्थित होने का निर्देश दिया था।

- **दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल ने कहा कि, ई.डी. का सम्मन अवैध है तथा यह उन्हें लोकसभा चुनावों में प्रचार करने से रोकने की साजिश है।**

पार्टी सूत्रों के अनुसार, केजरीवाल ने ई.डी. को भेजे जवाब में जांच में सहयोग करने की इच्छा व्यक्त की थी परन्तु उन्होंने बुधवार को एजेंसी के समक्ष उपस्थित होने के यह कहते हुए मना कर दिया कि "यह नोटिस अवैध" हैं।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# ममता बनर्जी और अभिषेक बनर्जी के दो गुटों में बंट गई है तृणमूल कांग्रेस

## सूत्रों का कहना है कि, लोकसभा चुनाव के लिए ममता बनर्जी और अभिषेक ने प्रत्याशियों की दो पृथक लिस्ट तक बना ली हैं

- **पार्टी की अन्तर्कलह चरम पर पहुंच गई है, यहां तक कि, पार्टी नेता एक दूसरे पर खुलेआम गंभीर आरोप लगा रहे हैं।**
- **बालगढ़ के तृणमूल विधायक मनोरंजन व्यापारी ने अपनी पार्टी के कार्यकर्ता पर हत्या की धमकी देने का आरोप लगाया और कहा कि, वह कार्यकर्ता अवैध रेत खनन और सट्टा केन्द्र चलाता है।**
- **अभिषेक बनर्जी बुजुर्ग नेताओं को घर बैठने की सलाह दे रहे हैं तथा युवा नेताओं को टिकट देने की बात कर रहे हैं।**
- **ममता बनर्जी का कहना है कि, बुजुर्ग नेता अनुभवी हैं उसका फायदा उठाना चाहिए तथा वे बुजुर्ग नेताओं को टिकट अवश्य देंगी।**

**-अंजन रॉय-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 3 जनवरी। पश्चिम बंगाल में सत्तारुढ़ तृणमूल कांग्रेस में अन्तर्कलह इस हद तक पहुँच गई है कि, पार्टी के एक विधायक ने सार्वजनिक रुप से शिकायत की है कि पार्टी के दूसरे गुट से उसे जान से मारने की धमकियाँ मिल रही हैं।

बालागढ़ विधानसभा सीट से विधायक, मनोरंजन, व्यापारी ने सार्वजनिक रुप से शिकायत की है कि, तृणमूल कार्यकर्ता उन्हें धमकी दे रहे हैं। पार्टी का एक जिला स्तरीय कार्यकर्ता विधायक मनोरंजन व्यापारी को धमकी दे रहा है।

व्यापारी ने शिकायत की है कि, जिला स्तर के तृणमूल सदस्य अवैध रेत खनन कर रहे हैं तथा "सट्टा" चला रहे हैं। उसकी पत्नी रुना खातून फूलन देवी की तरह व्यवहार कर रही हैं और निर्वाचन क्षेत्र में लोगों को आंतकित कर रही हैं। ये लोग अपनी अवैध गतिविधियों का खुलासा होने के कारण बालागढ़ विधायक के खिलाफ हैं।

विधायक ने अब शिकायत की है कि, पार्टी कार्यकर्ता कहीं उनकी हत्या ना कर दें। यह बात एक या दो विधायकों तक सीमित नहीं है।

हर कोई दूसरे के खिलाफ शिकायत कर रहा है। पार्टी के एक वरिष्ठ सदस्य को तलवे चाटने वाला कहा गया है, दूसरा सदस्य भारी भ्रष्टाचार की बात कह रहा है, कई अन्य लोग विरोधी घटकों की तरफ से संभावित जानलेवा हमलों की बात कह रहे हैं।

तथापि, इसकी जड़ में जो मुद्दा है, वो है, पार्टी सुप्रीमो ममता बनर्जी और पार्टी के जनरल सैक्रेटरी व ममता के भतीजे अभिषेक बनर्जी के बीच कथित मतभेद।

इस साल होने वाले आम चुनावों से पहले पार्टी के अंदर गहरे मतभेद नज़र आ रहे हैं। कुछ

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'भाजपा ने रची तृणमूल कांग्रेस में विभाजन की साजिश'

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 3 जनवरी। प.बंगाल कांग्रेस के अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी ने तृणमूल कांग्रेस में दो फाड़ होने का आश्चर्यजनक दावा किया है। चौधरी ने कहा कि प.बंगाल में तृणमूल कांग्रेस में आंतरिक मतभेद हैं। भाजपा कार्यालय में तृणमूल के विभाजन की स्क्रिप्ट लिखी जा रही है,

- **प. बंगाल कांग्रेस के अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी ने "शॉकिंग" दावा किया व कहा कि, जब ई.डी. ने अभिषेक बनर्जी से 9 घंटे पूछताछ की थी तब भाजपा ने उन पर विभाजन के लिए दबाव डाला था। तृणमूल में अभी पीढ़ी संबंधी जो विवाद चल रहा है , यह उसी की देन है।**

बिल्कुल वैसा ही विभाजन करवाया जाएगा जैसा महाराष्ट्र में शिव सेना व नैशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी में करवाया गया था। उन्होंने दावा किया कि भाजपा ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी को 2024 के आम चुनावों के बाद मुख्यमंत्री पद के प्रत्याशी के रूप में पेश करेगी।

अधीर ने कहा कि भाजपा बंगाल में भी महाराष्ट्र जैसा

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

''जीवन के अच्छे दिनों में कभी भी उन लोगों को ना भूले जो जीवन के बुरे दिनों में आपके साथ थे।'' - अरविन्द कटोच

# राज्य के कर्मचारियों की नई सरकार से अपेक्षाएं

**ओल्ड पेंशन स्कीम :-** राज्य कर्मचारी राजव्यवस्था के महत्वपूर्ण अंग है।कैबिनेट को जनोपयोगी नीतियां तैयार करने में वांछित इनपुट्स देने से लेकर उनके सफल क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है।इसलिए सरकारी कर्मचारियों का उचित ख्याल रखना हर सरकार के लिए जरूरी है। राज्य सरकार के अमले की पहली अपेक्षा है कि ओल्ड पेंशन स्कीम के सम्बंध में स्थिति स्पष्ट की जाए। यह यथावत रहेगी या कोई बदलाव इसमें किया जाएगा।केंद्र सरकार नें 2004 से लागू नई पेंशन स्कीम के पुनरावलोकन के लिए एक कमेटी का गठन किया हुआ है जिसकी रिपॉर्ट अपेक्षित है। यदि पुरानी पेंशन स्किम में सरकार किसी भी स्टेज पर कोई भी परिवर्तन करने पर विचार करे तो कर्मचारियों को परिवर्तनों से अवगत कराया जाए और उनके सुझाव,आपत्तियां आमंत्रित कर उनका न्यायोचित निस्तारण कर ही आगे बढ़ा जाए। इस क्रम में एक सुझाव है कि यदि सरकार में परिवर्तन करने का मानस बनाए तो पुरानी व नई पेंशन स्कीम्स के बीच का कोई रास्ता निकाला जा सकता है जैसे कि वर्तमान में जो पेंशन मिलती उसका कुछ भाग,जैसे 50, 40 उन्हें पुराने नियम के अनुसार मिले और शेष भाग के लिए कर्मचारी व सरकार के अंशदान को यथावत रखा जा सकता है।कर्मचारी को यह ऑप्शन दिया जाए कि वह किस फंड में अपना पैसा निवेश करना चाहता है।अभी कई लोग यह शंका जाहिर करते है कि पेंशन फंड का निवेश उचित रिटर्न देने वाले फंड्स में नहीं होने से रिटर्न कम है अर्थात फंड का निवेश अपारदर्शी न होकर, कर्मचारियों की राय को भी पूरा महत्व मिले।

**नीतिगत ट्रांसफरों से सरकार के प्रति भी कोई दोष-रोष-आक्रोश जनमानस में नहीं बनता। किसी भी स्थानांतरण नीति में यथासम्भव पति-पत्नी की एक जगह या नजदीकी स्थानों पर रखना चाहिए।गम्भीर बीमारियों के मामलों को जिला स्तर पर मेडीकल बोर्ड की राय को आधार बनाया जा सकता है।किसी एक स्थान पर बहुत लंबे समय से पदस्थापन को आधार बनाया जा सकता है।**

**कर्मचारी स्थानांन्त्रण नीति :-** कांग्रेस व भाजपा दोनों पार्टियां चुनाव से पूर्व किसी न किसी कर्मचारी स्थानांतरण नीति बनाने की घोषणा करती आई है किन्तु अभी तक न कोई ऐसी सफल नीति बनाई जा सकी और न सफलतापूर्वक क्रियान्वित की जा सकी है। स्थानांतरण नीति के नाम पर एक स्थान से दूसरे स्थान पर दो साल से पहले ट्रांसफर न करने की बात करीब करीब हर सरकार कहती आई है किंतु विशेष कारण व परिस्थियां,राज्य हित आदि ऐसे शब्द है जिनका नीतियों की धज्जियां उड़ाने के लिए जमकर दुरुपयोग किया जाता है।जिनके पास किसी भी प्रकार की मोटी सिफारस, पहुंच हो उनके लिए कोई नीति नहीं। स्थानांतरण नीति के नाम पर एक ओर काम होता है कि साल में एक बार स्थानांतरण पर बैन की घोषणा होती है किंतु विशेष परिस्थितियों में पत्रावलियां सामान्य प्रशासन विभाग के जरिये में भेजकर स्थान्तरण होते रहते है, बशर्ते आपकी,किसी भी तरीके से, ऊंची सिफारिश हो। कभी कभी इस रेगुलर बैन को कुछ 10,15 दिन के लिए खोल भी दिया जाता है जिसमें कुछ विशेषाधिकार प्राप्त व्यक्तियों को खुश रखने के लिए उन की सिफारिशों के अनुसार ट्रांसफर किये जाते है। अध्यापकों के ट्रांसफर के लिए एक रूटीन कवायद की तरह से हर शिक्षा मंत्री बड़े जोर सर ऐसी नीति बनाने की घोषणा करता है।विशेषज्ञों को लगाकर कई ड्राफ्ट बनाए जाते है पर इसके आगे कुछ नहीं निकलता। अध्यापकों की मुख्य समस्या है कि प्रतियोगिता परीक्षा में उनका जो स्थान होता है और रिजर्वेशन के आधार पर जो जिला मिलता है वहां पदस्थापना हो जाता है। अधिकांशत: यह जिले उनके गृह जिलों से दूर होते है जहां पर्याप्त संख्या में भर्ती परीक्षाओं के माध्यम से पर्याप्त संख्या में अध्यापक नहीं मिलते। इनकी स्वभाविक इच्छया होती है कि उनका घर के नजदीक स्थान्तरण हो। इसको पारदर्शी बनाया जा सकता है बशर्ते सरकार की इच्छया शक्ति हो। मुझे स्मरण पड़ता है कि पूर्व में कुछ शिक्षामंत्रीयों नें ऐसा सुप्रयास किया। रिक्त स्थानों को विभाग की वेबसाइट पर डाल कर ट्रांसफर के इच्छुक अध्यापकों से प्रार्थनापत्र आमंत्रित किए गए और यथासम्भव उनकी चॉइस के 2,3 जगहों में से एक पर उन्हें पदस्थापित किया।किन्तु इसमें भी शिक्षकों की शिकायत सुनी गई कि शहरों के नजदीक के कुछ स्कूल्स के खाली पदों से सम्बंधित पोर्टल में नही दर्शाए गए। एक अन्य शिक्षा मंत्री के कार्यकाल में शिक्षक स्थान्तरण काफी हद तक पारदर्शित व भ्रष्टाचार रहित रहे।ओर भी ऐसे मंत्री रहे होंगे। पारदर्शी व तर्क आधारित ट्रांसफर नीति से कर्मचारी को पता होता है कि उसे इच्छित स्थान मिल सकता है या नही, अथवा कब तक मिल सकता है।इस से वह अनावश्यक भागदौड़-सिफारिशों के चक्कर में नहीं पड़ेगा। नीतिगत ट्रांसफरों से सरकार के प्रति भी कोई दोष-रोष-आक्रोश जनमानस में नहीं बनता। किसी भी स्थानांतरण नीति में यथासम्भव पति-पत्नी की एक जगह या नजदीकी स्थानों पर रखना चाहिए।गम्भीर बीमारियों के मामलों को जिला स्तर पर मेडीकल बोर्ड की राय को आधार बनाया जा सकता है। किसी एक स्थान पर बहुत लंबे समय से पदस्थापन को आधार बनाया जा सकता है।एक जिले से दूसरे जिले में स्थानांतरण में लम्बी अवधि को आधार बनाया जा सकता है।महिलाओं को वरीयता दी जा सकती है। शिक्षक की परफॉर्मेंस,परीक्षा परिणाम भी एक आधार हो सकता है।ओर भी बातें हो सकती है।कुल मिलाकर पारदर्शी,तर्क आधारित ट्रांसफर नीति सरकार और कर्मचारियों के हित में रहेगी। सरकार की छवि निखरेगी।

**राज्य कर्मचारियों व जनप्रतिनिधियों के बीच दाबधोंस के स्थान पर सौहार्द्रपूर्ण समवन्यकारी सम्बन्ध हों:-** हर चुनाव के बाद 2,4,5 स्थानों से ऐसी खबरें अति हैं कि जनप्रतिनिधियों नें कर्मचारियों को धमकाया या एलानिया धमकियां दी। जनप्रतिनिधियों को समझना चाहिए कि उनकी बात को कोई भी समझदार अधिकारी/कर्मचारी बहुत गम्भीरता से लेता है, उनके द्वारा बताई समस्याओं का समाधान का प्रयास किया जाता है।कुछ इक्के दुक्के अधिकारी,कर्मचार अपवाद भी हो सकते हैं। कुछ मामलों में नीचे के अधकारियों की विवशताएं होती है।अधिकारी उन्हें सरकार या कानून से मिली पावर्स की सीमा में ही काम कर सकते है।कई काम करने के अधिकार या तो उनसे ऊंचे अधिकारियों के पास होते है या सरकार के पास। ऐसे मामले उनसे ऊपर के जिला या राज्य स्तरीयअधिकारियों को बताए जा सकते है अथवा सीधे सरकार के ध्यान में लाए जा सकते है।नीचे उलझने से कोई सकारात्मक बात नहीं होती। जिला लेवल पर कलेक्टर की संस्था सभी विभागों के लिए सामान्य कोर्डिनेटर के रूप में काम करती है।जनप्रतिनिधियों को जिले के किसी दफ्तर में नियमों में होने वाला काम नही होता है तो जिला कलेक्टर को बताना चाहिए। कलेक्टर अपने लेवल पर या राज्य सरकार के ध्यान में लाकर कुछ न कुछ समाधान का प्रयास करते हैं।

**( महावीर सिंह, पूर्व आईएएस )**

# नई सरकार की प्राथमिकताएं : जन अभियोग निराकरण



भागीरथ शर्मा

**प्रशासनिक** सुधार आयोग के प्रतिवेदनों में नई सरकार द्वारा तत्काल लागू करने की दृष्टि से सर्वोपरि महत्वपूर्ण प्रतिवेदन जन अभियोग निराकरण से संबन्धित हैं। वस्तुत: जन समस्याए उस शासन व्यवस्था में अधिक पैदा होती है जहां नीचे के स्तर पर भारी स्वविवेक के अधिकार प्रदत्त है। वैसे सिद्धान्त: तो जनता नौकरशाही की मालिक है पर वास्तविक स्थिति इसके सर्वथा विपरित है जिसके परिणामस्वरूप नागरिक के मूल अधिकारों का पग-पग पर हनन होता देखा गया हैं। राजस्थान भी इसका अपवाद नहीं है।

हमारे यहां शासन द्वारा किये जाने वाले कार्यों का दायरा इतना विस्तृित हो गया है कि लगभग प्रतिदिन की सभी आवश्यकताओं के लिए नागरिक को शासनतन्त्र से सम्पर्क करना ही पडता है। यदि शासन द्वारा हर नागरिक को न्यायोचित एवं समान व्यवहार मिले तो कोई समस्या ही उत्पन्न नही होगी। लेकिन नीचे के स्तर पर भारी स्वविवेक की शक्तियों के कारण ऐसा नही हो पाता है एवं निरिह नागरिक को पग-पग पर निराशा का ही सामना करना पड़ता हैं। वर्तमान में शासन तन्त्र में सुनवाई के तो कई स्तर बन गये हैं पर वे पहुच वाले एवं जानकार लोगों के अलावा सामान्य नागरिक की पहुंच से बाहर है। यह आम धारणा बन गई है कि धन, राजनैतिक प्रभाव या उच्च सामाजिक स्तर के अभाव में कहीं भी सुनवाई नहीं होती हैं और जन सधारण को तो कष्टों में ही जीना है। इसी धारणा को दूर करने के लिए ही एक प्रभावी जन अभियोग निराकरण प्रणाली की आवश्यकता है। लोक शिकायतों के त्वरित निपटान से न केवल सरकार की छवि ही जनमानस पर निखरती है बल्कि सरकारी तंत्र की पारदर्शिता, जनता के प्रति जवाबदेही एवं संवेदनशीलता भी स्पष्टत: परिलक्षित होती है। राज्य में इस प्रयोजन से 1973 में जन अभियोग निराकरण विभाग की स्थापना की गई थी जोकि कालान्तर में आन्तरिक कमजोरियों एवं आवश्यक महत्व के अभाव में अपना अस्तित्व खो चुका हैं। हजारों शिकायतें एवं जांचें वर्षों से लम्बित रहने एवं निपटान नहीं हो पाने के कारण इस प्रणाली से लोगों का विश्वास ही उठ चुका है जिसके परिणामस्वरूप हर वर्ष मुख्यमंत्री जी के स्वयं के स्तर पर ही 40-50 हजार शिकायतें आती है जिनके त्वरित निपटान की भी अभी कोई कारगर व्यवस्था नहीं है।

जिला/उपखण्ड व विभागीय स्तर पर भी अभी कोई समयबद्ध सुव्यस्थित प्रणाली लागू नही हैं। इस हेतु राज्य प्रशासनिक सुधार आयोग ने अन्य राज्य यथा तमिलनाडु, कर्नाटक आदि की व्यवस्थाओं का अध्ययन कर एक कारगर प्रणाली लागू करने के स्पष्ट सुझाव दिये है। उपरोक्त संदर्भ में प्रथमत: लोक शिकायतों की रोकथाम के उपाय आवश्यक है जिससे समस्या उत्पन्न ही नही हो। इसके लिये प्रत्येक विभाग के प्रशासनिक ढांचे की पुर्नसंरचना, पत्रों के निपटान के लिए एक दर्जन से अधिक स्तरों को कम कर तीन स्तर से अधिक नही रखना, हर विभाग के कार्यों का आकलन कर निजी क्षेत्र, स्थानीय स्वशासन संस्थाएं एवं जन समुदाय को स्थानान्तरित करना, शेष कार्य जो सरकार अपने पास रखे उनके लिये समय सीमा सुनिश्चित करने नियमों/ प्रक्रियाओं का सरलीकरण करने, स्वविवेक के अधिकार समाप्त करने एवं प्रत्येक विभाग का नागरिक अधिकारपत्र जारी करने आदि के लिये एक कमेटी बनाकर दो माह में विभागावार स्थिति का आकलन करवाकर सुधार किये जायें। भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने हेतु लोकायुक्त एवं भ्रष्टाचार निरोधक विभाग को अधिक सक्षम बनाकर उनके मामलों में तत्काल कार्यवाही करने व चालान करने हेतु तत्काल अनुमति देने एवं न्यायालयों में लम्बित मामलों के शीघ्र निपटान हेतु आवश्यक कार्यवाही की जाये।

राज्य में एक सुदृढ जन अभियोग निराकरण ढांचे की स्थापना हेतु आवश्यक है कि आयोग के सुझावानुसार एक त्रि-स्तरीय ढांचे की संरचना की जाये। मुख्यमंत्रीजी के कार्यालय में एक पूर्णकालिक सलाहकार/ सचिव के अधीनस्थ एक प्रकोष्ठ की स्थापना के साथ-साथ हर विभागाध्यक्ष एवं जिला कलेक्टर कार्यालयों में भी अलग प्रकोष्ठों की स्थापना कर सभी प्रकोष्ठों को मुख्यमंत्री कार्यालय से कम्प्यूटरीकरण से नेटवर्किंग किया जावे। इस हेतु एक विशेष सॉफटवेयर बनाया जाये जिससे प्रत्येक प्रार्थना पत्र को प्रविष्ट कर रसीदी कार्ड जारी करने, समय पर स्मरण पत्र जारी करने, हर स्तर पर लम्बित प्रार्थना पत्रों की स्थिति मालूम कर विलम्ब पाये जाने पर स्पष्टीकरण प्राप्त करने आदि की सुविधाएं स्वत: ही कम्प्यूटर के माध्यम से प्राप्त हो सके।

पूरे राज्य में सोमवार जन अभियोग निराकण दिवस हो। इस दिन सभी उपखण्ड अधिकारी, जिला कलेक्टर, जिलास्तरीय अधिकारीगण तथा विभागाध्यक्ष अपने कार्यालयों में रहकर सभी आगन्तुक आवेदको से मिलकर यथासंभव उसी दिन शिकायत का निपटारा करें या सामान्यत: 3 दिन में एवं हर स्थिति में 7 दिन में ही शिकायत का निपटरा कर लिखित सूचना आवेदकों को दे। प्रत्येक आवेदन पत्र का विवरण कम्प्यूटर में प्रविष्ट कर तत्काल आवेदक को एक रसीदी कार्ड दिया जाये। मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा भी अनवरत की जाने वाली समीक्षा में किसी भी स्तर पर कोई प्रकरण 7 दिन से अधिक लम्बित पाया जाने पर संबंधित जिला कलेक्टर/ विभागाध्यक्ष को मुख्यमंत्री की ओर से ई-मेल से ''अप्रसन्नता पत्र'' जारी किया जाये। पत्रों के प्राप्ती एवं निपटान प्रणाली को भी आयोग के प्रति वेदनानुसार तत्काल लागू किया जाये।

**भागीरथ शर्मा**
**आई.ए.एस ( से.नि. )**

# पुष्करराज का ''पगड़ी महोत्सव'' आयोजित

## दो हजार मीटर लम्बी पगड़ी पुष्कर सरोवर के 52 घाटों पर होती हुई वराह घाट पर पूरी हुई, सभी यजमानों ने पहले वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पुष्कर सरोवर की पूजा-अर्चना की और संकल्प लिया

**पुष्कर, ( निसं )।** अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन राजस्थान की अजमेर इकाई की और से बुधवार को पुष्करराज का भव्य पगड़ी महोत्सव आयोजित किया गया। यह आयोजन पुष्कर के पंडित रविकांत शर्मा के सानिध्य में हुआ। आयोजन के मुख्य यजमान शिवशंकर शशि हेड़ा, सुमित अम्बिका हेड़ा, कृष्ण गोपी सारड़ा और रमेश अमिता करनानी थे। आयोजक शाखा अध्यक्ष अम्बिका हेड़ा ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि बुधवार को पवित्र सरोवर के पगड़ी महोत्सव में सभी यजमान पहले वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पुष्कर सरोवर की पूजा-अर्चना की और संकल्प लिया।

- **सरोवर पर फलों की भोग झांकी, मनमोहक श्रृंगार व दीपदान के बाद महाआरती हुई**

इसके बाद करीब दो हजार मीटर लम्बी पगड़ी पुष्कर सरोवर के 52 घाटों पर होती हुई वराह घाट पर ही पूरी हुई। यहां पर पगड़ी को वापस समेटने के बाद यजमान सरोवर की पूजा-अर्चना और संकल्प लिया। इसके बाद सरोवर पर फलों की भोग झांकी, मनमोहक श्रृंगार दीपदान के बाद महाआरती हुई।




**अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन राजस्थान की अजमेर इकाई की और से पुष्करराज का पगड़ी महोत्सव आयोजित किया गया।**

कार्यक्रम में अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन की राष्ट्रीय अध्यक्ष नीना बथवाल, सचिव रूपा अग्रवाल, राष्ट्रीय मध्यांचल प्रमुख शारदा महाड़िया, निवर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष शारदा लखोटिया, निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष मंजू भराडिया, प्रदेश अध्यक्ष नमिता खडेलवाल, प्रदेश सचिव डॉ. रानू गुप्ता, प्रदेश कोषाध्यक्ष अनिता गुप्ता, आयोजक शाखा अध्यक्ष अम्बिका हेड़ा, सचिव रागिणी खंडेलवाल, कोषाध्यक्ष सुनीता बड़ाया, शिवशंकर हेडा, सामाजिक कार्यकर्ता अरुण पाराशर सहित आयोजक शाखा के सभी सदस्य और उनके परिवार के लोग मौजूद थे। भवानीमंडी, भीलवाड़ा, कोटा, गीतांजलि जयपुर, किशनगढ़, चितौड़गढ़ सहित संस्था की अन्य शाखाओं और उनके परिवार के सैकड़ों सदस्यों ने भी आयोजन में भाग लिया।

पंडित रविकांत शर्मा ने बताया कि यह अपने आप में एक अनूठा धार्मिक आयोजन था और इस तरह के आयोजन से देश और दुनिया में तीर्थनगरी की आध्यात्मिक छवि का प्रचार प्रसार होता है।

शर्मा ने बताया कि आयोजन को लेकर स्थानीय लोगों में भी उत्साह का माहौल था और पुष्कर की भी बांके बिहारी लाल महिला मंडल की महिलाओं सहित काफी संख्या में लोगों ने हिस्सा लेकर पुण्य के भागीदार बने। इस मौके पर सरोवर किनारे भगवान की भव्य झांकी भी सजाई गई। कार्यक्रम को लेकर महिलाओं में काफी उत्साह का माहौल देखने को मिला। इस दौरान अजमेर न्यास के पूर्व अध्यक्ष शिवशंकर हेडा, पालिका अध्यक्ष शिवस्वरूप महर्षि, सामाजिक कार्यकर्ता अरुण पाराशर, अरुण वैष्णव, महेंद्र खंगारोत, रोहन बाकोलिया, मुकेश कुमावत सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

**गुरुवार 4 जनवरी 2024**

**पौष मास कृष्ण पक्ष, अष्टमी तिथि, विक्रम सम्वत 2080, हस्त नक्षत्र सायं 5.33 तक, अतिगंड योग शुक्रवार प्रात: 6.48 तक, बालव करण प्रात: 8.57 तक, चन्द्रमा आज कन्या राशि में संचार करेगा।**

**ठाह स्थिति - सूर्य-धनु, चन्द्रमा-कन्या, मंगल-धनु, बुध-वृश्चिक, गुरु-मेष, शुक्र-वृश्चिक, शनि-कुम्भ, राहु-मीन-केतु-कन्या राशि में संचार करेगा।**

**आज कालाष्टमी है। आज रवियोग दिन 2.46 तक है। सवार्थ सिद्धि योग दिन 2.46 से सूर्योदय तक है।**

**श्रेष्ठ चौघडिया - शुभ सूर्योदय से 8.38 तक चर 11.14 से 12.31 तक, लाभ-अमृत 12.31 से 3.07 तक, शुभ - 12.25 से सूर्यास्त तक**

**राहुकाल - 1.30 से 3.00 तक**

**सूर्योदय - 7.21 सूर्यास्त 5.42**

**मेष**
परिवार में चल रहे आपसी मतभेद समाप्त होंगे। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। विवादित मामलों से राहत मिलेगी। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी।

**सिंह**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता सुगमता से बनने लगेंगे। नौकरी पैशा व्यक्तियों के लिए दिन अच्छा रहेगा। परिवार में सुख-

**धनु**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक प्रयासों से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है।

**वृष**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता सुगमता से बनने लगेंगे। आर्थिक मामलों में संतुलन बना रहेगा।

**कन्या**
मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मन:स्थिति में सुधार होगा। पारिवारिक कार्यों के कारण भाग-दौड रहेगी। परिवार में खान-पान के कारण स्वास्थ्य खराब हो सकता है।

**मकर**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। परिवार में धार्मिक कार्य संपन्न हो सकते हैं।

**मिथुन**
घर-परिवार में अथितियों का आगमन बना रहेगा। परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे।

**तुला**
व्यावसायिक खर्चों पर नियंत्रण रखें। नौकरी-पैशा व्यक्तियों को भाग-दौड रहेगी। अर्नगल कार्यों में समय खराब हो सकता है। महत्वपूर्ण मामलों में दुविधा बनी रहेगी।

**कुंभ**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। परिवार में धार्मिक कार्य संपन्न हो सकते है।

**कर्क**
मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मन:स्थिति में सुधार होगा। वर्तमान में चल रही परेशानियां दूर होने लगेगी। आवश्यक कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे।

**वृश्चिक**
आर्थिक वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक व आर्थिक कार्य शीघ्रता सुगमता से बनने लगेंगे।

**मीन**
परिवार में आपसी सहयोग समन्वय बना रहेगा। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य संपन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी।

# ''अमृत स्टेशन योजना'' के अंतर्गत भीलवाड़ा स्टेशन पर बढ़ेंगी वाणिज्यिक गतिविधियां

**भीलवाड़ा, ( निसं )।** ''अमृत स्टेशन योजना'' के अंतर्गत देश के 500 से अधिक रेलवे स्टेशनों पर विकास कार्य किए जा रहे इनमें अजमेर मण्डल में अजमेर-चित्तौड़गढ़ खंड पर स्थित भीलवाड़ा स्टेशन भी शामिल है। योजना के अंतर्गत इन स्टेशनों पर वाणिज्यिक गतिविधियों में भी वृद्धि होगी। वाणिज्यिक गतिविधियों के अंतर्गत एक निर्धारित स्थान नए निर्माणाधीन भवन में उपलब्ध कराया जाएगा जहां यात्रियों की सुविधा हेतु बेंक, फूड प्लाज़ा, होटल व रेस्टोरेंट खोले जाएंगे।

- **15.71 करोड़ की लागत से स्टेशन पर स्टेशन रि-डेवलपमेंट के कार्य किये जा रहे हैं**
- **स्टेशन पर यात्री ले सकेंगे होटल, रेस्टोरेंट व फूड प्लाज़ा का आनंद**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक अजमेर सुनील कुमार महला के अनुसार अमृत स्टेशन योजना के अंतर्गत अजमेर मंडल के अजमेर - चित्तौड़गढ़ खंड पर स्थित एनएसजी-3 श्रेणी के भीलवाड़ा स्टेशन को अमृत स्टेशन योजना के अंतर्गत शामिल किया गया है जिसके अंतर्गत 15.71 करोड़ रुपये की लागत से स्टेशन पर स्टेशन रि-डेवलपमेंट के कार्य किये जा रहे हैं। नया स्टेशन भवन सहित अन्य यात्री सुविधाओं के विस्तार हेतु निर्माण कार्य जारी है। अमृत स्टेशन योजना के अंतर्गत भीलवाड़ा स्टेशन पर वाणिज्यिक गतिविधियों मे वृद्धि होगी। भीलवाड़ा स्टेशन पर किए जा रहे विकास कार्यों के अंतर्गत वाणिज्यिक उपयोग हेतु जो स्थान उपलब्ध कराया गया है जिसका उपयोग सरकारी या प्राइवेट ऑफिस, बैंक, फूड प्लाजा, होटल और रेस्टोरेंट हेतु किया जा सकेगा। प्रतिदिन औसतन 10418 यात्रियों और 31 जोड़ी ट्रेनों के संचालन वाले इस स्टेशन पर इस योजना के अंतर्गत यात्रियों को मूलभूत व विशेष सुविधाएं प्राप्त होगी। भीलवाड़ा के उद्योगों में कपास मिल, हथकरघा बुनाई, और होजरी और धातु के बर्तन (विशेष रूप से डिब्बा बंद बर्तन) का निर्माण शामिल है। इसके अलावा भीलवाड़ा भारत का तीसरा सबसे बड़ा एसएसपी उर्वरक निर्माता और विक्रेता है। भीलवाड़ा आभूषण उद्योगों के लिए भी प्रसिद्ध है।




**भीलवाड़ा रेलवे स्टेशन ( फाइल फोटो )।**

उल्लेखनीय है कि भारतीय रेलवे द्वारा अमृत स्टेशन योजना को आरंभ करने का मुख्य उद्देश्य देश के छोटे और महत्वपूर्ण स्टेशनों का आधुनिकीकरण करना है। ताकि स्टेशनों की सुविधा में वृद्धि की जा सके। साथ ही इस योजना के माध्यम से रेलवे स्टेशनों पर सिटी सेंटर और रूफ प्लाजा का निर्माण किया जाएगा। दिव्यांग नागरिकों के लिए स्टेशनों के नवीनीकरण में विशेष सुविधा के अलावा विभिन्न प्रकार की सुविधाएं रेलवे द्वारा उपलब्ध करवाई जाएगी। अमृत स्टेशन योजना के अंतर्गत चयनित स्टेशनों के कार्यों की समीक्षा व निरीक्षण स्वयं मंडल रेल प्रबंधक अजमेर राजीव धनखड़ द्वारा किया जा रहा है। मंडल रेल प्रबंधक ने अमृत स्टेशन योजना के अंतर्गत जारी कार्यों की समीक्षा कर अधीनस्थ अधिकारियों को कार्य और भी तीव्र गति से किए जाने हेतु निर्देश दिए हैं।

# अजमेर हुआ बर्फीला, गलन भरी सर्दी और कोहरे से आमजन परेशान

## जीरो दृश्यता के चलते वाहन चालक हुए परेशान, सुबह कई क्षेत्रों में कोहरा छाया रहा



कोहरे की चादर में लिपटा अजमेर का रेलवे स्टेशन।

**अजमेर, (कासं)।** पहाड़ी क्षेत्रों में हुई बर्फबारी से मौमस में हुए बदलाव के चलते अजमेर शहर में बुधवार को सुबह कई क्षेत्रों में घना कोहरा छाया रहा। सीजन का पहला घना कोहरा देख हर कोई ठंड से कांपने लगा। कोहरे के चलते शून्य विजिबिलिटी के कारण सडकों पर वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। कोहरे के चलते 100 से 150 मीटर के करीब की विजिबिलिटी रही, वाहन चालक लाइट जलाकर वाहन चलाना पड़ा। कोहरे से गलन भरी सर्दी होने के कारण लोगों ने अलाव जलाकर सर्दी से बचाव किया।

- **कोहरे के चलते 100 से 150 मीटर के करीब विजिबिलिटी रही, न्यूनतम पारा 8.1 डिग्री रहा**

मौसम विभाग के अनुसार फिलहाल तीन से चार दिन प्रदेश के ज्यादातर इलाकों में कोहरा रहने वाला है। अगले सप्ताह वेस्टर्न डिस्टरबेंस सक्रिय होने से मौसम में बदलाव होगा। प्रदेश के कई क्षेत्रों में बारिश हो सकती है, जिससे सर्दी का प्रकोप और बढ़ेगा। अजमेर शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में न्यूनतम तापमान न्यूनतम तापमान 8.1 डिग्री सेल्सियस रहा।

अल सुबह से ही से शहर बादलों और घने कोहरे की चादर लिपटा रहा। सुबह और रात के समय तेज सर्दी और ओस के चलते लोगों को गलन का एहसास हुआ, हालांकि लोग अलाव जलाकर सर्दी से बचाव करते देखे गए। दिन भर चाय-पकौड़ी की दुकानों पर लोगों की भीड़ नजर आई। पौष में अजमेर बर्फीला हो गया है। कोहरे और बर्फीली हवाओं ने तड़का लगाया। सुबह 11 बजे बाद सूरज दिखाई देने पर धीरे-धीरे कोहरा छटने लगा, धूप में तीखापन दोपहर बाद ही बढ़ा।

गलन के चलते लोग सड़कों, घरों और दफ्तरों में हीटर, सिगड़ी, लकड़ी के अलाव जलाकर सर्दी से राहत पाते दिखाई दिए। पंचशील, माकड़वाली रोड, वैशाली नगर, शास्त्री नगर, कोटड़ा, फायसागर रोड, हरिभाऊ उपाध्याय नगर, धौलभाटा, श्रीनगर रोड, गुलाबबाड़ी, आदर्शनगर, ब्यावर रोड, नाका मदार, चंदवरदायी नगर, रामगंज, केसरगंज और अन्य इलाकों में जमीन से आसमान तक सिर्फ कोहरा दिखाई दिया।

## हाड़ कंपाने वाली सर्दी से लोगों की दिनचर्या बदली

- **कश्मीर में बर्फबारी से कई जगह पर सर्दी का सितम**
- **मौसम विभाग ने सर्दी लगातार बढ़ने की संभावना जताई**

**चिड़ावा, (निसं)।** चिड़ावा शहर और आसपास के इलाकों में सूखी सर्दी का खासा सितम देखने को मिल रहा है। हाड़ कंपाने वाली सर्दी ने लोगों की दिनचर्या पर भी असर डाला है। लोग घर से बेहद जरूरी होने पर ही निकल रहे हैं। कश्मीर और पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी के बाद चल रही हवाएं शेखावाटी के मैदानी इलाकों में आ रही हैं। इससे तापमान नीचे की ओर जा रहा है। सर्दी से बचने के लिए लोगों को अलाव का सहारा लेना पड़ रहा है।

मौसम विभाग के अनुसार क्षेत्र में आज का न्यूनतम तापमान 5.6 डिग्री रहा और अधिकतम तापमान 12.2 डिग्री रहा। न्यूनतम तापमान .1 डिग्री नीचे गिरा है तो वहीं अधिकतम तापमान भी तेजी से नीचे की ओर जा रहा है। अधिकतम तापमान कल जहां 15.6 था तो आज ये नीचे उतरकर 12.2 डिग्री पर जा पहुंचा है। सर्दी लगातार बढ़ने की संभावना मौसम विभाग ने जताई है। इधर बदले हुए मौसम का फायदा भी है। इस मौसम में औंस की बूंदों से फसलों को काफी फायदा मिलेगा।

कृषि विशेषज्ञ कृष्ण कुमार रतेरवाल के अनुसार इस मौसम में औंस के जरिए फसलों को अमृत मिला है। फसलों की ग्रोथ में ये बहुत बड़ी भूमिका निभाएगा। किसानों के मायूस चेहरों पर मौसम के बदलाव ने फिर मुस्कान ला दी है। हालांकि मावठ होने से फसलों को अधिक फायदा होगा। लेकिन अगर पाला पड़ा तो फिर फसलों का नुकसान हो सकता है।

# कार और ट्रेलर की टक्कर में मां-बेटे की मौत

- **परिवार का मुखिया गंभीर रूप से घायल हो गया**

**डीडवाना, (निसं)।** डीडवाना के नजदीकी इंद्रपुरा गांव में देर श्याम को भीषण सड़क हादसा हो गया। जिसमें मां और बेटे की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। जबकि परिवार का मुखिया गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई और लोगों ने दोनों मृतकों को गाड़ी से निकाल कर डीडवाना के राजकीय बांगड़ अस्पताल पहुंचाया, वहीं घायल का उपचार शुरू कर दिया गया। वहीं दोनों मृतकों के शव मोर्चरी में रखवाए गए हैं।

जानकारी के अनुसार चूरू निवासी शरीफ खत्री अपनी पत्नी शमीना और बेटे फरहान के साथ अपनी कार से मुंबई जा रहे थे। इसी दौरान डीडवाना के नजदीक इंद्रपुरा गांव के पास एक ट्रक ने उनकी गाड़ी को चपेट में लेकर टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और गाड़ी का ड्राइवर फरहान गाड़ी में ही फंस गया। हादसे के तुरंत बाद लोगों ने मृतकों के शव को बाहर निकाला और एंबुलेंस की सहायता से डीडवाना के बांगड़ अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने 45 वर्षीय समीना और उनके बेटे 27 वर्षीय फरहान को मृत घोषित कर दिया। जबकि समीना के पति 55 वर्षीय शरीफ का उपचार किया जा रहा है। फिलहाल दोनों मृतकों के शवों को अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया गया है।

# कैम्पर की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

## दो साल पूर्व हुई थी युवक की सगाई



पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा।

- **युवक साखू में ईंट-भट्टे पर मजदूरी करता था**

**चिड़ावा, (निसं)।** शहर के निकट अरड़ावता में सड़क हादसे में बाइक सवार के युवक की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार देर रात्रि को किठाना निवासी विक्रम पुत्र सुरेश नायक बाइक पर अपने गांव किठाना जा रहा था। इसी दौरान अरड़ावता में सामने से तेज गति से आ रहे कैंपर गाड़ी आई और टक्कर मार दी। जिससे घायल युवक गंभीर घायल हो गया।

घायल युवक को चिड़ावा अस्पताल लाया गया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर युवक का पिता और अन्य परिजन अस्पताल पहुंचे। बुधवार सुबह युवक विक्रम के पिता सुरेश ने पुलिस थाने में वाहन चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाकर टक्कर मारने से मौत का मामला दर्ज करवाकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया। पोस्टमार्टम के बाद अब शव परिजनों को सौंप दिया गया है। युवक साखू में ईंट-भट्टे पर मजदूरी किया करता था। उसके चार भाई और दो बहनों में विक्रम सबसे बड़ा था और घर की आर्थिक स्थिति कमजोर है। विक्रम की दो साल पहले हरियाणा के ढिगावा में सगाई भी हो गई थी।

**सुजानगढ़ में वृद्ध का शव मिला :-** निकटवर्ती ग्राम सारोठिया में एक वृद्ध का शव मिलने से सनसनी फैल गयी। मृतक की पहचान गांव के दीप सिंह पुत्र चुन सिंह (70) के रूप में हुई। रोही में शव होने की सूचना पर स्थानीय लोगों ने टीम हारे का सहारा को सूचना दी। जिस सूचना पर श्याम स्वर्णकार एम्बुलेंस लेकर के मौके पर पहुंचे व शव को राजकीय बगडिया उप जिला अस्पताल पहुंचाया। मृतक के परिवारजनों ने बताया कि उनके घर का ऊंट पिछले दो दिनों से नहीं मिल रहा था। जिसे खोजने के लिए मृतक निकला था। संभवतया रोही में ऊंट मालिक को ऊंट खाने से उसकी मौत हो गयी। मृतक के शव का गुरूवार को पोस्टमार्टम होगा। फिलहाल मामले को लेकर किसी प्रकार की रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई है।

# गोगामेड़ी हत्याकांड के मामले में एनआईए ने राजस्थान और हरियाणा में छापेमारी की

**जयपुर।** सुखदेव सिंह गोगामेड़ी हत्याकांड की जांच कर रही नेशनल इंवेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) की टीमों ने शूटर रोहित राठौड़ और नितिन फौजी से मिले इनपुट के बाद बुधवार सुबह राजस्थान और हरियाणा में 31 जगहों पर छापेमारी की। तलाशी के दौरान एनआईए की टीमों ने बड़ी संख्या में पिस्तौल, गोला-बारूद, मोबाइल फोन, सिम कार्ड और डीवीआर सहित डिजिटल उपकरणों के साथ-साथ वित्तीय लेनदेन से संबंधित आपत्तिजनक दस्तावेज जब्त किए।

जानकारी के अनुसार एनआईए की टीम ने सुखदेव सिंह गोगमेड़ी हत्याकांड मामले में महेंद्रगढ़ के दौंगड़ा जाट, गुढ़ा, पाथेड़ा और खुडाना गांव सहित रेवाड़ी के गांव भाडोर में भी छापेमारी की है। इस दौरान आस-पास के क्षेत्र में सुरक्षा के कडे इंतजाम नज़र आए। राजस्थान में पन्द्रह से ज्यादा ठिकानों पर एनआईए की टीम ने छापेमारी की है। जहां जयपुर के खातीपुरा स्थित सुंदर नगर में शूटर रोहित राठौड़ के घर भी एनआईए की एक टीम पहुंची और सर्च की कार्रवाई को अंजाम दिया। एनआईए की टीम ने रोहित की मां और बहन से भी पूछताछ की है। जयपुर के साथ टोंक में भी एनआईए की टीम पहुंची। यहां एक और आरोपी पूजा सैनी के परिजनों से पूछताछ की गई। इसके अलावा झुंझुनूं में एनआईए की टीम पहुंची।

जानकारी के अनुसार एनआईए, डीएसटी, चेन्नई और दिल्ली पुलिस की टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए अवैध हथियारों की सप्लाई में लिप्त लॉरेंस बिश्नोई गैंग के एक गुर्गे को पिलानी से गिरफ्तार किया है। छापेमारी के दौरान एनआईए ने एक संदिग्ध अशोक कुमार मेघवाल निवासी झेरली गांव (झुंझुनूं) को उसके घर से गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से 8 हथियार जब्त किए गए हैं। आरोपी ने हथियार अपने घर पर ही भैंसों के बाडे में चारे के अंदर छुपा कर रखे थे। अशोक का पुराना पुलिस रिकॉर्ड भी सामने आया है। चोरी, नकबजनी, बंधक बना कर लूटपाट करने जैसे 30 से अधिक मामले उसके खिलाफ पहले से दर्ज हैं।

आरोपी से पूछताछ में मामले में उनकी संदिग्ध भूमिका मिली। गैंगस्टर रोहित गोदारा के साथ उनके संबंध का भी पता चला, जिसने कथित तौर पर दो शूटरों को श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के अध्यक्ष गोगामेड़ी की हत्या के लिए प्रेरित किया था। इस गिरफ्तारी को मिलाकर मामले में अब तक कुल 9 आरोपी गिरफ्तार हो चुके हैं।

सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की हत्या के मामले में बुधवार सुबह एनआईए की टीम मकराना पहुंची। टीम ने मकराना पुलिस के साथ जूसरी गांव जाकर शूटर रोहित राठौड़ के घर की तलाशी ली और घर को सील कर दिया। रोहित और उसका परिवार पिछले 30 सालों से जयपुर में ही रह रहा था। हाल ही में रोहित के मकान पर बुलडोजर चलाया गया था।

रोहित का पैतृक गांव जूसरी होने के कारण वह और उसके परिवार के लोग गांव में परिचितों के होने वाले शादी व अन्य कार्यक्रमों में शामिल होते रहे हैं, लेकिन उसका पैतृक मकान सालों से बंद पड़ा है। मकान में घास उगी हुई है। एनआईए टीम ने मकान की तलाशी ली और आसपास के लोगों से भी पूछताछ की। बाद में टीम ने घर पर ताला लगाकर उसे सील कर दिया। पूरी कार्रवाई के दौरान मकराना थानाधिकारी राजेन्द्र सिंह कमांडो और पुलिस बल भी मौजूद रहा। इसके बाद एनआईए की टीम वापस जयपुर के लिए निकल गई।

# मुख्यमंत्री शर्मा आज पाली व राजसमंद दौरे पर

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा गुरुवार को पाली और राजसमंद दौरे पर रहेंगे। मुख्यमंत्री शर्मा सुबह 11 बजे जयपुर से प्रस्थान करेंगे, दोपहर 12:15 बजे गागुड़ा तहसील सोजत पाली में विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर का अवलोकन करेंगे।

वहीं दोपहर 1:15 बजे गागुड़ा से रवाना होकर 1:45 बजे गढ़बोर, चारभुजा नाथ जी के दर्शन करेंगे। वही दोपहर 2:15 बजे गढ़बोर से प्रस्थान, दोपहर 2:30 बजे रिछेड़ उपखंड कुंभलगढ़ राजसमंद विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर का अवलोकन करेंगे। वही शर्मा दोपहर 3:30 बजे रिछेड़ से गढबोर के लिये प्रस्थान करेंगे। दोपहर 3:45 बजे गढ़बोर हेलीपैड से जयपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

# उदयपुर में दो होटल ग्रुप पर आयकर का छापा

- **कारोबारियों के विभिन्न ठीकानों पर चल रही है कार्रवाई**
- **टीमों ने इन होटल ग्रुप के कार्यालयों से आवश्यक दस्तावेज जुटाए**

**उदयपुर, (निसं)।** आयकर विभाग द्वारा बुधवार को उदयपुर में बड़ी छापेमार कार्रवाई की गई है जो रात तक जारी है। यहां दो बडे होटल समूहों और वेडिंग इवेंट कम्पनी से जुडे कारोबारियों के ठिकानों पर कार्रवाई चल रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार यह कार्यवाही रोंकवुड होटल एंड रिसोर्ट ग्रुप द्वारा संचालित रेडिसन ब्लू होटल और फतेह कलेक्शन द्वारा संचालित होटल और रामप्रताप पैलेस होटल पर की जा रही है। आयकर विभाग के अन्वेषण शाखा की टीमें अल सुबह ही एक साथ इन होटल रिसोर्ट्स, इनके मालिकों, निदेशकों के घर और संबंधित ठिकानों पर पहुंच गयी। सुबह-सुबह आयकर विभाग की टीमों को देखकर होटल्स ग्रुप में हडकंप मच गया। रॉकवुड होटल रिसोर्ट ग्रुप होटल संचालन के अलावा इवेंट्स, कैटरिंग, मार्बल और रियल एस्टेट इंडस्ट्री भी काम करता है। फतहसागर, रानी रोड किनारे बना रेडिसन ब्लू होटल उदयपुर के रॉकवुड होटल एंड रिसोर्ट द्वारा संचालित है, जिसके चेयरमैन सोमेश अग्रवाल हैं। फतह कलेक्शन ग्रुप का फतहगढ होटल उदयपुर के सिसारमा रोड पर स्थित है। यह होटल फिल्म अभिनेत्री राखी सावंत के स्वयंवर के समय काफी चर्चाओं में रहा था। इसके अलावा फतहसागर झील के किनारे बना रामप्रताप पैलेस होटल भी फतह कलेक्शन ग्रुप का है।

सूत्रों के अनुसार आयकर विभाग की टीमों ने इन होटल ग्रुप के कार्यालयों से आवश्यक दस्तावेज जुटाए हैं। इन होटलों में पिछले दिनों हुईं डेस्टिनेशन वेडिंग कराने वाले ईवेंट कंपनी और इन्हें टेंट सहित अन्य सामान सप्लाई करने वाली कंपनियों के कार्यालयों में भी आयकर टीमें पहुंच गयी हैं और डेस्टिनेशन वेंडंग के नाम पर हुए लेन-देन संबंधित दस्तावेज खंगाल रही हैं। संभावना जताई जा रही है कि दोनों ही होटल ग्रुप की बडी संख्या में अघोषित संपत्ति और आयकर चोरी का खुलासा हो सकता है।

सुरक्षा के मद्देनजर इन ठिकानों पर पुलिस की टीम भी मौजूद हैं। हालांकि आयकर विभाग के अधिकारियों का कहना है कि दस्तावेजों के आधार पर अघोषित संपत्ति के संबंध में जांच की जा रही है, गुरूवार तक इस संबंध में स्पष्ट खुलासा होगा। देर रात तक विभाग की कार्यवाही जारी थी।

## विषाक्त भोजन के सेवन से पांच की हालत बिगड़ी

**भीलवाड़ा, (निसं)।** मांडल थाना इलाके में विषाक्त भोजन का सेवन करना एक परिवार को उस समय भारी पड़ गया जब खाना खाने के बाद परिवार के सभी सदस्यों की हालत बिगड़ गई। उल्टी और जी मिचलाने के बाद जब उनकी हालत ज्यादा खराब हुई तो उन्हें इलाज के लिए हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया।

जानकारी के मुताबिक बीती देर रात कस्बे में रहने वाले एक परिवार ने अनजाने में विषाक्त सब्जी का सेवन कर लिया जिससे उनकी हालत बिगड़ गई। परिवार की सीमा ने बताया कि मंगलवार को देर शाम उसने मेथी आलनी की सब्ज़ी और मक्की की रोटी बनाई थी और परिवार के सभी सदस्यों ने इसे खाई थी। खाना खाने के कुछ देर बाद परिवार के सभी सदस्यों की तबियत खराब होने लगी, कुछ देर बाद उन्हें उल्टियां हुई और जी मिचलाने की शिकायत हुई तो पार्वती पत्नी सुखदेव, सीमा पिता सुखदेव, अलका पिता कैलाश लोहार, सुखदेव पिता गोवर्धन लोहार, शिव पिता कैलाश लोहार पांचों को पहले मांडल हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया यहां हालत ज्यादा खराब होने पर उन्हें भीलवाड़ा महात्मा गांधी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया जहां उनकी हालत में फ़िलहाल सुधार है।

# भगवान राम करोड़ों की आस्था के केन्द्र और जीवन पद्धति है : गजेंद्रसिंह शेखावत

- **केंद्रीय मंत्री गजेंद्रसिंह शेखावत, यूपी सीएम योगी आदित्यनाथ जोधपुर के पालासनी पहुंचे**

**जोधपुर, (कासं)।** केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्रसिंह शेखावत बुधवार को जोधपुर पहुंचे। यहां एयरपोर्ट पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया और इसके बाद वे पालासनी गांव में आयोजित धार्मिक कार्यक्रम के लिए रवाना हो गए।

एयरपोर्ट पर मीडिया से बातचीत में कहा कि भगवान राम करोड़ों लोगों की आस्था का केंद्र और जीवन पद्धति है। शेखावत ने कहा कि अयोध्या में बन रहा राममंदिर करोड़ों लोगों की आस्था का केंद्र है। करोड़ों का सपना इस मंदिर से पूरा होने जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के लोगों को बड़ी सौगात दी है। 22 जनवरी का इसका शुभारंभ होने जा रहा है, देश में दीवाली सा माहौल बनेगा। शेखावत ने यहां एयरपोर्ट पर लोगों से कुछ देर बात कर उनकी समस्याएं सुनने के साथ ज्ञापन भी लिए।



केंद्रीय मंत्री गजेंद्रसिंह, यूपी सीएम योगी आदित्यनाथ पालासनी में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे।

केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत आज पालासनी गांव में ब्रह्मलीन आयश योगी कैलाशनाथ स्मृति में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने यहां पहुंचे। वहीं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को जोधपुर पहुंचे। वे निर्धारित कार्यक्रम अनुसार दोपहर 1.10 बजे राजकीय वायुयान से जोधपुर एयरपोर्ट पहुंचे तथा दोपहर 1.25 राजकीय हेलीकाप्टर से पालासनी में बनाए गए हैलीपेड पहुंचे। योगी आदित्यनाथ ने यहां दोपहर में सिद्ध श्री चिड़ियानाथ का आसण, पालासनी में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचने के बाद ब्रह्मलीन आयश योगी कैलाशनाथ स्मृति में आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया।

यहां पालासनी गांव में पूर्व नरेश एवं सांसद गजसिंह, सैनाचार्य अचलानंद गिरी महाराज द्वारा एक धार्मिक पुस्तक भेंट की गई। वहीं योगी आदित्यनाथ ने इन्हें अयोध्या उत्तरप्रदेश की कृष्ण की प्रतिमा को भेंट किया। प्रतिमा भेंट करते हुए योगी आदित्यानाथ ने उन्हें अयोध्या आने के लिए निमंत्रण भी दिया। योगी दोपहर में कार्यक्रम में भाग लेकर पुनः उत्तरप्रदेश के लिए प्रस्थान कर गए।


**कार्यालय अधिशाषी अभियता जन स्वा. अभि. विभाग, खण्ड धौलपुर**
मचकुण्ड चौराहा जी.टी.रोड, धौलपुर
फोन नं.05642-220720 ई-मेल - ee.dho.phed@rajasthan.gov.in
क्रमांक-2070-2076 दिनांक- 20.12.2023

**ई-निविदा सूचना संख्या 63-66/2023-2024**

राजस्थान के रायपाल महोदय की ओर से खण्ड के अधीन विभिन्न कार्यो की उपरोक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ऑ लाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित विस्तृत विवरण निम्न यू.वी.एन.के अनुसार www.sppp.rajasthan.gov.in एवं www.rajwater.gov.in पर देखी जा सकती है एवं डाउन लोड भी किये जा सकते हैं

| | |
|---|---|
| एन.आई.वी. नं. | PHE2324A4664 |
| यू.वी.एन. | UBN NO. PHE2324WSOB10962 |
| यू.वी.एन. | UBN NO. PHE2324WSOB10963 |
| यू.वी.एन. | UBN NO. PHE2324WSOB10964 |
| यू.वी.एन. | UBN NO. PHE2324WSOB10965 |

NOTE- Tender cost of deposit E-challan. Budget head 0075-0-800-52-01 RISL deposit head 8658-00-102-16-02 office ID 23490 & Earnest money 2% and ½% deposit in budget head 8443-00-108-00-00 office ID 23490 deposit by E-challan/DD

(आशाराम मीणा) अधिशाषी अभियन्ता
जजन स्वा.अभि. विभाग, खण्ड धौलपुर
DIPR/C/16468/2023

**कार्यालय अधिशाषी अभियंता सा.नि.वि. खण्ड पोकरण**
क्रमांक-अअ/पोक/2023-24/1499 दिनांक-20.12.2023

**निविदा सूचना संख्या 08/2023-24**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से भवन निर्माण/सड़क निर्माण कार्यो हेतु उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं केन्द्रीय/राज्य सरकार व उनके अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवं दूर संचार विभाग/रेलवे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के विभिन्न श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई-टेण्डरिंग प्रक्रिया हेतु ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| ऑन लाईन निविदा मिलने की पूर्व तारीख | 28.12.2023 से 08.01.2024 तक प्रात 12 बजे तक |
| ऑन लाईन निविदा जमा कराने की तारीख | 28.12.2023 से 08.01.2024 तक प्रात 12 बजे तक |

निविदा से सम्बन्धित समस्त विवरण वेबसाईट www.dipronline.org पर एवं निविदा दस्तावेज का विवरण वेबसाईट https://eproc.rajasthan.gov.in एवं sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है। सम्पूर्ण निविदा प्रक्रिया https://eproc.rajasthan.gov.in पर ऑनलाईन सम्पादित की जावेगी।
NIB CODE PWD2324A4090UBI NO. PWD2324WSOB17810, PWD2324WSOB17811, PWD2324WSOB17812

(पी.एस. जयपाल)
अधिशाषी अभियन्ता, सा.नि.वि. खण्ड पोकरण
DIPR/C/16480/2023

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड सांचौर**
क्रमांक- अअ/सांचोर/2023-2024/2079 दिनांक-20.12.2023

**निविदा सूचना संख्या- 15 वर्ष 2023-2024**
**NIB NO.: PWD2324A4063**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से MG नरेगा योजना में विभिन्न डब्ल्यूबीएम सड़क निर्माण एवं MLA Lad में डामरीकरण कार्य व अन्य सड़क मरम्मत कार्य हेतु उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राय सरकार/केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवं दूर संचार विभाग/रेल्वे इयादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान रकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में कार्य जिनकी लागत राशि रू. 565.99 लाख है के लिए ईटेण्डरिंग प्रक्रिया हेतु ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| ऑनलाईन निविदा आवेदन डाउनलोड एवं अपलोड करने की तारीख | - | 27 दिसम्बर 2023, 9.30 बजे से 08 जनवरी 2024, सायं 06.00 बजे तक |

निविदा से सम्बन्धित विवरण वेब साईट http://dipr.rajasthan.gov.in व http://sppp.rajasthan.gov.in व http:// eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है। सम्पूर्ण निविदा प्रक्रिया http://eproc.rajasthan.gov.in पर ऑनलाईन सम्पादित की जायेगीं इच्छुक संवेदकों को अपने डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से वेबसाईट पर http://eproc.rajasthan.gov.in पर रजिस्टर्ड करवाना आवश्यक है। कार्यवार यू.बी.एन. संख्या निम्नानुसार है।

UBN No.

| | | |
|---|---|---|
| 1. PWD2324WSOB17660 | 2. PWD2324WSOB17661 | 3. PWD2324WSOB17662 |
| 4. PWD2324WSOB17663 | 5. PWD2324WSOB17664 | 6. PWD2324WSOB17665 |
| 7. PWD2324WSOB17666 | 8. PWD2324WSOB17667 | 9. PWD2324WSOB17668 |
| 10. PWD2324WSOB17669 | 11. PWD2324WSOB17670 | 12. PWD2324WSOB17671 |
| 13. PWD2324WSOB17672 | 14 PWD2324WSOB17673 | 15. PWD2324WSOB17674 |
| 16. PWD2324WSOB17675 | | |

(ओम प्रकाश)
अधिशाषी अभियन्ता
सा.नि.वि. खण्ड सांचौर
DIPR/C/16371/2023

# अवैध निर्माण और अतिक्रमण हटाने के लिए टालमटोली नहीं कर सकेंगे अफसर

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देश पर अब जयपुर विकास प्राधिकरण और हैरिटेज व ग्रेटर नगर निगम जयपुर की प्रवर्तन विंग करेगी संयुक्त कार्रवाई

**जयपुर** (कासं)। राजधानी जयपुर में अवैध निर्माण और अस्थाई अतिक्रमण हटाने के लिए अब जे.डी.ए. और ग्रेटर व हैरिटेज नगर निगम के अधिकारी टालमटोली नहीं कर सकेंगे। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देश पर अब जे.डी.ए तथा हैरिटेज व ग्रेटर नगर निगम की प्रवर्तन विंग तमाम अवैध निर्माणों पर संयुक्त कार्रवाई करेगी।

इसके लिए बुधवार को जेडीए कमिश्नर डॉ. जोगाराम की अध्यक्षता में बैठक भी बुलाई गई, जिसमें जेडीए सचिव नलिनी कठोतिया, हैरिटेज निगम आयुक्त राजेन्द्र सिंह शेखावत और ग्रेटर निगम आयुक्त बाबूलाल गोयल, जेडीए के मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन धर्मेन्द्र कुमार यादव तथा दोनों निगमों के सतर्कता अधिकारी भी पहुंचे।

- **9 जनवरी से शुरू होगा शहर में 'अवैध अतिक्रमण' हटाओ अभियान**
- **सरकारी जमीनों से अतिक्रमण हटाने के बाद ड्रोन सर्वे करवाकर संरक्षित किया जायेगा**
- **अवैध मिट्टी खनन के मामलों में एफ.आई.आर. दर्ज करवाएंगे अधिकारी**

बैठक में निर्णय हुआ कि 9 जनवरी से जयपुर शहर में 'अवैध अतिक्रमण' हटाओ अभियान चलाया जायेगा। प्रत्येक 15 दिनों में अवैध अतिक्रमणों पर की गई कार्रवाई और प्रगति रिपोर्ट पर चर्चा की जायेगी। जेडीए और नगर निगम ग्रेटर-हैरिटेज द्वारा संयुक्त रूप से अवैध निर्माणों-अतिक्रमणों का सर्वे करवाकर कार्यवाही की जायेगी। सर्वे टीम में जेडीए के मुख्य प्रवर्तन अधिकारी और दोनों नगर निगमों के सर्तकता शाखा के अधिकारी सदस्य होंगे।




**मुख्यमंत्री के निर्देश पर बुधवार को जेडीए आयुक्त डॉ. जोगाराम, सचिव नलिनी कठोतिया, ग्रेटर निगम आयुक्त बाबूलाल गोयल और हैरिटेज निगम आयुक्त राजेन्द्र सिंह ने मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन धर्मेन्द्र यादव व अन्य अधिकारियों के साथ बैठक की।**

सरकारी भूमि और संपत्तियों का रिकॉर्ड बनाकर प्राथमिकता के आधार पर अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की जाएगी। सरकारी जमीन पर अतिक्रमण नहीं हो, इसके लिए एक एस.ओ.पी. बनाई जायेगी। निगरानी के लिए विशेष प्रणाली विकसित की जायेगी। सरकारी भूमि पर अतिक्रमण हटाने के पश्चात् ड्रोन सर्वे करवाकर संरक्षित किया जायेगा। अवैध मिट्टे खनन किये जाने पर संबंधित अतिक्रमी के खिलाफ एफ.आई.आर दर्ज करवाई जायेगी।

प्राय: देखा जाता है कि जेडीए व निगम के अधिकारी अपना क्षेत्राधिकार नहीं होने की बात कहकर अवैध निर्माण और अतिक्रमणों पर मेहरबानी दिखा जाते हैं, इसकी आड़ में अवैध इमारतें बनकर तैयार हो चुकी होती है। यहां तक कि सरकारी जमीनों पर भी अवैध कब्जे और उसके बाद धड़ल्ले से अवैध कॉलोनियां कट चुकी होती है, जब तक जिम्मेदार अधिकारी जागते हैं, मौके पर बसावट हो चुकी होती है और बाद में सरकार को उन अवैध निर्माणों को छूट देकर नियमित करना पड़ता है। ऐसी स्थिति से बचने के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जेडीए और नगर निगमों की सतर्कता विंग को जोड़ने का फैसला लिया। राजधानी जयपुर में हजारों की तादाद में ऐसी अवैध इमारतें हैं, जो नगर निगम और जेडीए के क्षेत्राधिकार के विवाद की आड़ में बनकर तैयार हो चुकी है। इसी तरह जेडीए और नगर निगम द्वारा सील इमारतों में भी अतिक्रमी सील तोड़कर पुन: निर्माण कर रातोंरात बसावट कर विवादित संपत्ति बेचकर रफुचक्कर हो जाते है।

सबसे ज्यादा बिगड़ा हुआ हाल नगर निगम क्षेत्राधिकार में हैं, यहां अवैध इमारतों पर कार्रवाई करने का अधिकार जोन उपायुक्तों के पास है। जोन कार्यालयों की बिल्डिंग शाखा में तैनात कनिष्ठ अभियंता अवैध निर्माण करने वालों को नोटिस तो थमाते हैं, लेकिन कार्रवाई के नाम पर चुप्पी साध जाते है।

## बच्चे का जटिल ऑपरेशन कर जान बचाई

**जयपुर** । सवाई मानसिंह अस्पताल में डॉक्टरों ने एक चार साल के बच्चे का प्रोग्रेसिव फेमेलियल इंट्राहेपेटिक कोलेस्टेसिस (पीएफआईसी) का सफलतापूर्वक ऑपरेशन किया। अभी तक इस बीमारी के ऑपरेशन के लिए मरीज को दिल्ली-मुंबई या देश के दूसरे बड़े शहरों में जाना पड़ता था। इस बीमारी में बड़ी पित्त नलिकाएं खुली होने के बावजूद लीवर से पित्त नहीं निकलता। ये बीमारी छोटे बच्चों में होती है। इससे बच्चों में पीलिया, गंभीर खुजली और कुपोषण की बीमारी होने लगती है।

एसएमएस हॉस्पिटल के अधीक्षक डॉ. अचल शर्मा ने बताया कि हेपाटो-पैनक्रिआटो बिलेरी सर्जरी (एच.पी.बी.) सर्जरी विभाग के डॉक्टरों ने प्रतापगढ़ निवासी 4 वर्षीय बच्चे का पीएफआईसी ऑपेरशन करके उसकी जान बचाई। उन्होंने बताया कि ये बच्चा पिछले साल गंभीर अवस्था में एसएमएस में भर्ती किया गया था। जांच करने पर बच्चे में प्रोग्रेसिव फेमेलियल इंट्राहेपेटिक कोलेस्टेसिस की स्थिति पाई गई। एचपीबी सर्जरी विभाग के डॉक्टरों से चर्चा के बाद बच्चे का ऑपरेशन करने का निर्णय किया गया। पार्शियल इंटरनल बिलिअरी ड्रेनेज के तहत छोटी आंत का इंटर पॉजिशन लूप बनाकर पिथ की थैली और बड़ी आंत के बीच में जोड़ने का निर्णय किया और इसे सफलतापूर्वक अंजाम दिया गया। ऑपरेशन के बाद बच्चा पूर्ण रूप से स्वस्थ है। इस ऑपरेशन में 3 घंटे से ज्यादा का समय लगा। इस तरह का ऑपरेशन राजस्थान में केवल एसएमएस हॉस्पिटल में ही हुआ है। उन्होंने बताया कि इस ऑपरेशन को सर्जरी विभाग के डॉ. दिनेश भारती, डॉ. आशुतोष पंचोली, डॉ. रवि खांडल, डॉ. राकेश सोनी, डॉ. प्रीति, डॉ. पूनम, डॉ. संजय, डॉ. सतवीर के साथ सिस्टर गीता, चंचल ने किया।

## डी.जी.-आई.जी. कॉफ्रेंस को लेकर जयपुर में विशेष यातायात व्यवस्था

**जयपुर** । राजधानी के झालाना स्थित राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में पांच से सात जनवरी तक होने वाले डीजी-आईजी सम्मेलन को लेकर यातायात की विशेष व्यवस्था की गई है। आज एसपीजी की टीम ने आर.आई.सी का सघन निरीक्षण कर सुरक्षा जांची।

सम्मेलन में वी.वी.आई.पी. व बी.आई.पी. और काफी संख्या में आमंत्रित विशिष्ट अतिथि तथा अधिकारियों के सम्मिलित होने की सम्भावना है। कार्यक्रम के दौरान जयपुर एयरपोर्ट से जे.डी.ए. चौराहा तक जवाहर लाल नेहरु मार्ग, भवानी सिंह रोड, बाइस गोदाम सर्किल से राममंदिर, राजभवन तक, बाइस गोदाम सर्किल से परिवहन आयुक्त कार्यालय तक सहकार मार्ग तथा पोलो सर्किल से विधायक आवास विधानसभा के पास तक का मार्ग उपयोग में लिए जाने की सम्भावना रहेगी। इन मार्गों पर अल्पावधि के लिए सुरक्षा कारणों से यातायात रोका जायेगा। आमजन उक्त मार्गों का उपयोग करते समय इस तथ्य का ध्यान रखे। साथ ही सात जनवरी को सहायक आचार्य, पुस्तकालयाध्यक्ष एवं शारीरिक प्रशिक्षण अनुदेशक भर्ती परीक्षा का आयोजन दोपहर 12 से 2 बजकर 10 मिनिट किया जायेगा। इन मार्गो पर वीवीआईपी और वीआईपे के आवागमन के दौरान सुरक्षा की दृष्टि से कुछ समय तक सामान्य यातायात प्रभावित रहेगा। इन मार्गों पर स्थित परीक्षा केन्द्रों के अभ्यार्थी अतिरिक्त समय लेकर परीक्षा केन्द्रों तक पहुंचे। साथ ही समानान्तर मार्गो का उपयोग करने का प्रयास करें। हालांकि एम्बुलेंस एवं आवश्यक सेवाओं के वाहनों का आवागमन निर्बाध रूप से रहेगा। कार्यक्रम के दौरान यातायात एवं समानान्तर मार्गों की जानकारी के लिए यातायात हेल्पलाईन 1095, 2565630, 2561256 एवं व्हाट्सएप हेल्प डेस्क नम्बर 8764866972 संचालित रहेगी।

## सार-समाचार

### ब्राह्मण समाज ने किया पंत का स्वागत



**जयपुर,** (का.सं.)। ब्राह्मण समाज राजस्थान की ओर से बुधवार को नवनिर्वाचित मुख्य सचिव सुधांश पंत का अभिनंदन व स्वागत किया गया। इसके लिए राज्यभर से आए ब्राह्मण समाज के पदाधिकारी और कार्यकर्ता शासन सचिवालय पहुंचे। इस दौरान ब्राह्मण समाज राजस्थान के अध्यक्ष अंबिका प्रकाश पाठक ने सुधांश पंत से शिष्टाचार भेंट कर सभी के साथ उनका भव्य स्वागत किया। साथ ही पाठक ने मुख्य सचिव से निवेदन किया कि ब्राह्मण समाज को हर जगह अनदेखा किया जा रहा है। मंदिर, मठों पर जो मंदिर माफी की जमीन है उन पर अन्य जातियों के लोग गुंडागिरी कर कब्जा कर रहे हैं, ये लोग जानलेवा हमला भी करते है। पाठक ने मुख्य सचिव से पुजारी सुरक्षा के लिए पुजारी प्रोटेक्शन बिल लाने की मांग भी की। इस अवसर पर महेश कुमार शर्मा पवालिया, जगदीश शर्मा, महावीर कुमार सोनी, डॉ शारदा शर्मा, एडवोकेट सुषमा पारीक आदि अनेक पदाधिकारी एवं लोग उपस्थित रहे।

### नाटक 'नट सम्राट का प्रभावी मंचन'



**जयपुर,** (का.सं.)। नटसम्राट रंगमंच से अवकाश ले चुके व सम्मान प्राप्त एक नामचीन अभिनेता गणपतराव वेलवरकर की जीवन संध्या पर भोगी हुई त्रासदी की मार्मिक कहानी है। इस कहानी को दर्शाते नाटक नटसम्राट का मंचन वीणापाणि कला मंदिर समिति की ओर से बुधवार शाम रवींद्र मंच के मुख्य सभागार में हुआ। वीवी शिवाडकर लिखित इस प्रभावपूर्ण नाटक का निर्देशन तपन भट्ट ने किया। नाटक का नायक नटसम्राट गणपतराव वेलवरकर एक शेक्सपीरियन और मराठी स्टाइल का अभिनेता है, जिसने अपने नाट्यय जीवन मे बहुत नाम कमाया है, और सरकार से नट सम्राट की उपाधि प्राप्त की। अपने नाट्यय जीवन अवकाश लेने के बाद वह अपनी सारी सम्पत्ति अपनी दोनों संतानों बेटे और बेटी में बांटकर निश्चिंत हो जाता है। किन्तु कालान्तर में अपने पुत्र एवं पुत्रवधू के कटु व्यवहार से क्षुब्ध होकर उसे अपने पुत्र का घर छोड़ कर अपनी पुत्री के घर जाने को विवश होना पड़ता है। पुत्री के भी कटु व्यवहार घर छोड़कर चले जाता हैं। वो कहता है कि बच्चे मुझे ठुकरा दें पर मैं रोऊंगा नहीं, और न ही अपने बच्चों से आसरा मांगने जाऊंगा, ऐसा होने से पहले ही मैं विक्षिप्त हो जाऊंगा। नट सम्राट करता भी वही है। बच्चे बुरे नहीं होते, बुरा होता है बुढ़ापा। तपन भट्ट निर्देशित नाटक में नट सम्राट गणपतराव वेलवरकर की भूमिका 81 वर्षीय वरिष्ठ अभिनेता पं.वासुदेव भट्ट ने निभाई। इसके अलावा कलाकार विशाल भट्ट, रेखा शर्मा, शाहरुख खान, झिलमिल भट्ट, कमलेश चंदानी, अन्नपूर्णा शर्मा समेत 10 वर्षीय पाखी और शौर्य मिश्रा ने की अहम भूमिका निभाई। प्रकाश व्यवस्था राजेन्द्र शर्मा राजू, संगीत प्रभाव डॉ. सौरभ भट्ट एवं रूप सज्जा रवि बांका की रहीं।

### ब्लासटर्स 18 रनों से जीते

**जयपुर,** (का.सं.)। एएमपीएल में आज ब्लास्टर्स, क्वींस और र्स्टास ने अपने अपने मुकाबले जीते। भगवान दास मंगल ने बताया कि बुधवार को खेले गये मैचों में अग्रवाल फार्म ब्लास्टर्स ने देवी नगर रॉयल्स को 18 रनो से हराया। मैच की प्लेयर ऑफ द मैच ब्लास्टर्स की उत्कर्षा रही। मानसरोवर क्वींस ने बापू नगर सपार्केल को 36 रनो से हराया। मैच की प्लेयर ऑफ द मैच ब्लास्टर्स की सलोनी रही। टोंक रोड र्स्टास ने निर्माण नगर थंडरस्ट्रिर्कस को 8 विकेट से हराया। मैच की प्लेयर ऑफ द मैच डिंपल रही। अग्रवाल फार्म ब्लास्टर्स ने मानसरोवर क्वींस को 7 विकेट से हराया। मैच की प्लेयर ऑफ द मैच छवि रही। सुभाष नगर सनराइर्जस ने बापू नगर सपार्केल को 10 विकेट से हराया। मैच की प्लेयर ऑफ द मैच साक्षी मोदी रही। और रविवार को खेले गये एक मैच में देवी नगर रॉयल्स एवं बापू नगर सपार्केल के बीच मैच खेले गये मैच में प्लेयर ऑफ द मैच संयुक्त रूप से ज्योति व राज रहीं।

### रिफ फिल्मों की अंतिम सूची जारी

**जयपुर,** (का.सं.)। राजस्थान इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल (रिफ) का 10वां संस्करण 27 से 31 जनवरी तक होगा। थीम यूथ एवं फिल्म हेरिटेज रहेगी। रिफ की तीसरी एवं अंतिम सूची बुधवार को जारी की गई। इसमें 25 फिल्मों को रिफ पैनोरमा में चुना गया है, जिसमें 13 फिल्मों को फीचर फिल्म श्रेणी में और नॉन -फीचर फिल्म श्रेणी में 12 फिल्मों का चयन किया गया है। फिल्म फेस्टिवल में इस वर्ष कुल 65 फिल्मों का रिफ पैनोरमा (फीचर एवं नॉन- फीचर) की कॉम्पिटिशन श्रेणी मे चुना गया है। वहीं जिफ की तीसरी सूची जारी कर दी गई है। अब तक 62 देशों से प्राप्त 2271 फिल्मों में से 37 देशों की 255 फिल्मों का चयन हो चुका है। जिफ फाउंडर डायरेक्टर हनु रोज ने बताया कि 21 जनवरी को नामांकित फिल्मों की चौथी सूची और फेस्टिवल प्रोग्राम जारी कर दिया जाएगा।

### कपड़े के शोरूम में आग लगी

**जयपुर** । राजधानी जयपुर में एक कपड़े के शोरूम में आग लगने का मामला सामने आया है। यह मामला वैशाली नगर स्थित क्वींस रोड का है। जहां आज सुबह करीब सात बजे कपड़े के शोरूम में आग लगी। इस दौरान शोरूम में से धुंआ निकलने लगा। आग बढ़ती देखकर मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। सूचना मिलने पर शोरूम मालिक व पुलिस मौके पर पहुंची। वहीं सूचना मिलने पर दमकलें भी मौके पर पहुंची। इससे पहले लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया। लेकिन आग पर काबू नहीं पाया जा सका। बाद में दमकलें मौके पर पहुंची।

## कार चुराने वाला बदमाश गिरफ्तार

**जयपुर** । जवाहर नगर थाना पुलिस ने धोखाधड़ी कर कार चुराने वाले एक शातिर बदमाश को गिरफ्तार किया गया है और उसके पास से चुराई गई कार भी बरामद की गई है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व ज्ञानचंद यादव ने बताया कि जवाहर नगर थाना पुलिस ने धोखाधड़ी कर कार चुराने वाले एक शातिर बदमाश शन्तम गुप्ता निवासी एत्मादपुर जिला आगरा उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार किया गया है। गौरतलब है कि 27 दिसंबर को परिवादी मयंक तिलानिया ने मामला दर्ज करवाया था कि वह अपने घर के सामने खड़ा था। तभी जूम कार ऐप के माध्यम से एक बुकिंग आई कि तीन दिन के लिए शन्तम गुप्ता की ओर से कार बुक कर ली है। उसके बाद आरोपी शन्तम गुप्ता नाम का व्यक्ति उसके पास आया और उसे ड्राइविंग लाइसेंस देकर कार लेकर चला गया। कुछ देर बाद उसकी कार ऐप बुकिंग कैसिंग दिखने लगी। तभी जूम कार ऐप कस्टुमर केयर पर बात हुई। जहां बताया गया कि बुकिंग कैंसिल हो गई है और आरोपी शन्तम गुप्ता के पास से फोन किया। चार से पांच घंटे इंतजार करने के बाद भी नहीं आया। उसकी कार पर लगे फास्ट टैग से पता चला कि उसकी कार हरियाणा हुए पंजाब,हिमाचल प्रदेश और अमृतसर में है। जिस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से आरोपित का चिन्हित करते हुए उसे धर-


# जयपुर में नकली बीड़ी बनाने की फैक्ट्री पकड़ी

## पुलिस मुख्यालय क्राइम ब्रांच की टीम ने श्याम नगर स्थित फैक्ट्री पर कार्रवाई की

**जयपुर** । पुलिस मुख्यालय क्राइम ब्रांच की टीम ने बुधवार को जयपुर और भीलवाड़ा जिले में दो बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। जयपुर के श्याम नगर इलाके में नकली बीड़ी बनाने की फैक्ट्री पकड़कर भारी मात्रा में नकली बीड़ी के बंडल के पैकेट, रैपर, कच्चा माल जब्त किया। इसी प्रकार भीलवाड़ा जिले के माण्डल क्षेत्र में 15 लाख रुपए कीमत का 75 किलो अवैध अफीम डोडा चूरा जब्त किया है।

अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस अपराध एवं एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ) दिनेश एमएन ने बताया कि इन दोनों कार्रवाइयों में दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। इसके अतिरिक्त एजीटीएफ द्वारा सोमवार देर रात जैसलमेर के सम थाना इलाके में नव वर्ष की पार्टी मनाते वक्त पकड़े गये सरकार गैंग के सरगना राकेश गोदारा निवासी धोद की निशानदेही पर नागौर जिले की मौलासर थाना पुलिस ने एक देशी कट्टा और चार कारतूस बरामद किया है।

दिनेश एम.एन. ने बताया कि क्राइम ब्रांच टीम के हेड कांस्टेबल रविंद्र सिंह को श्याम नगर थाना इलाके में नकली बीड़ी बनाने की फैक्ट्री की सूचना प्राप्त हुई। इसकी तस्दीक के लिए आईजी क्राइम प्रफुल्ल कुमार के पर्यवेक्षण एवं एडिशनल एसपी आशा राम चौधरी तथा इंस्पेक्टर सुभाष सिंह के नेतृत्व में टीम गठित कर सूचना डवलप की। पुष्टि होने पर एसएचओ श्याम नगर टीम की मदद से फैक्ट्री में दबिश दी गई। जहां से भारी मात्रा में प्रचलित दास मार्का, डीलक्स, वीर व 502 मार्का





- **स्टेट क्राइम ब्रांच ने भीलवाड़ा में 15 लाख रुपए कीमत का 75 किलो अफीम डोडा चूरा पकड़ा**
- **पुलिस ने इन दोनों कार्रवाई को अंजाम देकर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया**

बीड़ी तैयार करने का कच्चा माल, तैयार माल और रैपर जप्त कर सोडाला निवासी आरोपी महेश मेहरा पुत्र कल्लू राम को पकड़ा, जिसे श्याम नगर थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया। एडीजी ने बताया कि इस कार्रवाई में हैड कांस्टेबल रविंद्र सिंह की विशेष भूमिका, हैड कांस्टेबल महेश सोमरा, राकेश जाखड़, शंकर दयाल व कांस्टेबल नरेश कुमार की तकनीकी भूमिका रही, वहीं टीम का नेतृत्व इंस्पेक्टर सुभाष सिंह तंवर द्वारा किया गया। श्याम नगर थाने से एएसआई मोहम्मद रफीक, कांस्टेबल कैलाश सिंह व दौलत सिंह शामिल थे।

एडीजी दिनेश एम.एन. ने बताया कि क्राइम ब्रांच की दूसरी बड़ी कार्रवाई भीलवाड़ा जिले में की गई। टीम की सूचना पर जिले की माण्डल थाना पुलिस की टीम ने एक बिना नंबरी आल्टो कार से 15 लाख रुपए का अफीम डोडा चूरा बरामद कर तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस मुख्यालय क्राइम ब्रांच टीम के कांस्टेबल गोपाल लाल धाबाई व विजय सिंह को प्राप्त आसूचना एडिशनल एसपी आशा राम चौधरी के सुपरविजन एवं इंस्पेक्टर राम सिंह नाथावत के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा विकसित की गई। पुष्टि के बाद थाना माण्डल पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर थाना माण्डल पुलिस की टीम ने राय सिंह पुरा हाईवे रोड पर नाकाबंदी कर एक बिना नंबरी आल्टो कार को रोक उसमें रखे पांच कट्टों से 75 किलो अवैध अफीम डोडा चूरा बरामद कर आरोपी चालक विनोद जाट पुत्र मोहनलाल निवासी सादी थाना गंगरार जिला चित्तौड़गढ़ को गिरफ्तार किया। इस कार्रवाई में कांस्टेबल गोपाल धाबाई व विजय सिंह की विशेष भूमिका एवं हेड कांस्टेबल शंकर दयाल शर्मा की तकनीकी भूमिका रही, वही टीम का नेतृत्व इंस्पेक्टर राम सिंह नाथावत द्वारा किया गया।

# अशोक क्लब में मालाश्री लाल की पुस्तक "मंडलास ऑफ टाईम" का विमोचन

**जयपुर,** (का.सं.)। ये कविताएं कोविड के दौरान खालीपन का परिणाम थीं। सभी अन्य लेखकों की तरह, यह मेरे लिए भी चिंतन का दौर था। यह उन चीजों को करने का भी दौर था जो हम आमतौर पर नहीं करते हैं। यह बात लेखिका मालाश्री लाल ने जयपुर के अशोक क्लब में अपनी पुस्तक मंडलास ऑफ टाईम के विमोचन के दौरान कही। वह कवि और पब्लिसिस्ट जगदीप सिंह के साथ चर्चा कर रही थीं।

मालाश्री लाल, जो कि अब तक 17 किताबें लिख चुकी हैं, ने अपना पहला कविता संग्रह मंडलास ऑफ टाईम पुस्तक का विमोचन किया। पुस्तक के शीर्षक के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा कि मंडला मेरे लिए सिर्फ धार्मिक प्रतीक नहीं हैं, बल्कि स्पार्क्स ऑफ एनर्जी भी है। उन्होंने कहा,



समय के अलग-अलग क्षण हैं, जिन्हें उन्होंने इस संग्रह में एकत्रित किया है, लेकिन यह मेरे और मैं जो अनुभव करती हूं उसके ईर्द गिर्द घूमती हैं।

सैशन के दौरान, उन्होंने पुस्तक से-द वूमन माइग्रेंट वर्कर, बोगेनविलिया, मंथरा दासी, राधाज डिलेमा, और हिबिस्कस एंड द ओल्ड चंपा आदि कुछ कविताएं पढ़कर भी सुनाईं।

## प्रदेश में चार नए करोना संक्रमित मिले

**-कार्यालय संवाददाता-**

**जयपुर** । प्रदेश में बुधवार को करोना संक्रमण के चार नए संक्रमित सामने आए है। इनमें जयपुर में तीन और सीकर में एक संक्रमित मिला है।

स्वास्थ्य विभाग के अनुसार राजधानी जयपुर में आज इंदिरा गांधी नगर, मालवीय नगर सैक्टर तीन और जौहरी बाजार में एक-एक संक्रमित मिला है। वहीं राजधानी में पांच संक्रमित रिकवर हुए है। फिलहाल यहां 20 संक्रमितों का इलाज चल रहा है। उधर प्रदेश में 33 एक्टिव मामले है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार राजधानी जयपुर में बुधवार को 255 सैंपल की जांच की गई। वहीं, राज्य में 989 सैंपल की जांच की गई। राज्य में नए कोविड सब वैरिएंट को लेकर चिकित्सा विभाग अलर्ट मोड पर है।

# राहगीरों से मोबाइल लूटने वाली गैंग का पर्दाफाश

**जयपुर** (कासं)। ब्रह्मपुरी थाना पुलिस ने मोबाइल लूटने वाली गैंग का खुलासा करते हुए गैंग के सरगना को गिरफ्तार किया गया है और उसके पास से विभिन्न कंपनियों के महंगे लूटे गए चौदह मोबाइल जब्त किए गए है।

- **लूटे हुए 14 मोबाइलों के साथ गिरोह का सरगना गिरफ्तार**

आरोपी ने प्रारंभिक पूछताछ में मोबाइल लूटने की तीस वारदातों को अंजाम देना कबूला है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर (उत्तर) राशि डोगरा डूडी ने बताया कि ब्रह्मपुरी थाना पुलिस ने मोबाइल लूटने वाली गैग का खुलासा करते हुए गैंग के सरगना मोहसीन खान उर्फ अरबाज उर्फ तिरंगा निवासी ट्रांसपोर्ट नगर को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने पास से विभिन्न कंपनियों के महंगे लूटे गए चौदह मोबाइल जब्त किए गए है। आरोपित और उसकी गैंग में शामिल अन्य दोस्त स्मैक पीने का आदि है।

आरोपित राह चलते लोगों और ई-रिक्शा में बैठकर मोबाइल चला रहे लोगों के पीछे से झपट्टा मार मोबाइल लूट कर फरार हो जाते है। आरोपित लूटे गए मोबाइलों को औने-पौने दामों में बेच देते है। आरोपित ने पूछताछ में ब्रहमपुरी, जयसिंहपुरा, गलतागेट, ट्रांसपोर्ट नगर, सदर थाना इलाके में मोबाइल लूट की तीस से चालीस वारदातों को करना स्वीकार किया है। पुलिस सरगना के सह आरोपी फैसल की तलाश कर रही है।

# कोचिंग सेंटर के बैग में शराब रखकर होम डिलीवरी करने वाला गिरोह का भंड़ाफोड़

**जयपुर** । जवाहर सर्किल इलाके में कोचिंग सेंटर के बैग में शराब रखकर होम डिलीवरी करने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ हुआ है। इस बात का खुलासा तब हुआ, जब पुलिस ने गैंग से जुड़े दो आरोपियों को दबोचा। पूछताछ में पता चला कि इस गिरोह में कई अन्य लोग भी शामिल हैं, जिनकी तलाश में पुलिस जुटी है।


पुलिस ने बताया कि देर रात सीकर निवासी भवानी सिंह और एक अन्य आरोपी को पकडा गया है। दोनों के पास से एक बैग मिला है, जिसमें अंग्रेजी शराब की महंगी बोतलें हैं। जांच पडताल करने पर सामने आया कि शाम से देर रात तक इसी तरह से बैग में शराब की सप्लाई की जाती है। पुलिस से बचने के लिए आरोपी कोचिंग बैग में सप्लाई करते हैं। पुलिस ने कहा कि शराब की दुकानें आठ बजे बाद बंद हो जाती हैं। उसके बाद भी शराब की सप्लाई घर बैठे की जाती है। मुख्य आरोपी ने दो अलग-अलग नंबर से सोशल मीडिया ग्रुप बना रखे हैं। इसी के जरिए ऑर्डर पर शराब भेजी जाती है। उल्लेखनीय है कि जवाहर सर्किल, प्रताप नगर और जगतपुर इलाके में दूसरे शहरों और राज्यों से आकर पढने वाले युवाओं की संख्या अन्य इलाकों की तुलना में ज्यादा है।

- **रात आठ बजे बाद होम डिलीवरी की सुविधा देते हैं अवैध शराब विक्रेता**

# सावित्री बाई फुले की 193वीं जयंती मनाई

**जयपुर** । महिला शिक्षा की अलख जगाने वाली भारत की प्रथम शिक्षिका सावित्री बाई फुले की 193 वीं जयंती बुधवार को मनाई गई। सहकार मार्ग स्थित महात्मा ज्योतिबा फुले सर्किल सहित कई अन्य स्थानों पर पुष्पाजंलि कार्यक्रम हुए। मुहाना मंडी स्थित महात्मा ज्योतिबा फुले सर्किल पर कैबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत ने सावित्री बाई फुले के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। सभी ने सुशासन पखवाड़ा के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाएं जा रहे तीन दिवसीय सघन स्वच्छता अभियान स्वच्छ जयपुर, स्वच्छ प्रदेश के तहत श्रमदान किया। कार्यक्रम में जयपुर जिला माली सैनी समाज अध्यक्ष रोशन सैनी, माली महासभा के प्रदेश अध्यक्ष छुट्टन सैनी, भूपेंद्र सैनी, सिद्धार्थ तोंदवाल, माली समाज सांगानेर विधानसभा के अध्यक्ष देवकीनंदन सैनी मौजूद थे।

ARBIT
it happens here...




## World Braille Day

World Braille Day celebrates the birth of Louis Braille, inventor of the reading and writing system, used by millions of blind and partially sighted people, all over the globe. Though not a public holiday in any country, World Braille Day provides an opportunity for teachers, charities and non-government organizations to raise awareness about issues facing the blind and the importance of continuing to produce works in Braille, providing the blind with access to the same reading and learning opportunities, as the sighted.

राष्ट्रदूत
THURSDAY
04 January 2024
A-B

#PUBLIC SURVEY

# Social Media generates billions In Ad Revenue

YouTube derived the greatest Ad revenue from users 12 and under ($959.1 million), followed by Instagram ($801.1 million)




Researchers estimated that Facebook, Instagram, Snapchat, TikTok, X (formerly Twitter), and YouTube, collectively, derived nearly $11 billion in advertising revenue during 2022, from U.S. youth, who are vulnerable to negative mental health outcomes.

The study is the first to offer estimates of the number of young users on these platforms and how much annual Ad revenue is attributable to them.

According to researchers, the study's findings demonstrate the need for government regulation of social media platforms, in the absence of industry self-regulation.


According to a new study, led by Harvard T.H. Chan School of Public Health, social media platforms, Facebook, Instagram, Snapchat, TikTok, X (formerly Twitter), and YouTube, collectively, derived nearly $11 billion in advertising revenue from U.S.-based users, younger than 18, in 2022.

The study was published on December 27, 2023, in PLOS ONE.

"As concerns about youth mental health grow more and more, policymakers are trying to introduce legislation to curtail social media platform practices that may drive depression, anxiety, and disordered eating in young people," said senior author Bryn Austin, professor in the Department of Social and Behavioural Sciences.

The researchers used a variety of public survey and market research data from 2021 and 2022 to comprehensively estimate Facebook, Instagram, Snapchat, TikTok, X, and YouTube's number of youth users and related Ad revenue. Population data from the U.S. Census and survey data from Common Sense Media and Pew Research were used to estimate the number of people, younger than 18, using these platforms in the U.S. Data from *eMarketer*, a market research company, and *Qustodio*, a parental control app, provided estimations of each platform's projected *gross ad revenue* in 2022 and users' average minutes per day on each platform.

The study found that in




2022, YouTube had 49.7 million U.S.-based users, under the age of 18, TikTok had 18.9 million, Snapchat had 18 million, Instagram had 16.7 million, Facebook had 9.9 million and X had 7 million. The platforms collectively generated nearly, $11 billion in Ad revenue from these users, $2.1 billion from users, aged 12 and under, and $8.6 billion from users, aged 13-17.

YouTube derived the greatest Ad revenue from users, aged 12 and under ($959.1 million), followed by Instagram ($801.1 million) and Facebook ($137.2 million). Instagram derived the greatest Ad revenue from users, aged 13-17 ($4 billion), followed by TikTok ($2 billion) and YouTube ($1.2 billion). The researchers also calculated that Snapchat derived the greatest share of its overall 2022 Ad revenue from users under 18 (41%), followed by TikTok (35%), YouTube (27%), and Instagram (16%).

The researchers noted that the study had limitations, including that they relied on estimations and projections from public survey and market research sources, as social media platforms don't disclose user age data or advertising revenue data by age group.

"Our finding that social media platforms generate substantial advertising revenue from youth highlights the need for greater data transparency as well as public health interventions and government regulations," said lead author Amanda Raffoul, instructor in Paediatrics at Harvard Medical School.




When we drive through a forest of *chilgoza pine*, a small flock of *fire-fronted serin* bask on sun-drenched rocks, by the side of the road. I'm reminded of childhood trips to Kashmir and seeing this particular species of pine there. And of my grandmother, who always kept her *paan-daan* and *sarota* at hand and if dry fruits needed to be shelled, she would pull out her antique nut-cracker. This could tackle assorted sizes of nuts. The smallest slot for a chilgoza pine nut, a larger one for an almond shell, and the largest for a walnut!

PART:3

# Birds In The Snow




Kaza monastery


Yellow-billed chough

#A WINTER VISIT



Sahdev Singh
*Nature enthusiast, blogger and author*



> As we begin to get back into the car, a symphony of assorted bird calls alerts us to the fact that we are now surrounded by a mixed hunting-party. It is an early test for us to get the birding juices flowing. The inevitable tits can quickly be ticked off, spot-winged, great, rufous-vented and black-throated. There is also a woodpecker and some rock buntings.



We're probably not going to see too many birds in the winter in *Spiti*, but 'what we may find' should be interesting," was a part of the conversation, when we were planning our trip.

And so it proves to be!

We have gotten away from Jaipur at our usual ETD of 4 AM, made the now familiar pit-stops (from previous trips) en-route, and by late evening, have rolled up to *Narkanda*, beyond Shimla. A night at 2700 M helps in the acclimatization process, because over the next six days in the *Spiti valley*, we will be at elevations of 3700 M and higher. Another early start in the pale light of a wintry dawn, is enlivened by large flocks of *plain mountain finch*, flitting through leafless trees in an orchard, just across the road from the hotel.

In a car full of experienced birders, one should know when to call out anything interesting, or to just keep driving past. Today, we are aiming to reach *Nako* in the *Spiti valley* and it will be a long drive. We have tended to ignore any distant birds in order to maintain a driving rhythm. However, a solitary bird perched at the top of a conifer, belting out a loud chorus, is just too tempting to ignore. We stop the car to listen and to have a look. It is a *white-cheeked nuthatch*. Not quite doing what nuthatches usually do, which is to scuttle up-and-down tree trunks and along branches, much like woodpeckers. While stretching our legs, we soak in another stunning panoramic view of the *Greater Himalayas*, glistening in the distance. Later, today, we will need to thread our way through this formidable barrier by following the gorge of the *Sutlej river* through to the *Trans-Himalayas*.

As we begin to get back into the car, a symphony of assorted bird calls alerts us to the fact that we are now surrounded by a mixed hunting-party. It is an early test for us to get the birding juices flowing. The inevitable tits can quickly be ticked off, spot-winged, great, rufous-vented and black-throated. There's also a bar-tailed treecreeper, brown-fronted woodpecker, and some rock buntings. However, a tiny hyper-active nondescript bundle of feathers is proving rather more difficult for me. The most prominent feature is its bright golden-yellow eyebrow or so. It appears, even from a distance of mere yards, in the dense foliage of a tree above. And then for a brief moment, the jerkily-moving head is caught squarely, in focus in the binoculars and I realize that the 'golden eyebrow' is actually a single curved line in the middle of the forehead. *An auric tilak!*

It is a *goldcrest*.

When we drive through a forest of *chilgoza pine*, a small flock of *fire-fronted serin* bask on sun-drenched rocks, by the side of the road. I'm reminded of childhood trips to Kashmir and seeing this particular species of pine there. And of my grandmother, who always kept her *paan-daan* and *sarota* at hand, and if dry fruits needed to be shelled, she would pull out her antique nut-cracker. This could tackle assorted sizes of nuts. The smallest slot for a chilgoza pine nut, a larger one for an almond shell, and the largest for a walnut!

After the goldcrest and the fire-fronted serin (*Gelugpa*, or yellow hats and *Nyingmapa,* or red hats, respectively), birds with their foreheads daubed in sectarian Buddhist colours. What may we expect next? Perhaps, a long-forgotten animist bird species, sporting a differently coloured headband and singing verses from the ancient *Bon religion*, of which *Spiti* was once an outpost!

Early next morning in the *hamlet of Nako*, we find that *robin accentors* are house sparrows of the village, their orange breasts like little beacons of colour in the icicle-dripping bare bushes and stunted trees, thinly lining the narrow lanes. As we drive from Nako to Kaza, a large flock of *Brandt's mountain finch* chitters down on to the pebbly roadside. The finches are not quite as dark as illustrated in the bird guidebooks because they are now in their paler winter plumage. We wind our way down to the infamous *Malling nullah*. This tricky section is notoriously prone to landslides. Once a very large section of this hill had succumbed to gravity, closing the highway, not for hours, or even for days, but for weeks. Soon, we see the first of the *white-winged redstarts*. Rather surprisingly, this species would be the commonest of the birds at this time in *Spiti*. The males outnumber the females, with both sexes visible in large numbers, around habitation and in the vicinity of thickets of sea buckthorn. *Rosefinches* are quite often a relatively confusing family of birds in the Himalayas. There are several species that are difficult to ID, if you only happen to see the females. However, we do spot a large-sized male rosefinch which turns out to be a great rosefinch. What a gorgeous carmine contrast it provides to the virginal white snow, it is foraging in.

A lone *golden eagle* perches high on a rocky crag which juts out over the valley. Eventually, it does sally forth, launching itself with its heavy wings, beating at the thin air. Trackside, a sparsely vegetated ravine snaking down to the *Spiti river,* holds a smattering of birds which includes brown accentors. A *Tibetan snowcock* is flushed, allowing only a brief glimpse.

Most of our birding has been from the road, by stopping the vehicle at likely spots and walking along the track. I have been itching to ramble off-track. An opportunity presents itself when a large covey of *chukars* cuttle across the snow into a copse of willows. I decide to try and follow them to get a photograph. At first, the rocky ground, under the surface of the snow, is nice and hard, but a shallow ditch is full of glutinous mud and my boots are immediately covered in the glop. Of the *chukar*, there is only a tantalizing glimpse or two. And then, an unfamiliar bird flies up to a perch in the trees. It looks like a female bunting, but which one? I take several photos from different angles, getting my boots further mud-encrusted, but feeling rather pleased that making ID should now be easy from the photos. When I regain the road, my companions are looking at a perched male bunting, which can be easily identified as the black-throated bunting. The bird, I have been chasing, was obviously the female of the species. Oh well, better try and get the mud off the boots then, so that I'm allowed back in the vehicle. A flat stone with a sharp edge takes care of the lug sole, and the mud, plastering the sides of the boot is removed, without too much difficulty, by raking it vigorously on freshly piled snow on the road. It is only much later, back in the guest house, when I take off my boots, that I realize my socks are sodden. Tiny ice crystals had obviously penetrated my new (and supposedly snow-proof) boots when I had tried to clean them off the mud.

### Mornings in Kaza

We wake to the delight of sunlight, pouring in through the windows of the guest house. The early risers include the *corvids*, here represented by *yellow-billed choughs*. Crow-like in their utter disdain for anything that doesn't catch their fancy, yet, most attentive, if there is any chance of grabbing a tidbit when you happen to attract their attention. *Tibetan snowfinch,* in loose flocks, hug the jagged surface of the steep hill above the *gompa* or monastery, becoming instantly invisible when they alight on snow-dusted rocks. Mixed flocks of pigeons wheel round in exuberant flight. Hill pigeons are similar to our familiar rock pigeons, except for a bright white band across the middle of the tail, and snow pigeons are more silvery white than grey, with the sun flashing on their hoary breasts and pulsing narrow wings.

### Pin valley

The day before we are to depart *Spiti,* we drive up the *Pin valley.* The *Pin river* flows almost directly northwards to join the *Spiti river*. There has been fairly heavy snowfall, the night before. A snowplow has been deployed here earlier today to open the road. We see it en-route, parked safely but seemingly abandoned beside the track. It is entirely possible that if the cleared snow, which has been piled high on the verges, topples onto the road, we will get trapped here, since this road is the only entry and exit to and from the valley.

*Pin valley* has a different character from the *Spiti valley*. It is a narrow, picturesque valley. The track for the most part is not much higher than the level of the river. The mountains rise steeply on either side, restricting the hours of direct sunlight onto the valley floor. As a result, the river is more ice and snow than water. Giant boulders in the river are cast in mantles of white and overhanging banks of snow, completely hiding the glittering river in places.

For all the scenic beauty and wild isolation of the *Pin valley,* we have to admit that the afternoon's birding is rather thin. There are only a few representatives of the bird species that we have already seen in the *Spiti valley*. When we do turn around for Spiti, a solitary *white wagtail* flies across the *Pin river* to bid us farewell.

**...concluded.**

*rajeshsharma1049@gmail.com*


White-winged redstart


Pin valley

#ENTERTAINMENT

# New OTT Releases To Stream This January

Let's see, what the first month of the year has, in store for you

2023 gave us a lot of entertaining content on OTT and by the looks of it, 2024 won't be any different. You can expect a perfect mix of fresh offerings that cater to your binge-watching needs. And if you're looking forward to a host of new shows and movies to add to your watchlist, then here's what to expect from leading streaming services in January 2024.



### Fool Me Once

If you love the thriller genre, then you're probably familiar with *Harlan Coben's* popular novel-turned-series like '*The Stranger*' or '*The Innocent*.' Coben's latest project '*Fool Me Once*' is an eight-part limited series, surrounding a widow named *Maya*. In the days, after her husband's murder, *Maya* is shocked to find him paying their daughter a visit, after reviewing footage from a nanny camera, set up at home. Upon further investigation, she learns that her sister was killed with the same gun that killed *Joe*, suggesting that the two deaths are connected. What follows is a homicide investigation by a detective that opens up a can of worms for everybody involved.

**Release date: January 1**

### Echo

A first for Marvel Studios, *Echo* is the first MCU (Marvel Cinematic Universe) show to premiere under a binge model. The five-episode series stars Alaqua Cox as the deaf superhero character of *Echo*, who was introduced in the Jeremy Renner and Hailee Steinfeld-led show *Hawkeye*, in November 2021. Echo aka *Maya Lopez* is a hearing-impaired Native American woman, with the ability to perfectly replicate another person's fighting style. Echo follows Lopez as she is pursued by Wilson Fisk's (D'Onofrio) criminal empire. When the journey brings her home, she must confront her own family and legacy, as per the official plotline.

**Release date: January 9**

### Killer Soup


This is a show that you just don't want to miss! Starring *Manoj Bajpayee* and *Konkona Sen Sharma* in lead roles, the series revolves around the life of Swathi Shetty (Sharma), an aspiring home chef, who schemes a plan to replace her husband, Prabhakar (Bajpayee), with her lover, Umesh (also played by Bajpayee). Things, however, don't go to plan, as a local inspector along with a bunch of amateur criminals stir up trouble, leading to chaos and a recipe for laughter.

**Release date: January 11**

### Indian Police Force

*Indian Police Force* is set to deliver a thrilling entertainment experience, offering audiences worldwide an immersive journey into the next instalment of *Rohit Shetty's* cop universe. Making his digital directorial debut, Shetty presents a spectacle, featuring *Siddharth Malhotra* in a refreshing cop role, supported by a stellar cast including Shilpa Shetty Kundra, Vivek Oberoi, Shweta Tiwari, Nikitin Dheer, Rituraj Singh, Mukesh Rishi, and Lalit Parimoo in key roles. This high-octane series is a tribute to the dedicated service and unwavering patriotism of Indian police officers.

**Release date: January 19**







### You Are What You Eat: A Twin Experiment

The Netflix show has identical twins, changing their diets and lifestyles, for eight weeks in a unique scientific experiment, designed to explore how certain foods impact the body. Chronicling the recent Stanford University study of identical twins, the series follows twin pairs, one of whom is put on a vegan or plant-based diet (free of meat, seafood, eggs, and dairy), while the other eats an omnivore diet (including plants, meat, and animal by-products).

**Release date: January 1**


### Griselda

The six-part limited series is inspired by the real-life story of Griselda Blanco, a Colombian businesswoman turned drug lord aka 'The Godmother' of the criminal underworld of 1970s *Miami, Florida*. Playing the titular role is *Sofia Vergara*, who takes on a completely different role compared to everything else that we've seen her in, before. The official Netflix synopsis reads, "Griselda is inspired by the life of the savvy and ambitious Griselda Blanco, who created one of the most profitable cartels in history. In 1970s-80s Miami, *Blanco's* lethal blend of unsuspected savagery and charm helped her, expertly, navigate between business and family, leading her to become, widely known as, 'The Godmother.'"

**Release date: January 25**





## THE WALL





## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# बंद पड़े मकान से लाखों रुपए के सोने-चांदी के जेवर चोरी

## परिवार पिछले दिनों श्रीबालाजी के दर्शन करने गया हुआ था



चोरी की वारदात के बाद सामान बिखरा पड़ा है।

■ **सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की**

**डीडवाना,** (निसं)। डीडवाना शहर के सुभाष कॉलोनी में एक बंद पड़े मकान पर मंगलवार की रात चोरों ने धावा बोल लाखों रुपए के सोने-चांदी के आभूषणों पर हाथ साफ कर दिया। मकान में रहने वाला परिवार पिछले दिनों श्रीबालाजी के दर्शन करने गया था। तभी पीछे से चोरों ने इसे निशाना बना लिया और आसानी से वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए। हालांकि सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है, लेकिन अभी तक चोरों का कोई सुराग नहीं लगा है।

जानकारी के अनुसार सुभाष कॉलोनी निवासी लक्ष्मीनारायण वैष्णव अपने परिवार के साथ किराए के मकान में रहते हैं। गत दिवस वे श्रीबालाजी मंदिर के दर्शन करने गए थे। आज शाम को जब वे अपने घर लौटे और घर खोला तो उन्हें घर का सामान बिखरा हुआ मिला। और नकदी सहित सोने चांदी के जेवरात गायब मिले। हालांकि अभी तक चोरी हुए सामान का आंकलन नहीं हुआ है, मगर माना जा रहा है कि चोरी लाखों की हो सकती है। वहीं चोरी की सूचना मिलने पर डीडवाना पुलिस मौके पर पहुंची और मौका मुआयना कर जांच शुरू की।

# लाखों के सोने-चांदी के जेवर सहित नगदी चोरी

■ **सोने-चांदी के लगभग 20 तोला के जेवरातों सहित नगदी चोरी**

**सादुलपुर,** (निसं)। मंगलवार रात्रि को राष्ट्रीय राजमार्ग 52 पर स्थित गांव श्योपुरा में अज्ञात चोर एक मकान को निशाना बनाकर सोने चांदी के लगभग 20 तोला के जेवरातों सहित 9500 रुपए नगदी चोरी कर ले गए।

वहीं सर्दी बढ़ने के साथ ही अज्ञात चोरों ने अब शहर के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी चोरी की घटनाओं को अंजाम देना शुरू कर दिया है। बुधवार को ग्राम पंचायत गोठया बड़ी और लसेडी के दर्जनों ग्रामीण पुलिस थाना राजगढ पहुंचे तथा चोरी की घटना को लेकर रोष व्यक्त किया तथा बताया कि अज्ञात चोर लाखों की कीमत के जेवरात बिना किसी डर भय के चोरी कर ले गए। इस संबंध में ग्रामीणों ने कहा कि समय रहते चोरी का खुलासा नहीं हुआ तो मजबूरन ग्रामीणों को आंदोलन शुरू करना पड़ेगा। वहीं गांव श्योपुरा निवासी बलवान सिंह ने राजगढ़ थाने में इस आरोप का मामला दर्ज करवाया है कि दो जनवरी की रात को 8 बजे लगभग उसके भाई गंगाराम पूनिया के घर में घुसकर अज्ञात चोर अलमारी में रखे सोने के जेवरात 2 टेवटा 5 तोला, 2 अंगूठी 3 तोला, 1 रानी हार 3 तोला,1 तबीजी डेढ़ तोला, 2 जोड़ी कान का झुमका 2 तोला, हाथ बाजूबंद 1 तोला, एक हाथ का कडा 6.5 तोला, एक जोड़ी पाजेब चांदी, एक चेन 5 तोला तथा 9500 रुपए नगदी चोरी कर ले गए। पुलिस ने मामला दर्ज का जांच शुरू कर दी है।

# जमीन विवाद को लेकर बुजुर्ग महिला से मारपीट

## पुलिस पर कार्रवाई नहीं करने का लगाया आरोप

■ **तीन महिलाओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया**

**अजमेर,** (कासं)। रामगंज पुलिस थाना क्षेत्र में तीन महिलाओं द्वारा एक बुजुर्ग महिला से मारपीट करने का मामला सामने आया है। आरोपितों ने बुजुर्ग महिला को पीटते हुए बाल पकड़ कर उसे घसीट कर उसे पटक दिया। बुजुर्ग महिला ने रामगंज थाना पुलिस पर कारवाई नहीं करने का भी आरोप लगाया है। महिला की ओर से एसपी को शिकायत देकर न्याय की गुहार लगाई गई है। तीन महिलाओं के द्वारा पीड़ित बुजुर्ग महिला से मारपीट के वीडियो भी सामने आए हैं। मामला जमीनी विवाद बताया जा रहा है।

सोमलपुर निवासी पीड़ित बुजुर्ग महिला रहमत बानो पत्नी छोटू खान ने बताया कि उसकी एक जमीन ग्राम दौराई में है, जिसे उसने 2015 में खान बहादुर नाम के व्यक्ति से खरीदी थी। उसे जमीन पर उसने दो कमरे बना रखे हैं और बाकी खाली जमीन पर वह फसल बोती है। पीड़ित महिला ने बताया कि उसकी संपत्ति पर आमीन वह उसकी पत्नी समीना, बेटा आरिफ व अरबाज आए दिन उसे अकेला देखकर मारपीट करते हैं। इसके साथ गाली गलौज भी की जाती है। महिला ने बताया कि यह सभी लोग उसकी जमीन को हड़पना चाहते हैं। दिसंबर 2023 को आरोपी आमीन व उसके साथ 2 से 3 भूमाफिया लोग आए और उसे जमीन खाली करने के लिए धमकियां दी गई।

महिला ने बताया कि उसे धमकी दी गई कि अगर उसने जमीन खाली नहीं की तो वह जेसीबी लकार सारी फसल उखाड़ देंगे और जमीन पर कब्जा कर लेंगे। महिला ने आरोप लगाया कि इस घटना की शिकायत उसने 29 दिसंबर 2023 को रामगंज थाने में दी, लेकिन उसकी शिकायत पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। केवल उसे थाने बुलाकर बैठा दिया। पीड़ित महिला ने बताया कि 2 जनवरी को सुबह 10 बजे आमीन अपने अन्य लोगों के साथ आया और उसके साथ गाली-गलौज कर मारपीट की गई।

उसके बाल पकड़कर उसे घसीट और जबरन उसे उसकी संपत्ति से बाहर निकालने लगे। महिला ने आरोप लगाया कि आरोपी आमीन के साथ उसकी पत्नी बेटा और बेटों की पत्नी भी आए और मारपीट कर उसे घायल कर दिया। उसे धमकियां दी गई कि उसे इसी जमीन में दफना कर जमीन पर कब्जा कर लेंगे। महिला ने मामले में एसपी चुनाराम जाट को शिकायत देकर आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की है।

## दुष्कर्म का मामला दर्ज

**उदयपुर,** (निसं)। महिला का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म करने वाले के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रकाश गमेती पुत्र धूलीलाल के खिलाफ मजदूरी के पैसे देने के बहाने महिला को घर ले जा कर उसके साथ दुष्कर्म करने का प्रकरण दर्ज किया। प्रकरण के अनुसार 30 दिसंबर को महिला के लापता होने पर उसके भाई ने 31 दिसंबर को पुलिस थाने में एमपीआर दर्ज करवाई थी।

# महावीर प्रसाद व भागीरथ गढवाल सम्मानित



आरपीएफ निरीक्षक महावीर प्रसाद खोईवाल और आरक्षी भागीरथ गढवाल को सम्मानित किया।

**भीलवाड़ा,** (निसं)। रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट (आरपीएफ) भीलवाड़ा द्वारा किये गये उत्कृष्ठ कार्यों एवं चुनौतिपूर्ण लक्ष्यों को रेलवे सुरक्षा बल सदस्यों के सामुहिक सहयोग से प्राप्त करने पर व्यक्तिगत तौर पर आरपीएफ निरीक्षक महावीर प्रसाद खोईवाल और आरक्षी भागीरथ गढवाल को 68 वें रेल सप्ताह मनाये जाने के दौरान उत्तर पश्चिम रेलवे मुख्यालय जयपुर में महाप्रबंधक अमिताभ द्वारा प्रंशसा पत्र देकर सम्मानित किया। इसी तरह बोर्ड स्तर पर जोन द्वारा किये गये कार्य का विश्लेषण किया गया, सुरक्षा से संबंधित कार्यों का विश्लेषण करने पर रेलवे सुरक्षा बल उपरे जयपुर द्वारा किये गये उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्यों के लिये महानिरीक्षक रेलवे सुरक्षा बल ज्योति कुमार सतिजा को सुरक्षा शील्ड से सम्मनित किया गया। जोन स्तर पर रेलवे सुरक्षा बल उपरे के अजमेर मण्डल की उपलब्धिया अव्वल रहने पर मण्डल सुरक्षा आयुक्त, अजमेर मण्डल अमिताभ को समठा सुरक्षा शील्ड से सम्मानित किया गया।



मसूदा के निकटवर्ती ग्राम रागपुरा की काली दांती में खेत में बुधवार को बारह फीट लंबा अजगर दिखाई दिया। काली दांती निवासी लादू अपने खेत में कार्य कर रहा था कि उसे अजगर दिखाई दिया जिसको देखकर लादू भयभीत होकर वहां से भाग छूटा एवं ग्रामीणों को जानकारी दी। ग्रामीणों ने मसूदा स्नेक रेस्क्यू दल को सूचना दी। इस पर गो सेवक रेस्क्यू दल ने मौके पर पहुंचकर बारह फीट लंबे अजगर को पकड़ कर बोरी में बंद किया और उसे हरराजपुरा के जंगलों में सुरक्षित छोड़ दिया।

# दुपहिया वाहन चोर गिरोह के तीन आरोपी गिरफ्तार

## आरोपियों के कब्जे से दस दुपहिया वाहन जब्त किए

**उदयपुर,** (निसं)। शहर के प्रतापनगर थाना पुलिस ने दुपहिया वाहन चोर गिरोह का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर इनके कब्ज से चोरी किए गए दस दुपहिया वाहन जब्त किए।

प्रकरण के अनुसार पीड़ित प्रद्युम्न सिंह चुण्डावत पुत्र रामसिंह निवासी साकरोदा प्रतापनगर ने पुलिस थाने मेंरिपोर्ट दी कि 25 दिसंबर 2023 को बेडवास में होटल सनराईज के पास मैने बाइक खड़ी की थी। जिसे अज्ञात चोर चुरा ले गया। इस पर तलाश की लेकिन कोई सुराग नही लगा। इधर जिला पुलिस अधीक्षक भुवन भूषण यादव के निर्देश पर चलाए जा रहे तलाशी अभियान के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लोकेन्द्र कुमार, पुलिस उप अधीक्षक शिप्रा राजावत के सुपरविजन में प्रतापनगर थानाधिकारी हिमांशुसिंह राजावत के नेतृत्व में गठित दल को देबारी से अम्बेरी नेशनल हाईवे 76 क्षैत्र में माण्डवा की तरफ से आए युवकों द्वारा चोरी की वारदातें करने की जानकारी मिली। इस पर मामले में किए गए अनुसंधान में बताराम भील पुत्र कांतिलाल निवासी जनानिया खाखरा जोगीवड़ कोटड़ा, रणछोड़ लाल गमार पुत्र बाबुलाल गमार निवासी उपली सुबरी थाना कोटड़ा तथा प्रवीण कुमार गमार पुत्र बाबुलाल गमार निवासी बडली भला की आमली थाना मांडवा को डिटेन कर पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों की निशान देही से चोरी की गए 10 दुपहिया वाहन जब्त किए।

प्रारंभिक पूछताछ में पता चला कि हाइवे व आस पास क्षैत्र में सुनसान ईलाकों में खड़ी बाइके चोरी कर एकांत में छुपा दिया करते थे तथा ग्राहकों की तलाश कर बेच दिया करते थे। अधिक बाइक इकठ्ठा होने पर अगल अगल ग्राहकों को बाइक बेचने के प्रयास में थे। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। जिनसे और भी वारदातें खुलने की संभावना है।

# मोबाइल टावर के पैनल में लगी आग



पेनल में लगी आग को बुझाया।

**भीलवाड़ा,** (निसं)। वाल्मिकी कॉलोनी वार्ड नंबर 27 में अरिहंत हॉस्पिटल के पास जिओ कंपनी का मोबाइल टावर लगा हुआ है इस मोबाइल टावर के पैनल में आग लगने से आसपास के लोगों में अफरा तफरी मच गई दहशत का माहौल पैदा हो गया वहीं बड़ा हादसा होते-होते टल गया। राजस्थानी जनमंच के अध्यक्ष कैलाश सोनी ने बताया कि वाल्मीकि नगर में जहां टावर लगा हुआ है उस के पास बच्चों की स्कूल, मंदिर एवं नजदीकी अरिहंत हॉस्पिटल है।

नियमानुसार मोबाइल टावर के आसपास मंदिर स्कूल हॉस्पिटल नहीं होनी चाहिए उसके बावजूद यह मोबाइल टावर लगा हुआ है। वहां पर आसपास सैकड़ों परिवार निवास करते हैं। आग लगने के बाद इन परिवारों में दहशत का माहौल है। सभी ने इस मोबाइल टावर को तुरंत हटाने की मांग की है।

# शारीरिक दक्षता जांच में फर्जीवाड़ा पकड़ा

**जोधपुर,** (कासं)। पुलिस आयुक्तालय जोधपुर में कांस्टेबल भर्ती परीक्षा के शारीरिक दक्षता जांच में आए एक युवक ने फर्जीवाड़ा करते हुए अपने साथी को दौड़ा दिया। रिडिंग की जांच में यह फर्जीवाड़ा पाया गया। युवक ने परीक्षा पास कर ली थी। अब उसके खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज हुआ है। जिसमें जांच की जा रही है। मामला मंडोर थाने मे दर्ज हुआ है।

पुलिस मुख्यालय के आदेश पर जोधपुर आयुक्तालय में कांस्टेबल भर्ती परीक्षा का आयोजन के तहत शारीरिक दक्षता और माप तोल 27 व 28 दिसम्बर को किया गया था। 28 दिसम्बर को इसका आयोजन बीएसएफ ट्रेनिंग सेंटर पर चल रहा था। तब वहां पर दो अभ्यर्थी अलवर के अमाला रेनी निवासी गौरव मीणा और सवाई माधोपुर के हीरपुर गंगापुर निवासी बलराम मीणा भी आए थे। यहां पर दौड़ में अभ्यार्थियों को चेस्ट नंबर और चिप का आवंटन हो रखा था। चिपों को उनके पैरों पर बांधा गया था। गौरव मीणा पांच किलोमीटर दौड़ के लिए चिप में आई रिडिंग से पता लगा कि वह पहली चिप में 10 राउण्ड चक्कर पूरे कर चुका है मगर दूसरी चिप में 12 राउण्ड का पता लगा। रिडिंग में गड़बड़ी का पता तब लगा जब हैदराबाद की टाइमिंग टैक्रालॉजी प्राइवेट लिमिटेड में इसकी जांच हुई। गौरव मीणा द्वारा पुलिस कांस्टेबल शारीरिक दक्षता एवं मापतोल में परीक्षा को पास कर लिया गया था। मगर जब रिडिंग में पता लगा कि फर्जीवाड़ा हुआ तो इसका खुलासा हो पाया। उसने अपने साथी बलराम मीणा को दौड़ में चिप के सहारा दौड़ाया। गौरव को चेस्ट संख्या 3023 और बलराम मीणा को चेस्ट संख्या 3021 का आवंटन हो रखा था। चिप रिडिंग से गौरव मीणा द्वारा किए फर्जीवाड़े में इसका खुलासा हुआ कि उसने परीक्षा को पास किया है। अब मंडोर थाने में डांगियावास थानाधिकारी मनोज कुमार की तरफ से केसदर्ज करवाया गया है।

## बी.एन. कॉलेज से सामान चोरी

**उदयपुर।** भूपालपुरा थाना पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ बीएन कॉलेज परिसर से सामान चुरा ले जाने का प्रकरण दर्ज किया। अन्यत्र हिरणमगरी क्षैत्र में निर्माणाधीन मकान से सामान चोरी करने वालों के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार बीएन कॉलेज भौतिक शास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष गायत्री शरण उपाध्याय पत्नी नरसिंह लाल उपाध्याय निवासी हिरणमगरी सेक्टर 3 ने पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया कि कॉलेज परिसर में निर्माण कार्य चल रहा है। 31 दिसंबर रात में युवतियां कार्यस्थल से वेल्डींग मशीन व दो बंडल इलेक्ट्रीक वायर चुरा ले गइ। इसका पता चलने पर की गई पडताल में युवतियों द्वारा वारदात करने की जानकारी सामने आई। इस मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया।

# तीन शार्पशूटरों को जेल भेजा

**सादुलपुर,** (निसं)। सादुलपुर में एक व्यक्ति की हत्या के इरादे से किराए के मकान में छुपे गिरफ्तार तीनों शार्पशूटरों को पुलिस रिमांड के बाद बुधवार को पुलिस ने न्यायालय में पेश किया। जहां न्यायधीश ने शूटरों को जेल भेजने के आदेश दिए।

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से दो पिस्टल, तीन मैगजीन तथा 15 जिंदा कारतूस बरामद किया था। थानाधिकारी सुभाष चंद्र ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी मोनू सोनी पुत्र सुभाष सोनी उम्र 22 साल निवासी गगोर थाना राजगढ़ जिला चूरु, मेहुल उर्फ चिंटू पुत्र महेंद्र नायक उम्र 19 साल निवासी राधा कृष्ण मंदिर के पास वार्ड नंबर 35 पिलानी जिला झुंझुनू तथा अंकित उर्फ गोलू पुत्र प्रदीप नाई उम्र 21 साल निवासी गढी केसरी थाना गन्नौर जिला सोनीपत हरियाणा को पुलिस रिमांड में पूछताछ के बाद न्यायालय में पेश किया गया।

थाना अधिकारी सुभाष चन्द्र ने बताया कि वहीं आरोपियो से पूछताछ के बाद मामले में शामिल अन्य आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस ने हर संभावित जगहों पर दबिश दी है। शीघ्र ही पुलिस मामले में शामिल अन्य लोगों को भी गिरफ्तार करने की कार्रवाई करेगी। उन्होंने बताया कि मामले में बेवड निवासी आशीष भी शामिल है। जिसने शूटरों को मदद की है तथा आरोपी आशीष कपिल पंडित का भाई है। कपिल पंडित का नाम पंजाबी गायकार मूसेवाला हत्याकांड में भी आया था एवं सादुलपुर के गढवाल हत्या मामले में भी आरोपी है। गिरफ्तार आरोपी घटना को अंजाम देने के लिए गत एक महीने से किराए के मकान पर रहकर तथा रैकी कर सादुलपुर कस्बे में एक युवक की हत्या का प्रयास कर रहे थे।

# नौकरी दिलाने का झांसा देकर मामा-भांजा को ठगा

**जोधपुर,** (कासं)। शहर के एम्स चिकित्सालय में सिक्युरिटी गार्ड की नौकरी दिलाने के नाम पर मामा-भांजा और एक अन्य को ठगी का शिकार बनाकर उनसे से तीन लाख से ज्यादा की ठगी कर ली गई। मामला गत साल का है। पुलिस में अब इस बारे में धोखाधड़ी का केस दर्ज करवाया गया है।

खारिया मीठापुर बिलाड़ा निवासी श्यामलाल पुत्र खेमाराम माली ने बासनी थाने में रिपोर्ट दी। इसमें बताया कि वह गत वर्ष पांच मार्च को अपनी बहन के इलाज के लिए एम्स चिकित्सालय बासनी आया था। जहां पर चाय के ढाबे पर उसे अशोक कुमार नाम का शख्स मिला और परिचय बढ़ाते हुए उसके कामकाज के बारे में पूछा। श्यामलाल ने खुद को बेरोजगार बताया था। तब उस शख्स अशोक कुमार ने खुद को एम्स चिकित्सालय में सुपरवाइजर होना बताया और कहा कि एसआईएस कंपनी है जोकि एम्स में सिक्युरिटी गार्ड की नौकरी देती है। यदि वह नौकरी पर लगना चाहता है तो वह लगा सकता है। इस पर परिवादी श्याममलाल उसके झांसे में आया गया। उसे नौकरी लगवाने के नाम पर दो लाख रूपए मांगे गए थे। वह अपने गांव गया और बाद में अशोक कुमार नाम के शख्स को नौकरी लगाने के लिए कहा। इस पर 16 मार्च को फिर जोधपुर आया और उसे एम्स के बाहर चाय के ढाबे पर 50 हजार रूपए दिए। कुछ रूपए फोन के माध्यम से दिए गए।

उसे एक महिने में नौकरी लगाने को कहा गया। बाद में परिवादी श्यामलाल ने अपने भांजे महेंद्र पुत्र बाबूलाल की नौकरी के लिए बात की फिर एक अन्य रिश्तेदार महेद्र पुत्र तिलाराम की भी बात की थी। सभी ने अपने दस्तावेज और तीन से चार लाख रूपए के बीच आरोपी अशोक कुमार को केश एवं फोन पे के माध्यम से दे दिए। मगर इनकी नौकरी नहीं लगी। फिर आरोपी ने फोन बंद कर दिया। यहां आकर पड़ताल की तो मालूम हुआ कि अशोक कुमार का कोई व्यक्ति सुपरवाइजर नहीं है और ना ही एसआईएस नाम की कोई कंपनी को कार्यालय शास्त्रीनगर में है। बासनी पुलिस ने धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज कर अब जांच आरंभ की है।

## कड़ाके की ठण्ड में नवजात भ्रूण को झाड़ियों में फैंका

**परबतसर,** (निसं)। परबतसर में मानवता को शर्मसार करने वाला मामला सामने आया है। किसी कुमाता ने कड़ाके की ठण्ड में भ्रूण झाड़ियों में फेंक दिया। नवजात शिशु का शव मिलने से पूरे इलाके में सनसनी फैली हुई है। मेगा हाइवे के नजदीक बीच कटीली झाड़ियों में यह शव मिला है। स्थानीय लोगों ने ग्रामीण थाना पुलिस को इसकी सूचना दी। जानकारी के अनुसार परबतसर थाना क्षेत्र के मेगा हाइवे के पास लोगों ने झाड़ी के नीचे कपड़े में लपेट कर कुछ रखा हुआ दिखा। जिसके बाद उन्होंने कपड़े को खोल कर देखा, तो कपड़े में भ्रूण लपेटा हुआ मिला. जिसके बाद पुलिस को इसकी सूचना दी। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने भ्रूण को कब्जे में लेकर जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है। परबतसर थानाधिकारी नन्दलाल चौधरी ने बताया कि यह भ्रूण एक दिन पुराना है। मेगा हाइवे के बीच झाड़ियों मे किसी ने फेंका है। ये बच्ची का है। फिलहाल पुलिस अज्ञात जननी के विरूद्ध मुकद्दमा दर्ज कर पूरे मामले की जांच में जुट गई है।

# सांभर साल्ट प्रबंधन पर चहेतों को लाभ पहुंचाने का आरोप लगाया

■ **केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह को भाजपाइयों ने हकीकत बताई**



सांभर साल्ट सर्किट हाउस में केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह को सांभर साल्ट प्रबंधन की भाजपाईयों ने जानकारी दी।

**सांभरझील,** (निसं)। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह के सांभर आगमन पर सांभर साल्ट के सर्किट हाउस में निर्मल कुमावत की अगुवाई में कार्यकर्ताओं ने मुलाकात कर सांभर साल्ट प्रबंधन की खुलकर हकीकत बताई। लिखित में ज्ञापन सौंपते हुए इस मुद्दे को गंभीरता से लेते हुए तत्काल उचित कार्रवाई करने का भी अनुरोध किया।

बताया गया कि सांभर साल्ट्स लिमिटेड का प्रबन्धन पिछले एक वर्ष में सांभर के 87 आदमी जो कि दैनिक भत्ते एवं ठेके पर रहकर कार्य कर रहे थे को हटाकर अपने जानकार कम्पनी के द्वारा अपने चहेतों को 20 हजार से 35 हजार की तनख्वाह पर रख रहे हैं, जबकि स्थानीय युवाओं को इसी कार्य के लिये 8 से 10 हजार रूपये भुगतान किया जा रहा था। जबकि उनका कार्य भी संतोषजनक था। इस कारण स्थानीय युवा बेरोजगार हो गये है और कम्पनी पर लाखो रूपयों का अतिरिक्त आर्थिक भार पडा हैं।

सांभर साल्ट्स लिमिटेड की नीति रही है लम्बे समय तक दैनिक वेतन (डेलीवेज) पर रहने वाले कार्मिकों को 5-7 साल बाद नियमित कर दिया जाता था। परन्तु अभी वर्तमान कम्पनी प्रबन्धन कार्य द्वारा 20-20 साल काम करने के बाद भी नियमित नहीं किया जा रहा है।

सांभर साल्ट से सेवानिवृत कर्मचारी जो कि औधोगिक वेतन श्रृखंला एवं केन्द्रीय वेतन श्रृखंला में थे को सन् 2006 से बढे हुये पेंशन देना था लेकिन प्रबन्धन ने भारत सरकार के आदेशों को दरकिनार कर 2022 से पेंशन लागू की है जिसे कम्पनी के 354 सेवानिवृत कर्मचारियों को नुकसान हो रहा हैं। सांभर नगर से 30 किमी. दूर नावां एवं राजास में निजी नमक उत्पादक नमक उत्पादन का कार्य कर रहे हैं एवं काफी कुशलतापूर्वक संचालन कर रहे हैं। सांभर नगर के आसपास काफी सरकारी जमीन खाली पड़ी हैं उस जमीन में निजी नमक उत्पादको को नमक उत्पादन करने की अनुमति प्रदान किया जाना चाहिए ताकि इस क्षेत्र में हजारो लोगो को रोजगार मिल सके।

## संक्षिप्त

### योजना को बंद नहीं करने की मांग

कोटपूतली। राजीव गाँधी युवा मित्रों ने राजीव गांधी युवा मित्र इंटर्नशिप योजना को बंद नहीं करने की मांग को लेकर बुधवार को मुख्यमंत्री के नाम कोटपूतली-बहरोड जिला कलेक्टर आईएएस शुभम चौधरी को ज्ञापन सौंपा। राजीव गांधी मित्र विकास यादव ने बताया कि राज्य में वर्ष 2021-22 से संचालित राजीव गांधी युवा मित्र इंटर्नशिप योजना के तहत 05 हजार युवा केन्द्र व राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं का प्रचार प्रसार कर रहे थे एवं अन्तिम छोर पर बैठे व्यक्ति को योजनाओं का लाभ दिला रहे थे। वर्तमान में इस योजना को 31 दिसंबर 2023 को राज्य स्तर से समाप्त करने का आदेश जारी किया गया है। सरकार द्वारा लिए गए इस निर्णय से प्रदेश के 05 हजार युवा मित्रों पर बेरोजगारी का संकट मंडराने लगा है। राजीव गांधी युवा मित्रों ने बताया कि अगर इस योजना को बंद किया जाता है तो योजना से जुडे हुए 05 हजार युवा मित्रों पर बेरोजगारी का संकट उत्पन्न होगा।

### विधायक पटेल का अभिनंदन

कोटपूतली। कोटपूतली अभिभाषक संघ अध्यक्ष एड. दयाराम गुर्जर के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने बुधवार को विधायक हंसराज पटेल का साफा व माला पहनाकर एवं गुलदस्ता भेंटकर स्वागत व अभिनंदन किया। साथ ही नववर्ष की बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित की। इस दौरान उपाध्यक्ष एड. सुशील यादव, कोषाध्यक्ष एड. ज्योति शर्मा, एड. चेतराम रावत, एड. सत्यवीर पायला, एड. कृष्ण कुमार गुर्जर, एड. प्रदीप गोयल, एड. धर्मपाल सूद, एड. राजपाल चौधरी व एड. हनुमान यादव सहित अन्य अधिवक्तागण मौजूद रहे।

### प्रतिभाओं का किया सम्मान

कोटपूतली। सैनी विकास संगठन के तत्वाधान में बुधवार को माता सावित्री बाई फूले की 193 वीं जयंती मनाई गई। इस मौके पर डाबला रोड स्थित सत्यम गार्डन में चतुर्थ विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए स्वैच्छिक रक्तदान किया।

# आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति को सुचारु रखने के लिए कलेक्टर ने ली बैठक



खैरथल में सुरक्षा को लेकर जिला कलेक्टर अधिकारी हनुमान मल ढाका, एस.पी. भिवाड़ी खैरथल एवं एडीएम ओम प्रकाश साहरण के साथ बैठक की ।

■ 'डीजल पेट्रोल पंप व गैस एजेंसी मालिकों के साथ ट्रांसपोर्टर को वाहनों की सुरक्षा के लिए पुलिस की मिलेगी मदद'

खैरथल। प्रदेश में ट्रक ऑपरेटरों और चालकों की हडताल को मद्देनजर रखते हुए जिला कलेक्टर हनुमान मल ढाका ने पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों एवं पेट्रोल पंप गैस एजेंसी और ट्रांसपोर्टर के साथ बैठक की और जिले में आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति को सुचारु रखने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए वहीं सीएलजी सदस्यों के साथ बैठक की।

बैठक में जिला कलेक्टर हनुमान मल ढाका ने बताया कि हिट एंड रन कानून के नए प्रावधानों के चलते वाहन चालकों की ओर से हडताल को देखते हुए आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति को सुचारू बनाए रखने के लिए विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए गए। ट्रक चालक यूनियन प्रतिनिधियों कानून को लेकर जनहित की भावनाओं को लेकर आश्वत किया गया।

भिवाडी एसपी योगेश दाधीच ने ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन को आश्वत किया गया कि वे अपने वाहनों को निरन्तर संचालित रखे। उनके वाहन चालकों को तथा वाहनों को पूर्व सुरक्षा पुलिस प्रशासन द्वारा प्रदान की जावेगी। गैस एजेन्सी तथा पैट्रोल पम्प के एसोसिएशन के पदाधिकारियों को सप्लाई को बाधित नहीं होने हेतु कहा गया तथा उनके वाहनों को सुरक्षा हेतु सुनिश्चित किया गया।

खैरथल एसपी सुरेंद्र सिंह ने कहा कि गैस एजेंसी एवं पेट्रोल/ डीजल लाने वाले वाहनों को पुलिस पुख्ता सुरक्षा देने के लिए व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर खैरथल तिजारा ओमप्रकाश सहारण, अतिरिक्त जिला कलेक्टर भिवाडी शिवचरण मीना, जिला रसद अधिकारी प्रशांत यादव, जिला परिवहन विभाग साथ-साथ ट्रांसपोर्टर यूनियन के पदाधिकारी, पैट्रोल पम्प डीलर्स, गैस ऐजेंसी मालिक मौजूद रहे।

दूसरी ओर खैरथल जिला सचिवालय पर जिला कलेक्टर हनुमान मल ढाका की अध्यक्षता में सीएलजी सदस्यों की बैठक आयोजित हुई। बैठक में किशनगढ़,मुंडावर सहित खैरथल के सीएलजी सदस्य शामिल हुए। बैठक में सदस्यों ने ने बताया की अभी तक हमारे यहां कोई समस्या नही है। अन्य दिनों की भांति कारोबार सही चल रहा है। दिल्ली जयपुर सहित अन्य जगहों से माल की आपूर्ति हो रही है। जिला कलेक्टर ढाका ने नए क़ानून को लेकर आमजन में फैली भ्रांतियो को दूर करने के लिए कहा। इस नए क़ानून से उन्ही लोगो को नुकसान है जो लापरवाही से वाहन चला कर किसी की जिंदगी के साथ खिलवाड़ कर उसे छुपाने की कोशिश करते है। कलेक्टर ढाका ने सीएलजी सदस्यों से किसी भी प्रकार की अफवाहों से सावचेत रहने की अपील करते हुए कहा की वे कंट्रोल रूम पर जानकारी दे सकते है।

सदस्यों ने जिला कलेक्टर को अवगत कराया की खैरथल व किशनगढ़ के बाजारों में बडे वाहनों की नो एंट्री की जाये जिससे जाम की समस्या से निजात मिल सके। सदस्यों ने सुझाव दिया की खैरथल के शनि मंदिर से अंडर ब्रिज तक लगने वाले टैक्सी स्टेण्ड को उनके नियत स्थान पर भेजकर यहां अस्थाई पार्किंग व्यवस्था सुचारु कराई जाये।

## सार-समाचार

### 'सावित्री बाई फुले ने महिला शिक्षा की अलख जगाई'



मालपुरा ( निस )। प्रथम महिला शिक्षिका सावित्री बाई फुले 193वीं जयंति पर बुधवार को मालपुरा मे अनेक कार्यक्रम आयोजित किये गये। जयपुर रोड शास्त्री पार्क मे नारी शक्ति ने सावित्री बाई के चित्र के समक्ष पुष्प चढा नमन करते हुए उनके बताये मार्ग पर चलने व महिला शिक्षा की क्रान्ति को अनवरत जारी रखने का संकल्प लिया। भागीरथ सेना संगठन की महिला प्रदेशाध्यक्ष मालती सैनी ने कहा कि सावित्री बाई फुले ने महिला शिक्षा के लिए 1848 मे महाराष्ट्र के पुणे स्थित भिडेवाला मे महिलाओ के लिए पहला स्कूल खोला तथा महिला शिक्षा के लिए जागृति की ज्योत जलाई। सावित्री बाई ने महिलाओं के साथ हो रहे भेदभाव के विरूद्ध लम्बी लडाई लडते हुए 1864 मे बेसहारा महिलाओं के लिए आश्रय स्थल की स्थापना की। मालती सैनी ने बताया कि सावित्री बाई को देश मे महिला आंदोलन की जननायक बताया। सरपंच रूचिता सैनी ने भी सावित्री बाई के जीवन व समाज सुधारक के साथ-साथ शिक्षा के क्षेत्र मे किये गये अनुकरणीय कार्यो पर प्रकाश डाला। एडवोकेट गीता वालिया,बाबा साहेब अम्बेडकर सेवा समिति अध्यक्ष पूजा लोकेश लोदी सहित नारी शक्ति मौजूद रही। मालियो की बगीची पुरानी तहसील मे फुले जयंति मनाई गई।

### अक्षत पूजित ध्वज यात्रा निकाली



बहरोड/ नीमराना। 3/1/2024 अलवर भाजपा व्यवसायिक प्रकोष्ठ के सभी राम भक्तों व श्री राम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा आनंदोत्सव समिति गूंती ने श्री राम जन्मभूमि आनंद उत्सव की अक्षत पूजित यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया । आयोजित कार्यक्रम में अलवर भाजपा व्यवसायिक प्रकोष्ठ ने ठाम गूंती में श्री राम जन्मभूमि से आए पूजित की अक्षत यात्रा बडी धूमधाम से निकाली। वहीं यात्रा ठाम गूंती की सीमा से शुरू होकर गांव के बीच स्थित हनुमान मंदिर पर समापन हुई। जिसमें काफी महिला व पुरुष व बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। वहीं यात्रा का सभी राम भक्तों के हाथों में ध्वज के साथ यात्रा का समापन किया। इस दौरान कार्यक्रम संयोजक कृष्ण कुमार यादव, सहसंयोजक राजेश शर्मा, ग्रामीण बिजेंद्र यादव, कृष्ण यादव, संदीप यादव, देवी लाल पुजारी, रंगलाल, राजेश, सियाराम जांगिड़, सुनिल, हनुमान, दिनेश जांगिड़ सहित अनेक राम भक्त उपस्थित रहे।

## जनप्रतिनिधियों से किया संवाद

मालपुरा ( निस )। ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं के अभाव में समस्याओं से जूझ रहे ग्रामीणों को राहत पहुंचाने तथा समस्याओं के समाधान को लेकर बुधवार को सिकोईडिकोन संस्था की ओर से जनसंगठनों व पंचायत जनप्रतिनिधियों के साथ संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया।

संस्थान के डॉ. आलोक व्यास, जिला परिषद सदस्य छोगालाल गुर्जर,सरपंच रूचिता सैनी, रामस्वरूप मीणा, धन्नालाल बैरवा, कैलाश देवी, घीसी देवी, सोना चौधरी, हनुमान चौधरी, मनोहरी स्वामी, मंन्शारीम अतिथि रहे। जनसंवाद कार्यक्रम मे पहुंचे संस्था से जुडे ग्रामीण प्रवेश के कार्यकर्ताओ ने जनप्रतिनिधियो के समक्ष गांवो की समस्या रखी जिनमे सुरजपुरा मोड पर सडक के दोनो और जंगल कटिंग एवं मोड को दुरस्थ करवाने,बागडी मे नालियो के अभाव मे आम रास्तो मे फैल रही गंदगी से निजात दिलवाने सहित गांवो मे अधोषित विधुत कटोती, घर-घर नल कनेक्शन मे पेयजल आपूर्ति बाधित रहने जैसी समस्याऐं सामने आने पर डीआर छोगालाल गुर्जर ने पीडब्ल्यूडी जेईएन जयदेव सोलंकी को कार्यक्रम स्थल पर बुला ग्रामीणो की समस्याओं से त्वरित कार्यवाही कर समस्याओं से निजात दिलाने की बात कहते हुए आवश्यक चर्चा की।

संस्था द्वारा समय-समय पर जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित कर गांवो की समस्याओं से जनप्रतिनिधियो को अवगत करवा राहत पहुंचाने के सराहनीय कार्य की जनप्रतिनिधियो ने प्रशंषा की। इस दौरान केएसएस महासंघ के संघ अध्यक्ष कैलाश गुर्जर,रामलाल मेघवंशी, जगदीश शर्मा, लालाराम जाट, कार्यक्रम समन्वयक प्रहलाद जाट आदि मौजूद रहे।

# सावित्री बाई फूले की जयन्ती ''प्रेरणा दिवस'' के रूप में मनाई

अलवर। अलवर जिला सैनी महासभा एवं राष्ट्रीय सैनी सभा के संयुक्त तत्वाधान में आज बुधवार को भारतवर्ष की प्रथम महिला शिक्षिका, महान समाज सुधारिका माता सावित्री बाई फूले की 193वीं जयन्ती, काशीराम का चौराहा के पास स्थित सैनी समाज सभा भवन परिसर में "प्रेरणा दिवस" के रूप में मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता सैनी महासभा जिलाध्यक्ष पूर्णमल सैनी ने की।

युवा जिलाध्यक्ष एवं जिला प्रवक्ता जितेन्द्र खुराडिया ने बताया कि कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत माता सावित्री बाई फूले के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्पांजली अर्पित करते हुए की गई।

इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजिका कंचन सैनी एवं राष्ट्रीय सैनी सभा जिलाध्यक्ष कमल सैनी ने समाजसेवा में सक्रीय भागिदारी निभाने वाली भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सुनीता सैनी, समाजसेविका चन्दा सैनी, नगर परिषद पार्षद पिंकीरानी सैनी, नेहा, पूर्व पार्षद भावना सैनी, सेनिया सैनी, बीनासैन, राजेश्वरी सैनी, एडवोकेट प्रियंका सैनी, ज्योति सैनी, अध्यापिका रजनी सैनी, सुमन सैनी, शान्ति सैनी, साधना सैनी सहित 50 महिलाओं को दुपट्टा पहनाकर एवं माता सावित्रीबाई फुले का चित्र भेट कर सम्मानित किया गया। तत्पश्चात माता सावित्री बाई फुले के "जीवन आदर्शो तथा 21वीं सदी में महिला सशक्तिकरण" विषय पर आयोजित विचारगोष्ठी में उपस्थित वक्ताओं ने सावित्री बाई फुले के जीवन चरित्र एवं उनके द्वारा समाज हित में किये गये कार्यो का याद करते हुए कहां कि समाज में व्याप्त कुरूतियों एवं रूढिवादी प्रथाओं को समाप्त कर शिक्षा की अलख जगाने से ही समाज का विकास सम्भव है। मंच संचालन सैनी महासभा महामंत्री लक्ष्मण सिंह सैनी ने किया। कार्यक्रम के अन्त में सैनी समाज सलाहकार मा. दिनेश चन्द सैनी एवं चन्द्रकिशोर सैनी हलवाई के आकस्मिक निधन पर दो मिनट को मौन रख गया।

इस अवसर पर अलवर जिला सैनी महासभा जिलाध्यक्ष पूर्णमल सैनी, महामंत्री लक्ष्मण सिंह सैनी, युवा प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष जितेन्द्र खुराडिया, युवा शहर अध्यक्ष हेमन्त सैनी, युवा महासचिव महेन्द्र सैनी, पार्षद रमेश चन्द सैनी, पूर्व पार्षद रमन सैनी, केन्द्रीय विद्यालय प्राचार्य लेखराज सैनी सहित विभिन्न पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# 'डॉ. अम्बेडकर ने समाज में एकरूपता का कार्य किया'

■ डॉ. अम्बेडकर ने संविधान के जरिए समाज के प्रत्येक वर्ग को समाज की मुख्यधारा में लाने का प्रयास किया

अलवर। अलवर ग्रामीण विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री टीकाराम जूली ने कहा कि भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने संविधान के माध्यम से आम आदमी के अधिकारों को सुरक्षित कर सभी नागरिकों को समानता के अवसर प्रदान किए हैं जिसके माध्यम से कोई भी व्यक्ति उन्नति की ओर अग्रसर हो सकता है।

जूली आज लक्ष्मणगढ के गांव मुकुन्दपुरा में भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा के अनावरण के दौरान उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आने वाली पीढियों के लिए संविधान निर्माता के रूप में सामाजिक न्याय दिलाने में उनका योगदान अविस्मरणीय है। उन्होंने उपस्थित लोगो से डॉ अम्बेडकर के पदचिन्हों और संकल्पों पर चलने का आह्वान करते हुए कहा कि संविधान निर्माता डॉ अम्बेडकर ने संविधान के जरिए समाज के प्रत्येक वर्ग को समाज की मुख्यधारा में लाने का अद्वितीय कार्य किया है। उन्होंने कहा कि संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने समाज को एकरूपता के रूप में पिराने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब के सिद्धांतों एवं उनके द्वारा बताए गए मार्ग पर चलकर ही देश विकास के पथ पर अग्रसर हो सकता है। उन्होंने युवाओं से बाबा साहेब के मार्ग पर चलने के लिए आव्हान किया। तत्पश्चात जूली हरियाणा के नूहं में तीन राज्यों में मंत्री रहे स्व. चौधरी तैयब हुसैन की पत्नी के देहान्त पर उनके निवास पर शोक सभा में शामिल हुए।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष योगेश मिश्रा, राजगढ-लक्ष्मणगढ विधायक मांगेलाल मीणा, संजीव बारेठ, उमरदीन खान,साजिद अनवर, जोरमल, डॉ. कैलाश चन्द मीणा, जाकिर खान प्रधान, शोएब खान, सुशीला मीणा, राहुल खान, आर के बैरवा, कैलाश चन्द, नेमीचन्द, लाल मोहम्मद, गुड्डु सरपंच, नन्दकिशोर सहित गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## सावित्री बाई फूले की जयंती मनाई

कोटपूतली। कस्बे के डाबला रोड स्थित श्रीमती पाना देवी राजकीय कन्या महाविधालय में सैनी सभा संस्था द्वारा माता सावित्री बाई फूले की 193 वीं जयंती बुधवार को बडे ही धूमधाम के साथ मनाई गई। सर्वप्रथम सैनी सभा अध्यक्ष राकेश सैनी व महाविधालय के प्राचार्य ने महात्मा ज्योतिबा फूले व माता सावित्री बाई फूले की प्रतिमा के समक्ष द्वीप प्रज्वलन कर माल्यार्पण किया। इस मौके पर वक्ताओं ने माता सावित्री बाई फूले की जीवनी पर विस्तार से प्रकाश डाला। सैनी सभा अध्यक्ष राकेश सैनी, पूर्व अध्यक्ष बिड़दीचंद सैनी, पूर्व चैयरमैन एड. महेन्द्र कुमार सैनी ने माता सावित्री बाई फूले के पदचिन्हों पर चलने व बालिका शिक्षा को बढावा देने की बात कही। इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष कन्हैया लाल सैनी, शारदा, प्रिया, विमला समेत बडी संख्या में छात्रायें व समाज के लोग मौजूद रहे।

## अटूट आस्था का केन्द्र है जगन्नाथ धाम

कोटपूतली। नारेहडा-पावटा मार्ग से करीब 2 किलोमीटर पश्चिम दिशा में पहाडियों के बीच स्थित ग्राम पुरुषोत्तमपुरा का जगन्नाथ धाम भगवान और भक्त के अटूट आस्था का केंद्र है। यहां लगने वाले विशाल मेले में लाखों श्रद्धालु भगवान जगन्नाथ के प्रसाद चढ़ाकर मन्नत मांगते हैं। मेले की तैयारियों में ग्रामीण एक सप्ताह दिन पहले से ही जुट जाते हैं। इस मौके पर मंदिर परिसर को विशेष रूप से सजाया जाता है। मेले में लगी स्टालों पर लोग जरूरतमंद सामान की खरीदारी करते हैं। इस धाम के पीछे केशवदास नाम के एक शिष्य की अटूट आस्था से जुडी एक दिलचस्प कहानी है। बताया जाता है कि गांव में हजारों वर्ष पहले केशवदास नाम का एक भक्त हर वर्ष उडीसा के जगन्नाथ पुरी स्थित जगन्नाथ धाम के दर्शन करने पैदल जाया करता था। उसको जगन्नाथपुरी जाकर आने में करीब छह माह लगते थे। वक्त बीतने के साथ ही भक्त केशवदास वृद्ध हो गया। एक रोज केशवदास रास्ते में थक कर बैठ गया। तभी भगवान जगन्नाथ ने भक्त की लंबी तपस्या से खुश होकर दर्शन दिए और कहा कि भक्त तेरे गांव के नजदीक पुरुषोत्तमपुरा गांव में एक अखेबड नाम का पर्वत है। इस पर्वत से एक पत्थर की शिला टूट कर नीचे आएगी। जिसे मेरा स्वरूप मानकर पूजा करना। तभी से हर साल इस गांव में पौष माह कृष्ण पक्ष की नवमी को भगवान जगन्नाथ के वार्षिकोत्सव पर मेला भरता आ रहा है। मेले की खास बात यह है मेले वाले दिन उडीसा के भगवान जगन्नाथ को लगाए जाने वाला भोग की बजाए यहां भोग लगता है।

## मंत्री चौधरी आज मालपुरा में

मालपुरा ( निस )। राजस्थान सरकार मे केबिनेट मंत्री बने कन्हैयालाल चौधरी ने गुरूवार को मालपुरा विधानसभा क्षेत्र मे पहुंच उपखण्ड स्तरीय अधिकारियो की बैठक लेने के साथ-साथ कुराड पंचायत मुख्यालयो पर आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा कैम्प का करेगें निरीक्षण।

चौधरी की मालपुरा कार्यालय प्रमुख एडवोकेट अभिषेक पारीक ने बताया कि मालपुरा विधानसभा से लगातार तीसरी बार जीत की हैट्रिक बनाने के बाद मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के मंत्री मंडल की टीम मे केबिनेट मंत्री बनने के बाद गुरूवार को पहली बार मालपुरा विधानसभा क्षेत्र मे पहुंचेगें। प्रातः 9 बजे फागी, 1० बजे डेंचवास, 11 बजे चौसला, 12 बजे तीर्थ स्थल डिग्गी पहुंच कल्याणजी के दर्शन व पूजा अर्चना करेगें। साढे बारह बजे मालपुरा पहुंचने पर भाजपा कार्यालय पाण्डुक शिला पर स्वागत सभा होगी।

2 बजे कुराड मे आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा कैम्प का निरीक्षण कर शाम 6 बजे पंचायत समिति सभागार मे उपखण्ड स्तरीय अधिकारियो की समीक्षा बैठक लेगें। केबिनेट मंत्री बनने के बाद पहली बार राजनैतिक गृह क्षैत्र मालपुरा पहुंचने पर चौधरी का दर्जनो जगह ऐतिहासिक स्वागत किये जाने को लेकर स्वागत द्वार बनाये गये।

# किसानों के लिए ड्रोन से यूरिया का छिड़काव बना आकर्षण का केन्द्र



कोटपूतली में ड्रोन से यूरिया का छिड़काव करते कृषि विभाग के अधिकारी।

कोटपूतली। विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान कृषि विभाग की ओर से किया जा रहा ड्रोन प्रदर्शन ग्रामीणों के लिए आकर्षण का केन्द्र बन रहा है। शिविरों में ड्रोन के माध्यम से नेनो यूरिया छिडकाव की विधि का प्रदर्शन किया जा रहा है, जिससे किसान काफी प्रभावित हो रहे है।

■ कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं की भी दी जा रही जानकारी

विभाग के अधिकारी इस अवसर पर नेनो यूरिया का फसलों के लिए महत्व बता रहे हैं। साथ ही प्राकृतिक खेती सहित अन्य विभागीय योजनाओं की जानकारी प्रदान कर रहे हैं। कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक सरदारमल यादव ने बताया कि विभाग की ओर से जिले में 02 ड्रोन उपलब्ध करवाये गये है। जिनके माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र में विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान नेनो यूरिया छिडकाव का डेमो दिया जा रहा है। ड्रोन टेक्नोलॉजी से किसानों का काम काफी आसान हो गया है। बडे रकबे पर दवा छिडकाव के लिए ड्रोन काफी फायदेमंद है। इससे ना केवल किसानों के समय की बचत होती है बल्कि छिडकाव के दौरान फसलों को नुकसान भी नहीं होता। यादव ने बताया कि अब तक कोटपूतली, बहरोड, पावटा, विराटनगर, बानसूर सहित जिले की सभी पंचायत समितियों में आयोजित शिविरों में यह प्रदर्शन किया जा चुका है। शिविर स्थल के पास ही किसी खेत में यह डेमो दिए जा रहे है। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने इस नई टेक्नोलॉजी का प्रदर्शन देखा और इससे प्रभावित हुए। यादव ने बताया कि नेनो यूरिया फसलों के लिए बहुत आवश्यक है।

किसान 4 मिलीलीटर नेनो यूरिया प्रतिलीटर पानी में घोलकर फसलों पर छिडकाव करें तो फसली बीमारियों को दूर रखा जा सकता है और उत्पादन भी अधिक होता है। किसान अपने खेत में पॉवर स्प्रे, बैटरी स्प्रे या ट्रैक्टर चालित स्प्रे के माध्यम से भी नेनो यूरिया छिडक सकते हैं। यह कृषि ड्रोन मेक इन इंडिया है तथा प्रतिदिन लगभग 50 एकड़ खेतों में छिडकाव के लिए सक्षम है। यह एक एकड़ क्षेत्र को छिडकाव करने में अधिकतम 10 मिनट का समय लेता है। उन्होंने बताया की कृषि ड्रोन से 90 प्रतिशत जल एवं 75 प्रतिशत उर्वरकों तथा कीटनाशकों की बचत होती है।

## प्रतियोगी परीक्षा की कोचिंग शुरु

कोटपूतली। स्थानीय राजकीय एलबीएस पी.जी. महाविधालय द्वारा युवाओं के कैरियर निर्माण हेतु प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए निःशुल्क कोचिंग कक्षायें प्रारम्भ की गई है। ये कक्षायें महाविधालय के नियमित विधार्थियों के साथ-साथ प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विधार्थियों के लिए भी निःशुल्क है। प्राचार्य डॉ. सुरेन्द्र सिंह ने कहा कि महाविधालय कि ये पहल हर उस युवा के लिए वरदान साबित होगी जो पढाई के साथ-साथ अपना जीवन संवारना चाहते है। उन्होंने कहा कि कोचिंग के लिए श्रेष्ठत्तम फैकल्टी व उत्तम व्यवस्थायें हरसम्भव उपलब्ध रहेगी। यह महाविधालय कोटपूतली अंचल का सबसे बडा महाविधालय है। इसलिए हम सबका समाज के प्रति यह दायित्व है कि युवाओं के भविष्य निर्माण के लिए हम मार्गदर्शक की भूमिका अदा करते हुए समाज सेवा करें। उन्होंने विधार्थियों को लक्ष्य तय कर उसके अनुरूप तैयारी में जुट जाने के लिए प्रेरित किया। प्रो. विनोद भारद्वाज ने बताया कि पहले आओ पहले पाओ के आधार पर प्रवेश दिया जायेगा। जिसके लिए ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन चालू है। अभी तक 150 से अधिक रजिस्ट्रेशन हो चुके है। पहले बैच में केवल 100 विधार्थियों को ही प्रवेश दिया जायेगा। पहला बैच समाप्त होते ही दूसरा बैच प्रारम्भ किया जायेगा। पहले बैच की कक्षायें 03 जनवरी बुधवार से प्रारम्भ हो चुकी है।


## कार्यालय निर्वाचन अधिकारी एवं निरीक्षक, सहकारिता विभाग

निर्वाचन की सूचना

गिन्नी क्रेडिट को-ऑपरेटिव सोसायटी लि0, जयपुर के समस्त सदस्यों को सूचित किया जाता है कि समिति के संचालक मण्डल एवं पदाधिकारियों का निर्वाचन निम्नांकित निर्वाचन कार्यक्रम अनुसार सम्पन्न करवाया जायेगा:-

| क.सं. | विवरण | दिनांक |
|---|---|---|
| 1 | निर्वाचन का नोटिस एवं प्रस्तावित मतदाता सूची का प्रकाशन | 02.01.2024 |
| 2 | प्रस्तावित मतदाता सूचियों पर आक्षेपों की प्राप्ति दोपहर 01.00 बजे तक एवं तत्पश्चात प्राप्त आक्षेपों की सुनवाई कर अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन | 08.01.2024 |
| 3 | नाम निर्देशन पत्रों की प्राप्ति 09.00AM से दोपहर 12.00PM तक एवं प्राप्त निर्देशन पत्रों की सूची का प्रकाशन 12.30PM तक। | 10.01.2024 |
| 4 | नाम निर्देशन पत्रों की जांच 01.00PM से 03.00PM तक एवं वैध नाम निर्देशन पत्रों की सूची का प्रकाशन 03.30PM तक। | 10.01.2024 |
| 5 | उम्मीदवारी से नाम वापसी 10.00AM से 12.00PM तक एवं तत्पश्चात चुनाव में भाग लेने वाले उम्मीदवारों की सूची का प्रकाशन। | 11.01.2024 |
| 6 | मतदान (यदि आवश्यक हो तो) 10.00AM से 4.00PM तक | 18.01.2024 |
| 7 | मतगणना (मतदान पश्चात) | 18.01.2024 |
| 8 | पदाधिकारियों का निर्वाचन<br>1. नाम निर्देशन पत्रों की प्राप्ति 10.00AM से 11.00AM तक एवं तत्पश्चात प्राप्त नाम निर्देशन पत्रों की सूची का प्रकाशन।<br>2. नाम निर्देशन पत्रों की जाँच 11.30AM से 12.30PM तक एवं वैध नाम निर्देशन पत्रों की सूची का प्रकाशन 01.00PM तक।<br>3. उम्मीदवारी से नाम वापसी 2.30PM तक एवं तत्पश्चात चुनाव में भाग लेने वाले उम्मीदवारों की सूची का प्रकाशन।<br>4. मतदान (यदि आवश्यक हो तो) 3.00PM से 4.00PM तक एवं तत्पश्चात मतगणना। | 19.01.2024 |

(शिल्पा वर्मा) निर्वाचन अधिकारी

fincare Small Finance Bank

Registered Office: 301-306, 3rd Floor, ABHIJEET -V, Opp. Mayor's Bungalow, Law Garden Road, Mithakhali, Ahmedabad - 380006, Gujarat. www.fincarebank.com

LOAN AGAINST GOLD - AUCTION NOTICE ON "AS IS WHERE IS" BASIS

The below mentioned borrower/s have been issued notices to pay their outstanding amounts towards the loan against gold facilities availed from Fincare Small Finance Bank Ltd ("Bank"). Since the borrower/s has/have failed to repay his/their dues, we are constrained to conduct an auction of pledged gold items/articles on **10 January 2024 between 11:00 AM - 03:00 PM (Time)** at below mentioned branches according to the mode specified therein. In case of deceased borrowers, all conditions will be applicable to legal heirs. Please note that in the event of failure of the above auction, the bank reserves its right to conduct another auction without prior intimation.

**E-Auction Branch Details (E-auction will be conducted by using Weblink https://egold.auctiontiger.net/)**

**BHILWARA** - 23660001074882 | **JAIPUR** - 23660000901834 | **JAIPUR-TRIVENI NAGAR** - 23660000504412 | **JODHPUR ITI CIRCLE** - 23660001496527 | **KOTA - GHODE WALE BABA CROSS ROAD** - 23660000089671 23660000089741 23660000452808 23660000499519 23660000499669 23660001065469 | **SAGWARA** - 23660000477521 23660001118101 |

Note: The auction is subject to certain terms and conditions mentioned in the bid form, which is made available before the commencement of auction.

Sd/-
Manager
Fincare Small Finance Bank

## कार्यालय निर्वाचन अधिकारी एवं निरीक्षक, सहकारिता विभाग

निर्वाचन की सूचना

ऋषि क्रेडिट को-ऑपरेटिव सोसायटी लि. जयपुर के समस्त सदस्यों को सूचित किया जाता है कि समिति के संचालक मण्डल एवं पदाधिकारियों का निर्वाचन निम्नांकित निर्वाचन कार्यक्रम अनुसार सम्पन्न करवाया जायेगा।

| क्र.सं. | विवरण | दिनांक |
|---|---|---|
| 1 | निर्वाचन का नोटिस एवं प्रस्तावित मतदाता सूची का प्रकाशन | 03.01.2024 |
| 2 | प्रस्तावित मतदाता सूचियों पर आक्षेपों की प्राप्ति दोपहर 01.00 बजे तक एवं तत्पश्चात प्राप्त आक्षेपों की सुनवाई कर अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन | 09.01.2024 |
| 3 | नाम निर्देशन पत्रों की प्राप्ति 09.00 एएम से दोपहर 12.00 पीएम तक एवं प्राप्त निर्देशन पत्रों की सूची का प्रकाशन 12.30 पीएम तक। | 12.01.2024 |
| 4 | नाम निर्देशन पत्रों की जांच 01.00 पीएम से 03.00 पीएम तक एवं वैद्य नाम निर्देशन पत्रों की सूची का प्रकाशन 3.30 पीएम तक | 12.01.2024 |
| 5 | उम्मीदवारी से नाम वापसी 10.00 एएम से 12.00 पीएम तक एवं तत्पश्चात चुनाव में भाग लेने वाले उम्मीदवारों की सूची का प्रकाशन | 13.01.2024 |
| 6 | मतदान (यदि आवश्यक हो तो) 10.00 एएम से 4.00 पीएम तक | 22.01.2024 |
| 7 | मतगणना (मतदान पश्चात) | 22.01.2024 |
| 8 | पदाधिकारियों का निर्वाचन<br>5. नाम निर्देशन पत्रों की प्राप्ति 10.00 एएम से 11.00 एएम तक एवं तत्पश्चात प्राप्त नाम निर्देशन पत्रों की सूची का प्रकाशन<br>6 नाम निर्देशन पत्रों की जांच 11.30 एएम से 12.30 पीएम तक एवं वैद्य नाम निर्देशन पत्रों की सूची का प्रकाशन 01.00 पीएम तक।<br>7. उम्मीदवारी से नाम वापसी 2.30 पीएम तक एवं तत्पश्चात चुनाव में भाग लेने वाले उम्मीदवारों की सूची का प्रकाशन।<br>8. मतदान (यदि आवश्यक हो तो) 3.00 पीएम से 4.00 पीएम तक एवं तत्पश्चात मतगणना। | 23.01.2024 |

(शिल्पा वर्मा)
निर्वाचन अधिकारी

# विधायक धनकड ने विकास को प्राथमिकता से करने का भरोसा दिलाया

**पावटा।** विराटनगर विधानसभा से भाजपा विधायक कुलदीप धनकड ने बुधवार को प्रागपुरा कस्बे में जनसेवक धन्यवाद यात्रा निकाली। विराटनगर विधानसभा के नवनिर्वाचित विधायक कुलदीप धनकड के आभार व धन्यवाद यात्रा प्रागपुरा कस्बे गाजे-बाजे के साथ शहर के मुय मार्गो से होते हुए सुभाष

- **जनसेवक धन्यवाद यात्रा प्रागपुरा कस्बे में पहुंची, विधायक धनकड ने जताया आभार**



विधायक कुलदीप धनकड़ ने लोगों का स्वागत स्वीकार किया।

चौक पहुँची जहाँ यात्रा का समापन किया गया। यात्रा के दौरान विधायक कुलदीप धनकड का भव्य स्वागत किया गया व मुय मार्गों में सर्व समाज के लोगो सहित विभिन्न संगठनों व वर्गो एवं आमजन ने पुष्प वर्ष कर व पटाखे फोड, मिठाईयां वितरण कर नवनिर्वाचित विधायक कुलदीप धनकड का स्वागत किया बडी संया में समर्थकों के साथ विधायक धनकड ने पूरे मार्ग में हाथ जोड कर जनता का आभार जताया। विधायक कुलदीप धनकड ने जनसेवक धन्यवाद यात्रा मे लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं व आमजन के सहयोग से भारतीय जनता पार्टी का विधायक विराटनगर विधानसभा से जीत कर आया हैं जिसका पूरा श्रेय भारतीय जनता पार्टी के सभी कार्यकर्ता व आम जनता को जाता है। उन्होंने बूथ, शक्तिकेंद्र, मंडल, जिला, मोर्चा, प्रकोष्ठ के सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं का आभार जताते हुए कहाँ कि राजस्थान की जनता ने डबल इंजन की सरकार बनाई है और इसमें विराटनगर विधानसभा क्षेत्र की जनता की भागीदारी होने से इलाके को सीधा फायदा मिलेगा। विधायक कुलदीप धनकड ने कहा कि शिक्षित विराटनगर विधानसभा क्षेत्र- विकसित विराटनगर विधानसभा क्षेत्र विजन के तहत क्षेत्र में विकास कार्यो को गति देगें। विधानसभा चुनावों मे भरोसा जताने पर आम मतदाता व पार्टी कार्यकर्ताओं का आभार जताया। उन्होंने कहा कि आपके विश्वास पर खरा उतरने का प्रयास करूंगा। क्षेत्र में चहुंमुखी विकास के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे। इस दौरान विधायक ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के बारे में ग्रामीणों को जानकारी देते हुए यात्रा का लाभ उठाने की अपील की।

## मंत्री राठौड का स्वागत

**पावटा।** राजस्थान सरकार के कैबिनेट मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड के मंत्री पद की शपथ लेने के बाद पहली बार जयपुर ग्रामीण के विराटनगर विधानसभा के पावटा कस्बा पहुंचे। यहां भाजपा व्यवसायिक प्रकोष्ठ जिला संयोजक कन्हैयालाल मीणा, पावटा प्रधान प्रतिनिधि जगन चौधरी, पावटा प्रागपुरा नगरपालिका चेयरमैन प्रतिनिधि निर्मल पंसारी सहित भाजपा पदाधिकारियो व कार्यकर्ताओ ने उनका भव्य स्वागत किया। जयपुर से कोटपुतली आते समय जगह-जगह कैबिनेट मंत्री का गुलदस्ता भेंट कर अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि अनाचार, भ्रष्टाचार को अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हमें अपराध और अपराधी मुक्त राजस्थान बनाना है, जिससे आमजन शांतिपूर्ण जीवनयापन कर सकें। राठौड ने कहा कि एक बहुत बडी जिमेदारी मिली है। राजस्थान की जनता की सेवा का मौका दिया गया है।

पीएम, सीएम के नेतृत्व में राजस्थान का उत्थान करना है। विभाग कोई सा भी है, जिमेदारी के साथ सरकार चलानी है। अधिकारियों, मंत्रियों की सभी की जिमेदारी है। भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण को लेकर सरकार का जीरो टॉलरेंस है। 2047 तक विकसित भारत बनना है। जिसमें ये 5 साल महत्वपूर्ण हैं। पूरी तरह से राजस्थान की जनता ने संकल्पद्ध लिया है।

# नगर पालिका ने सरकारी भूमि को खाली कराया

- **एस.डी.एम. धीरज कुमार के निर्देशन में नगर पालिका ने की कारवाई**

**खैरथल।** तिजारा जिले की किशनगढ़ बास की नगर पालिका अधिकारीयों का सख्त रुप दिखाई दिया जब अधिकारी एसडीएम डॉ. धीरज कुमार के निर्देशन में बुलडोजर लेकर करोड़ों रुपए की सरकारी भूमि पर करीब 50 वर्षों से हो रहे स्थाई व अस्थाई अतिक्रमण को हटाने के लिए पहुंचा और अतिकर्मियों की एक नहीं सुनते हुए खाली भूमि पर से अस्थाई अतिक्रमण को खाली कराकर नगर पालिका स्वामित्व का बोर्ड लगा दिया।

नगर पालिका क्षेत्र के मोठूका रोड पर स्थित गांव भूरपहाडी में सरकार के राजस्व रिकॉर्ड खसरा नंबर 624 में दर्ज रकबा 1.93 हैक्टर जो लगभग 8 बीघा करोड़ों रुपए की सरकारी भूमि पर वर्षों से लोगों ने स्थाई व अस्थाई अतिक्रमण कर कब्जा कर रखा था। पूर्व में आने को बार सरकारी भूमि को खाली करने के लिए कार्रवाई की गई लेकिन अधिकारी राजनीतिक दबाव के चलते खाली नहीं करा पाए और अतिक्रमण दिन प्रतिदिन बढ़ता चला गया।

प्रदेश में भाजपा सरकार के बनते ही नगर पालिका अधिकारियों ने उक्त जमीन को खाली कराने के लिए 1 जनवरी 2024 को नोटिस चस्पा कर माइक से चेतावनी देते हुए स्थाई अस्थाई रूप से सरकारी भूमि पर किए गए कब्जे को हटाकर खाली करने की अपील की गई। ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचे एसडीएम से कहा कि नगर पालिका अधिकारियों ने आज सुबह ही दीवारों पर नोटिस चस्पा किए हैं और उन पर तारीख 1 जनवरी 2024 लिखी गई है। इसी प्रकार माइक से प्रचार भी सुबह ही कराया गया है।

किसानों ने कहा हम प्रशासन की कारवाई का कोई विरोध नहीं कर रहे हैं लेकिन हमारा इघन पड़ा है बटेवडे पड़े हैं हमें हटाने का समय तक नहीं दिया गया और जेसीबी चलवाकर इघन को नष्ट किया जा रहा है। एसडीएम ने किसानों की बात सुनकर कहा नगर पालिका की ओर से इघन उठाने के लिए साघन और कर्मचारी मदद के लिए लगाए गए हैं।

कार्रवाई के दौरान तहसीलदार भंवर सिंह नरूका नायब तहसीलदार वीरेंद्र सेन नगर पालिका कनिष्ठ अभियंता धर्मेंद्र चौधरी सुरेश शर्मा सहित नगर पालिका अभी राजस्व विभाग के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## सार-समाचार

### रक्तदान शिविर आयोजित

**श्रीमाधोपुर।** मां सावित्रीबाई फुले जयंती के अवसर पर ऐतिहासिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर सुबह 9 बजे हुआ जिसमें बावड़ी आश्रम के महंत ओंकार दास जी महाराज, सीकर के पूर्व विधायक महादेव सिंह खंडेला ,फुले ब्रिगेड के प्रदेश अध्यक्ष राम सिंह सैनी, खंडेला विधायक सुभाष मील ,पूर्व वैज्ञानिक सीताराम सैनी, हेमंत महाराज, महावीर सिंह खर्रा ,सुवालाल सैनी पूर्व गिरदावर, नगर पालिका प्रतिपक्ष नेता नंदकिशोर सैनी, श्रीमाधोपुर थाना अधिकारी विजय सिंह, डॉ. हंसराज चौहान, डॉक्टर सुमित्रा गुप्ता, बलराम यादव, डॉ. ज्योति सैनी ,पार्षद विनेश सैनी, मनोज धारिका, दिनेश कटारिया, ललित सैनी, राकेश सैनी ,शारीरिक शिक्षक भोलाराम सैनी आदि ने मां सावित्रीबाई फुले के छायाचित्र समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया । आयोजन समिति के कार्यकर्ताओं ने बताया कि सुबह 9 बजे रक्तदान प्रारंभ हुआ जो की देर शाम साढे 5:30 बजे तक सुचारू रूप से चला । श्रीमाधोपुर एवं आसपास के गांवो से युवाओं , महिलाओं व पुरुषों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया जिसमें 937 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। जिसमें 295 महिलाएं ,642 पुरुषों ने रक्तदान किया।रक्तदान शिविर में सीकर ,चोमू ,नीमकाथाना व जयपुर सहित आसपास की 10 से ज्यादा ब्लड बैंकों ने रक्त संठाह किया गया आयोजन समिति के महेश सैनी स्टेप बाय स्टेप इंटरनेशनल स्कूल मनोज सैनी, सुरेश सैनी मोटर ड्राइविंग, राकेश सैनी ,अशोक सोनी गोविंदपुरा ,राजू बागवान, सत्यनारायण शर्मा, सागरमल ,दिलीप सिंह शेखावत, अजय सैनी, माणकचंद तिवारी, कालूराम सैनी, रूडमल सैनी लिसाडिया, डॉ. बाबूलाल सैनी, ओमप्रकाश(प्रधान), बजरंग प्रजापत, दयाराम सैनी, कानाराम तिवारी, दुष्यंत सैनी, संजय चौधरी, रवि प्रकाश सैनी, दिलीप राष्ट्रवादी, सुभाष गढ़वाल, अजय सिंह प्रचारक, केदारमल सैनी, पूर्व पार्षद रामावतार सैनी, ओम प्रकाश सैनी, एनसीसी प्रभारी मनोज बगड़िया, नरेंद्र सैनी, महेंद्र गोदारा, रमेश सैनी, प्रिया राठी, सुमन सैनी ,राधा देवी, आरती सैनी, सुमित्रा देवी, पूजा देवी, पुष्पा देवी ,मनीषा, पिंकी सैनी, अनीता देवी, मंजू सैनी ,ममता चौधरी ,संजिता, सरिता देवी, कनिका सैनी, निर्मला ममता, कमलेश, शुभम, संगम, मनस्वी राज, नितिन शर्मा साहित सर्व समाज के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### हादसे में डंपर का केबिन क्षतिग्रस्त

**पावटा।** जयपुर-दिल्ली राजमार्ग पर पावटा कस्बे के सीएचसी कट पर डंपर से तेज रफ्तार पीछे से आ रहे डंपर की टक्कर हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि डंपर का केबिन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। चालक मौके से फरार हो गया व खलासी अंदर ही फंस गया। क्रेन मंगाकर पुलिस ने केबिन तोडकर खलासी को बाहर निकाला। खलासी को राजकीय स्वास्थ्य केंद्र पावटा में भर्ती कराया गया है। वहीं आगे चल रहे डंपर को लेकर चालक भाग निकला।राजमार्ग पर पावटा सीएचसी कट पर आए-दिन हादसे हो रहे हैं। पावटा सीएचसी कट पर रोड पार कर रहे पिकअप को बचाने के चक्कर मे एक डंफर चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिये वही पनियाला से जयपुर की तरफ से जा रहे डंपर चालक ने भी बचने के लिए एकाएक ब्रेक मार दिया। जिससे वह आगे वाले डंपर से टकरा गया।-दुर्घटना की सूचना मिलते ही यातायात पुलिसकर्मी व प्रागपुरा थाना पुलिस मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों की सहायता से क्रेन बुलाकर डंफर मे फँसे खलासी रियान निवासी यूपी को बाहर निकलवाया व राजकीय स्वास्थ्य केंद्र पावटा में भर्ती कराया।

### वाहनों की जांच के लिए निर्देश दिए

**किशनगढ़ बास/खैरथल।** जिला कलेक्टर हनुमान मल ढाका ने मंगलवार को जिला सचिवालय पर भिवाड़ी में वायु प्रदूषण पर नियंत्रण को लेकर नगर परिषद बीड़ा पॉल्यूशन परिवहन रीको के अधिकारियों के साथ वायु प्रदूषण व गेरडेड रिस्पांस एक्शन प्लान ठोप को लेकर बैठक ली। बैठक में कलेक्टर ने भिवाड़ी क्षेत्र के वायु गुणवत्ता सूचकांक की स्थिति, गे्रडेड रेस्पान्स एक्षन प्लान (ठोप) के दौरान लगायी जाने वाली पाबन्दीयों पर की जा रही कार्यवाही एवं संबंधित विभिन्न विभागों से अपेक्षित कार्यों के बारे में समीक्षा की और विस्तार से वायु प्रदूषण नियंत्रण को लेकर चर्चा की गई। बैठक में बताया कि वर्तमान में जीआरएपी चरण- और के प्रतिबंध लागू हैं। जिला कलेक्टर ढाका ने बैठक में अधिकारियों को शहर की प्रमुख सड़को से ठोस अपषिष्ट को हटाने, सड़को की नियमित सफाई एवं धूल नियंत्रण करने हेतु नियमित रूप से पानी के छिड़काव के निर्देश दिए गए। शहर में वायु प्रदूषण को नियन्त्रित के लिए परिवहन अधिकारी को वाहनों की पीयूसी जॉच कर नियमानुसार कार्यवाही करने के लिए कहा गया । रीको (प्रथम एवं द्वितीय) व बीड़ा अधिकारियों को गैर पक्की/खुली सड़कों के किनारों को पक्का करने तथा हरित करने के लिए समयबद्ध तरीके से कार्रवाई शुरू करने के निर्देश दिए गए हैं। बैठक के दौरान नगर परिषद खैरथल तिजारा आयुक्त श्याम बिहारी गोयल, नगर परिषद भिवाड़ी आयुक्त सुरेश मीणा, क्षेत्रीय अधिकारी पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड अमित शर्मा, रीको, बीडा, आवासन मण्डल, यातायात, परिवहन विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### दो हजार रूपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार

**जयपुर।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की टोंक टीम ने बुधवार को कार्रवाई करते हुए पुलिस थाना अलीगढ़ जिला टोंक के सहायक पुलिस उप निरीक्षक को परिवादी से दो हजार रूपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के अतिरिक्त महानिदेशक हेमन्त प्रियदर्शी ने बताया कि एसीबी की टोंक टीम को परिवादी ने शिकायत दी कि उसके साले के विरूद्ध दर्ज प्रकरण का चालान न्यायालय में पेश करने की एवज में सहायक पुलिस उप निरीक्षक रामलाल दो हजार रुपये की रिश्वत राशि की मांग कर रहा है। एसीबी की टोंक टीम के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेश आर्य के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन कर ट्रेप की कार्रवाई करते हुए सहायक पुलिस उप निरीक्षक रामलाल को दो हजार रुपये की रिश्वत राशि लेते गिरफ्तार किया गया है।

### मां सावित्रीबाई की जयंती मनाई

**राजगढ़ ।** कस्बे के पटरी की डूंगरी स्थित महात्मा ज्योतिबा फुले पार्क मैं मां सावित्रीबाई फुले की जयंती उत्साह एवं उल्लास के साथ मनाई। इस अवसर पर समाज के विद्वान एवं सावित्रीबाई फुले महिला समिति की अलका सैनी ने उनके जीवन से सीख लेने का आ ान किया। इस मौके पर मां सावित्रीबाई फुले अध्यक्ष अलका सैनी राष्ट्रपति से सम्मानित समिति संरक्षक प्रहलाद राय, सत्येंद्र सैनी, महेश सैनी, पार्षद लक्ष्मी नारायण सैनी,पार्षद हरिकिशन सैनी, और महात्मा ज्योतिबा फुले सचिव जितेंद्र सैनी पार्षद अंजू बाला, रजनी सैनी, सुनीता सैना मौजूद रहे।

# सावित्रीबाई फुले के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया

**फुलेरा।** कस्बे के बिचुन सड़क स्थित सावित्रीबाई फुले सर्किल पर बुधवार प्रातः 10:15 बजे नारी शिक्षा की प्रणेता, महान समाज सुधारक और देश की प्रथम महिला शिक्षिका सावित्री बाई फुले की जन्मजयंती पार्वती सैनी की अध्यक्षता में सादगी पूर्ण तरीके से मनाई गई।कार्यक्रमके प्रारंभ में सावित्रीबाई फुले संस्था की अध्यक्षा पार्वती सैनी, पार्षद पूजा भाटी ने सावित्रीबाई के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया।तत्पश्चातकार्यक्रमके दौरान मंच का संचालन करते हुए फुले संस्था महामंत्री योगेन्द्र गहलोत ने कहा कि सावित्री बाई ने विषम परिस्थितियों में भी समाज को एक नई दिशा प्रदान कर महिलाओं को आगे बढ़ाने का बीड़ा उठाया। उन्होंने अपनेप्रेणेता पति महात्मा ज्योतिबा फूले के साथ समाज सुधार की दिशा में अनेक प्रयास कियेथे।इसी क्रम में वरिष्ठ समाजसेवी रामजीलाल पापटवान ने कहा कि यह हमारी विडम्बना है कि बहुसंख्यक होने के बावजूद भी हमारे समाज में सामाजिक जागरूकता और चेतना का अभाव है। अतः सभी को मनन करना चाहिए।वहीं कार्यक्रम के दौरान समाज की नन्ही सी गुड़िया सानवी सैनी के जन्मदिवस पर उसको भी माल्यार्पण और तिलक लगाकर सभी ने शुभकामनाएं और आशीर्वाद प्रदानकरते हुए उज्जवल भविष्य कीकामनाकी।कार्यक्रमके अंतिम चरण में अध्यक्षा पार्वती सैनी ने सभी आगुंतको का आभार प्रकट किया।साथ हीकार्यक्रम में उपस्थितसभी को ऐसे सामाजिक आयोजन में बढ़ चढ़कर भाग लेने कीअपीलकी और सावित्री बाई के आदर्शो पर चलने की सीख दी। इस अवसर परपालिकाउपाध्यक्षयोगेशसैनी,पूजा भाटी, मदन गढ़वाल, सुरेश सांखला, तेजकरण बड़ीवाल, मांगीलाल सतरावला, राजेन्द्र सैनी, रूपनारायण सैनी, श्यामलाल सैनी, डॉ. मालचन्द मालाकार, सुनील कुमार सैनी, राजू कुंवाल, सूरज गढ़वाल, प्रेम पापटवान राजकुमारसैनीसहित अन्य कई लोग उपस्थित रहे।

## नशे से दूर रहने का संदेश

**पावटा।** नववर्ष पर समाज में नशे के बढते हुए प्रभाव एवं युवाओं को शराब जैसी चीजों से दूर रखने को लेकर नववर्ष की सुबह पावटा पंचायत समिति प्रधान प्रतिनिधि व पूर्व सरपंच जगन चौधरी, भाजपा व्यवसायिक प्रकोष्ठ जिला संयोजक कन्हैयालाल मीणा, पावटा नगरपालिका चेयरमैन प्रतिनिधि निर्मल जी पंसारी, सामाजिक कार्यकर्ता कैलाश स्वामी, सहित जनप्रतिनिधियों व सामाजिक कार्यकर्ताओं ने अनुठा संदेश दिया।

इस मौके पर उन्होंने प्रतिवर्ष की तरह कस्बे के भांकरी रोड मुय चौराहे पर सोमवार को आमजन को गर्म दुध का वितरण करते हुए विदेशी परपरा तोडो, भारतीय संस्कृति से नाता जोडो का संदेश दिया।

इस दौरान बडी संया में लोगों ने कार्यक्रम में भाग लिया। उन्होंने कहा कि आज की युवा पीढी पश्चिमी सयता के प्रभाव में आकर नशे की गिरत में आती जा रही है। कार्यक्रम में लोगों ने उत्साह से भाग लिया।

ऐसे में जरूरी है कि युवा शराब छोडकर दुध पीना शुरू करें।



**मुख्यमंत्री ने किया श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण:** मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा बुधवार को जयपुर के विद्याधर नगर में श्री मेहंदीपुर बालाजी धाम ट्रस्ट की ओर से आयोजित श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में पहुंचे। उन्होंने श्रीमद्भावत कथा का श्रवण किया और मेहंदीपुर धाम के महंत नरेशपुरी जी सहित उपस्थित संत महात्माओं का आशीर्वाद लिया

# योजनाओं में करवाया पंजीकरण

- **ग्राम पंचायत बुचरा में आयोजित हुआ शिविर**

**पावटा।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत बुधवार को पावटा पंचायत समिति की विभिन्न ग्राम पंचायतों ग्राम पंचायत बुचारा एवं फतेहपुरा खुर्द में प्रचार-प्रसार वैन एवं शिविरों के माध्यम से भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी आमजन को दी। पावटा उपखंड अधिकारी बी एल स्वामी व पंचायत समिति विकास अधिकारी सुरेश पारिख ने बताया कि विभिन्न लैगशिप योजनाओं एवं इनके प्रभावी क्रियान्वयन की जानकारी आमजन तक पहुंचाने और उन्हें योजनाओं का लाभ दिलवाने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में चलाई जा रही विकसित भारत संकल्प यात्रा की गारंटी वाली गाडी ने सोमवार को पंचायत समिति पावटा की ग्राम पंचायत बुचारा एवं फतेहपुरा खुर्द मे पावटा उपखंड अधिकारी बी एल स्वामी के निर्देश व पावटा पंचायत समिति प्रधान पूजा चौधरी के विशिष्ट आतिथ्य एवं बुचारा सरपंच विमला देवी फतेहपुरा खुर्द सरपंच प्रकाशचंद की अध्यक्षता मे यात्रा का स्वागत व आयोजन किया गया। ग्राम पंचायत बुचारा एवं फतेहपुरा खुर्द पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान उपखंड अधिकारी बी एल स्वामी ने भारत सरकार की लैगशिप योजनाओं के प्रति जन जागरूकता की और वंचित पात्रों को योजनाओं से जोडने के लिए जागरूक किया। शिविरों में विद्यार्थियों और आमजन ने विकसित भारत संकल्प यात्रा की वैन के पहुंचने पर स्वागत किया। शिविरों में आईईसी वैन द्वारा एलईडी के माध्यम से शासन की विभिन्न संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदर्शित की गई। इसके अतिरिक्त शिविर में पूर्व में शासन की योजनाओं का लाभ प्राप्त करने वाले हितग्राहियों द्वारा मेरी कहानी-मेरी जुबानी अंतर्गत योजना का लाभ पाने के बाद जीवन में आए बदलावों और आर्थिक उन्नति के बारे में अवगत कराया गया। शिविरों में स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी दी गई। साथ ही- विकसित भारत संकल्प यात्रा- स्वास्थ्य शिविर भी आयोजित किए जा रहे हैं। जिनमें स्वास्थ्य विभाग और आयुष विभाग द्वारा ग्रामीणों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण करते हुए आवश्यक परामर्श और उपचार भी किया जा रहा है। साथ ही आयुष्मान भारत सहित अन्य योजनाओं की जानकारी देते हुए आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु आवेदन भी प्राप्त किए जा रहे हैं। इस मौके पर नोडल अधिकारी शिवानी शर्मा नायब तहसीलदार ने राजस्व विभाग संबंधी योजनाओ की जानकारी दी। इस मौके पर अतिरिक्त विकास अधिकारी साँवरमल सैनी, ब्लॉक सांयिकी अधिकारी सोहन लाल सैन, मुय ब्लॉक शिक्षा अधिकारी महेश कुमार, ग्राम विकास अधिकारी जगदीश गुर्जर, नेमीचंद गुर्जर, आईटी विभाग से हेमंत कुमार व ललित अग्रवाल, वरिष्ठ सहायक साधुराम जाट सहित वार्ड पंच एवं समस्त विभागीय अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## जिला कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**पावटा।** आर्थिक व सांयिकी विभाग द्वारा राजीव गांधी युवा इंटर्नशिप समाप्त करने के मामले में राजीव गांधी युवा मित्रों द्वारा प्रदेश मुयमंत्री भजनलाल शर्मा के नाम जिला कलेक्टर शुभम चौधरी को ज्ञापन सोपा गया है।-राजीव गांधी मित्र विकास यादव ने बताया कि राज्य में वर्ष 2021-22 से संचालित राजीव गांधी युवा मित्र इंटर्नशिप योजना के तहत पांच हजार युवा केन्द्र व राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं का प्रचार प्रसार कर रहे थे अन्तिम छोर पर बैठे व्यक्ति को योजनाओं का लाभ दिला रहे थे। वर्तमान में इस योजना को 31 दिसंबर 2023 को राज्य स्तर से समाप्त करने का आदेश जारी किया गया है। सरकार द्वारा लिए गए इस निर्णय को प्रदेश के पांच हजार युवा मित्रों पर बेरोजगारी का संकट मंडराने लगा है। राजीव गांधी युवा मित्रों ने बताया कि अगर इस योजना को बंद किया जाता है तो योजना से जुडे हुए पांच हजार युवा मित्र पर बेरोजगारी का संकट उत्पन्न होगा।

# भाजपाइयों ने कार्य में अनियमितता व भ्रष्टाचार के आरोप जड़े

**सांभरझील, ( निसं )।** नेता प्रतिपक्ष अनिल कुमार गट्टानी के नेतृत्व में भाजपा पार्षदों ने नगर पालिका अधिशासी अधिकारी की गैर मौजूदगी में आमजन के कार्यों के प्रति बढ़ती जा रही लापरवाही, कार्य में अनियमितता व भ्रष्टाचार के आरोप जड़ते हुए लेखाकार गोपाल सिंह पंवार को ज्ञापन सौंपा। निवर्तमान सरकार के जारी दिशा निर्देशों के अनुसरण में विगत वर्षों में पालिका की ओर से अब तक कितने लोगों को उनके आवासीय मकानों के पट्टे किस कारण से जारी नहीं किए गए हैं, इस बारे में भी लिखित में जानकारी मांगी गई है। प्रशासन शहरों के संग अभियान के दौरान कितने लोगों को पट्टे जारी किए गए हैं, इसकी जानकारी सार्वजनिक किए जाने, वार्ड वाइज कितने आवेदकों को पट्टा जारी करने से शेष रहे हैं तथा इस संबंध में पालिका की ओर से यदि कोई कमी है तो उस दिशा में क्या कमी पूर्ति करवाई जा रही है इसकी पारदर्शिता भी सामने आना जरूरी है। बोर्ड का गठन हुए 3 साल करीब हो गए हैं लेकिन अभी तक भी नगर पालिका में व्याप्त प्रावधानों के तहत कार्यों के लिए समितियों का का कोई गठन नहीं किया गया है, इस मुद्दे को भी आगामी पालिका की बैठक में प्रमुखता से लेने के लिए भी पार्षदों के शिष्ट मंडल ने खास अनुरोध भी किया है। मामले में भाजपा मंडल अध्यक्ष जितेंद्र डांगरा ने कहा कि नगरपालिका पूरी तरह से आकंठ भ्रष्टाचार में डूबी है लेकिन अधिशासी अधिकारी का ऐसा प्रतीत होता है कि कोई नियंत्रण ही नहीं है। पूर्व में भी पट्टों की जानकारी सार्वजनिक करने के संबंध में दो दफा नेता प्रतिपक्ष की ओर से ज्ञापन देकर चेताया जा चुका है लेकिन इसके बावजूद भी कार्य आज भी नगर पालिका में कछुआ चाल से ही हो रहा है। इस मौके पर पार्षद धर्मेंद्र ज़ोपट, वरिष्ठ नेता सत्यनारायण स्वामी, वर्धमान काला, आशीष कुमार सहित अनेक की मौजूदगी रही।

# विकसित भारत संकल्प शिविर में लोकनृत्य की थीम से जागरूक किया

**बहरोड़/नीमराना।** पंचायत समिति नीमराना के गांव जोनायचा खुर्द व सिरियानी में प्रधान प्रतिनिधि बलवान सिंह यादव के मुख्य आतिथ्य में विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविरों का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मेरी कहानी मेरी ज़ुबानी थीम के तहत पात्र लाभान्वित व्यक्तियों ने अपने परिवार को इन योजनाओं के तहत मिले लाभ की जानकारी दी।

स्वयं सहायता समूह की महिलाओ, विद्यार्थियों व स्थानीय कलाकारों द्वारा धरती कहे पुकार के थीम पर लोकनृत्य प्रस्तुत किया गया। वहीं जौणायचा खुर्द के सरपंच अजीत सिंह यादव को स्वच्छ भारत मिशन योजना में ठााम पंचायत को ओडीएफ घोषित किये जाने पर सम्मानित किया गया।




पंचायत समिति नीमराना के गांव जोनायचा खुर्द में प्रधान प्रतिनिधि बलवान सिंह यादव के मुख्य आतिथ्य में संकल्प यात्रा शिविर का आयोजन हुआ।

इस अवसर पर नीमराना के गंभीर सिंह व मांढण तहसीलदार तरुण कुमार, भाजपा जिलाध्यक्ष उम्मेद सिंह भाया, महामंत्री महेन्द्र शर्मा, एमपीएस प्रतिनिधि संजय यादव, सहायक विकास अधिकारी राजेश कुमार, ओमप्रकाश निर्मल, अभयसिंह यादव, सहायक प्रशासनिक अधिकारी कैलाश चंद जांगिड़, महावीर प्रसाद व चौहान सहित पंचायत स्तरीय अधिकारी, कर्मचारी व आमजन उपस्थित रहे।

## संजय शर्मा का स्वागत

**राजगढ़।** राजस्थान सरकार के स्वतंत्र प्रभार मंत्री संजय शर्मा का बुधवार को जयपुर से अलवर जाते समय राजगढ़ क्षेत्र में दर्जन स्थानों पर स्वागत किया। करीब 5 घंटे विलंब से ए शर्मा के स्वागत के लिए महिला पुरुषों का हुजूम सायं तक जम रहा। शर्मा ने स्वागत के दौरान सभी का हाथ जोड़कर अभिवादन किया। शर्मा इस अवसर पर बुजुर्गों का आशीर्वाद लेना भी नहीं भूले। राजगढ़ बांदीकुई मार्ग पर शर्मा का वर्षा होटल,सुरेर, गोठ, शेखा की बगीची हनुमान मंदिर, पेट्रोल पंप के सामने, कल्पना चावला कन्या महाविद्यालय परिवार, औद्योगिक क्षेत्र, टहला बाईपास, बालाजी होटल, मुनपुर, कोठी नारायणपुर एवं अलवर मार्ग पर अन्य ठाामों में भव्य स्वागत किया गया। औद्योगिक क्षेत्र में फलों से, एवं अन्य स्थानों पर भाजपा एवं अनेक सामाजिक संगठनों ने अपने-अपने तरीके से स्वागत किया। मंत्री के स्वागत के दौरान गाड़ियों के काफिले के कारण औद्योगिक क्षेत्र में जाम की स्थिति रही। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अशोक गुप्ता, जिला मंत्री शिवलाल मीणा आदि मौजूद थे।

# संजय शर्मा राज्यमंत्री बनकर पहली बार अलवर पहुंचे



राज्य मंत्री संजय शर्मा का अलवर पहुंचने पर समर्थकों ने स्वागत किया।

**अलवर।** राजस्थान सरकार के राज्यमंत्री अलवर शहर विधानसभा सीट के विधायक संजय शर्मा 3 जनवरी को पहली बार राज्यमंत्री बनने के बाद अलवर आए तो उनका जनता एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने जगह-जगह भव्य स्वागत किया ।राज्यमंत्री संजय शर्मा राज्य मंत्री बनने के बाद पहली बार अलवर आए जिनका जिले भर में रास्ते भर में भव्य स्वागत किया कही उन्हें केलों से तोला तो कही उन्हें नोटों से तोला जबकि पूर्व में कांठोस के मंत्रियो का जनता ने कभी इतना स्वागत नही किया यह पहली बार है कि अलवर में आजादी के बाद अलवर शहर सीट पर कोई मंत्री बना है जिस पर अलवर जिले की जनता को इतना विश्वास है कि उसका हर जगह स्वागत किया जा रहा है संजय शर्मा विधायक रहते हुए अलवर में पेयजल संकट पर लगातार संघर्ष करते रहे है जनता को अब उम्मीद है कि संजय शर्मा के मंत्री बनने के बाद अलवर को पेयजल संकट से छुटकारा मिलेगा। राज्य मंत्री संजय शर्मा का जिले भर में जहा से उनका काफिला गुजरा वही भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ आम जन ने उनका भव्य स्वागत किया।



मैट, केन, लॉकी और डेवी का वापस आना सुखद है। इन सभी के पास अपनी अपनी क्षमता है। टी-20 विश्वकप से पहले हमारे पास सिर्फ तीन टी-20 सीरीज बची हुई हैं, ऐसे में हर एक श्रृंखला तैयारियों के लिहाज से काफी महत्वपूर्ण है। - गैरी स्टीड

न्यूजीलैंड के मुख्य कोच, टीम में चोटों से उबर चुके खिलाड़ियों के बारे में बोलते हुए।

खेल जगत

आज का खिलाड़ी



**मोहम्मद सिराज**

**मोहम्मद सिराज** के 15 रन पर छह विकेट की घातक गेंदबाजी की बदौलत भारत ने बुधवार को दूसरे टेस्ट मैच की पहली पारी में दक्षिण अफ्रीका को पहले ही दिन 23.2 ओवर में 55 रन पर ढेर कर दिया। दक्षिण अफ्रीका के कप्तान डीन एल्गर ने आज यहां टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी दक्षिण अफ्रीका की शुरुआत बेहद खराब रही है और उसका कोई भी खिलाड़ी टिक कर नहीं खेल सका तथा लंच से पहले ही पूरी टीम पवेलियन लौट गयी।

**क्या आप जानते हैं ?...** क्रिकेट इतिहास के 1877 में सबसे पहले टैस्ट में खेलने वाले एडवर्ड ग्रेगरी, उनके पुत्र सिड ग्रेगरी और उनके भतीजे जैक ग्रेगरी ने अपने टैस्ट जीवन की शुरुआत शून्य (0) से की।

# दूसरे टेस्ट में भारत 36 रन से आगे

## पहले दिन 3 पारियों में 23 विकेट गिरे, दक्षिण अफ्रीका 55, भारत 153 रन पर ऑलआउट, तीसरे सेशन में दक्षिण अफ्रीका ने गंवाए 3 विकेट

नई दिल्ली, 3 जनवरी। पहले दिन के तीसरे सेशन में कुल 9 विकेट गिरे। टीम इंडिया ने 42 रन बनाने में 6 विकेट गंवाए। वहीं साउथ अफ्रीका ने भी 62 रन के स्कोर पर 3 विकेट गंवा दिए। दूसरी पारी में साउथ अफ्रीका से ऐडन मार्करम (36 रन) और डेविड बेडिंघम (7 रन) नॉटआउट रहे। डीन एल्गर 12 रन बनाकर आउट हुए, जबकि टोनी डी जॉर्जी और ट्रिस्टन स्टब्स 1-1 रन ही बना सके। भारत से मुकेश कुमार ने 2 विकेट लिए, वहीं एक विकेट जसप्रीत बुमराह को भी मिला। जसप्रीत बुमराह ने दूसरी पारी में भी ट्रिस्टन स्टब्स को पवेलियन भेजा। 16वें ओवर की दूसरी बॉल पर स्टब्स कॉट बिहाइंड हुए। स्टब्स 1 ही रन बना सके। बुमराह ने पहली पारी में भी स्टब्स को अपना शिकार बनाया था।

मुकेश कुमार ने डीन एल्गर को आउट करने के बाद टोनी डी जॉर्जी को भी पवेलियन भेज दिया। 13वें ओवर की पहली बॉल मुकेश ने ऑफ स्टंप पर फुलर लेंथ फेंकी। डी जॉर्जी डिफेंड करने गए लेकिन कॉट बिहाइंड हो गए। उन्होंने एक रन बनाया।

साउथ अफ्रीका का पहला विकेट कप्तान डीन एल्गर के रूप में गिरा। वह 12 रन बनाकर मुकेश कुमार का शिकार हुए। मुकेश ने उन्हें फर्स्ट स्लिप में कैच कराया। एल्गर अपने इंटरनेशनल क्रिकेट करियर में आखिरी बार आउट हुए। उन्होंने सीरीज से पहले ही रिटायरमेंट का ऐलान कर दिया था। एल्गर पहली पारी में 4 ही रन बना सके थे। भारत के विराट कोहली एल्गर के लिए तालियां बजाते नजर आए। उनके आउट होने के बाद उन्होंने एल्गर को गले भी लगाया।

दूसरी पारी में 98 रन से पिछड़ने के बाद साउथ अफ्रीका ने संभलकर शुरुआत की। ऐडन मार्करम ने पहले ही ओवर में अटैकिंग शॉट खेल कर चौका लगाया। उन्होंने कप्तान डीन एल्गर के साथ संभलकर बैटिंग की। दोनों ने 10 ओवर खत्म होने के बाद टीम को कोई विकेट नहीं गिरने दिया। साउथ अफ्रीका ने इस दौरान 37 रन बना लिए। ऐडन मार्करम ने साउथ अफ्रीका को संभली हुई शुरुआत दिलाई।

टीम इंडिया अपनी पहली पारी में 34.5 ओवर के बाद 153 रन बनाकर आउट हुई। साउथ अफ्रीका पहली पारी में 55 रन ही बना सका था। इस तरह टीम इंडिया



को पहली पारी में 98 रन की बढ़त मिली। भारत से विराट कोहली ने 46 रन बनाए। उनके अलावा रोहित शर्मा, केएल राहुल और शुभमन गिल ही खाता खोल सके। बाकी 7 बैटर्स खाता नहीं खोल सके।


साउथ अफ्रीका से नांद्रे बर्गर, कगिसो रबाडा और लुंगी एनगिडी ने 3-3 विकेट लिए। जबकि एक बैटर रन आउट हुआ। भारत से एक भी फिफ्टी नहीं आई। विराट कोहली ने सबसे ज्यादा 46 रन बनाए। उनके अलावा रोहित शर्मा 39, शुभमन गिल 36 और केएल राहुल 8 ही रन बना सके। बाकी 7 बैटर्स खाता भी नहीं खोल सके। इनमें यशस्वी जायसवाल, श्रेयस अय्यर, रवींद्र जडेजा, जसप्रीत बुमराह, प्रसिद्ध कृष्णा, मोहम्मद सिराज और मुकेश कुमार शामिल रहे।

भारत ने अपने आखिरी 6 विकेट बगैर रन बनाए 11 बॉल के अंदर ही गंवा दिए। 153 के स्कोर पर टीम ने 4 विकेट गंवाए थे, इसी स्कोर पर टीम ऑलआउट हो गई। 33वें ओवर की पहली, तीसरी और पांचवीं बॉल पर लुंगी एनगिडी ने विकेट लिए। 34वें ओवर में भी भारत ने पहली, तीसरी और पांचवीं बॉल पर ही 3 विकेट गंवा दिए। 33वें ओवर में लुंगी एनगिडी ने 3 विकेट लिए, वहीं 34वें ओवर में कगिसो रबाडा ने 2 विकेट लिए। इस दौरान मोहम्मद सिराज रन आउट भी हुए। कगिसो रबाडा ने विराट कोहली का विकेट लिए।

भारत ने 8 बॉल के अंदर ही 4 विकेट गंवा दिए। 34वें ओवर में लुंगी एनगिडी ने पहली, तीसरी और पांचवीं बॉल पर 3 विकेट लिए। अगले ओवर की दूसरी बॉल पर कोहली भी आउट हो गए। उन्हें कगिसो रबाडा ने पवेलियन भेजा। कोहली भारत के टॉप रन स्कोरर रहे, उन्होंने 46 रन बनाए। लुंगी एनगिडी ने 34वें ओवर में 3 विकेट लिए। उन्होंने पहली बॉल पर केएल राहुल को आउट किया। फिर तीसरी बॉल पर रवींद्र जडेजा को भी कैच आउट करा दिया। पांचवीं बॉल पर जसप्रीत बुमराह भी कैच हो गए। जडेजा और बुमराह तो अपना खाता भी नहीं खोल सके। एनगिडी को अपने स्पेल के शुरुआती 5 ओवर में एक भी विकेट नहीं मिला था।

विकेटकीपर केएल राहुल 33 बॉल में 8 रन की धीमी पारी खेल कर आउट हुए। उन्होंने अपनी पारी में एक चौका लगाया। वह 34वें ओवर में लुंगी एनगिडी के खिलाफ अपर कट शॉट मारने की कोशिश में कॉट बिहाइंड हो गए। केएल राहुल 8 रन बनाकर आउट हुए।

श्रेयस के विकेट के बाद केएल राहुल नंबर-6 पर बैटिंग करने उतरे। उन्होंने दूसरा सेशन खत्म होने तक संभलकर बैटिंग की और वह खाता नहीं खोल सके। तीसरे सेशन की शुरुआत भी उन्होंने संभलकर ही की। इस सेशन में 5 ओवर खत्म होने के बाद उन्होंने छठे ओवर में सिंगल लेकर अपना खाता खोला। पहला रन बनाने के लिए उन्होंने 22 गेंदें लीं। राहुल ने पहले टेस्ट की पहली पारी में सेंचुरी लगाई थी। उन्हीं के शतक के दम पर भारत तब सम्मानजनक स्कोर तक पहुंच सका था। तीसरे सेशन में कोहली और राहुल ने भारत की पारी आगे बढ़ाई। राहुल ने संभलकर ही शुरुआत की लेकिन कोहली ने अटैकिंग अप्रोच अपनाया। उन्होंने मार्को यानसन के खिलाफ अपर कट से चौका लगाया। वहीं, कगिसो रबाडा के एक ही ओवर में चौका और छक्का दोनों लगा दिए। विराट कोहली ने पहले टेस्ट में 38 और 76 रन की पारियां खेली थीं।



## अफगानिस्तान की टीम ने टी-20 सीरीज पर कब्जा जमाया

शारजाह, 3 जनवरी। अफगानिस्तान ने शारजाह में खेले गए आखिरी टी-20 मैच में को 4 विकेट से हराकर तीन टी-20 मैचों की सीरीज को 2-1 से जीत लिया है। इससे पहले दोनों टीमें ने एक-एक मुकाबले जीत कर सीरीज में बराबरी पर थीं। टीम ने 20 ओवरों में 9 विकेट के नुकसान पर कुल 126 रन बनाए। इसके जवाब में अफगानिस्तान की टीम ने 18.3 ओवरों में 6 विकेट गंवाकर 128 रन बना दिए और 4 विकेट से जीत हासिल कर ली। अफगानिस्तान की तरफ से जीत के हीरो नवीन उल हक रहे । उन्होंने 4 ओवर में 20 रन देकर 4 विकेट लिए।

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। की शुरुआत अच्छी नहीं रही। 15 रन के स्कोर पर दो विकेट गिरे। पहले आर्यन लकड़ा नवीन उल हक की गेंद पर बोल्ड हो गए। उसके बाद इसी स्कोर पर वृत्या अरविंद को बिना खाता खोले ही नवीन ने क्लीन बोल्ड कर दिया। की आधी टीम 56 रन पर ही पवेलियन लौट चुकी थी। वहीं पावर प्ले यानी 6 ओवर के बाद ने 4 विकेट खोकर 38 रन ही बनाए थे।

अफगानिस्तान की टीम की तरफ से हजरतुल्लाह जजई टॉप स्कोर स्कोरर रहे। उन्होंने 32 गेंदों पर 36 रन बनाए। वहीं रहमानुल्लाह गुरबाज के साथ पहले विकेट के लिए 30 रन की साझेदारी की। गुरबाज ने 14 गेंद पर 20 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। इसके बाद कप्तान इब्राहिम जादरान ने 30 गेंद पर 23 रन बनाए और टीम के स्कोर को 67 रन तक लेकर गए। नजिबुल्लाह जादरान के 13 गेंद पर 28 रन की पारी ने टीम को जीत दिला दी।

## कमिंस के पंजे से पाकिस्तान पहली पारी में 313 रन पर ढेर

सिडनी, 3 जनवरी। पैट कमिंस ने पांच विकेट विकेट और मिचेल स्टार्क के दो विकेट की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने पाकिस्तान ने आज तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला के तीसरे और आखिरी मुकाबले में पहली पारी में 313 रन पर ढ़ेर कर दिया है। पहले बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत बेहद खराब रही और दोनों सलामी बल्लेबाज अब्दुल्लाह शफीक और सैम अयूब खाता नहीं खोल पाए।

अब्दुल्ला शफीक को मिचेल स्टार्क ने पहले ओवर की दूसरी गेंद पर स्टीव स्मिथ के हाथों कैच कराया। अगले ही ओवर में जोश हेजलवुड ने सैम अयूब का शिकार किया। दो विकेट गिर जाने के बाद बाबर आजम और कप्तान शान मसूद पाकिस्तान की पारी को संभाला। बाबर 26 रन को पैट कमिंस पगबाधा आउट किया। इसके कुछ देर बाद सऊद शकील पांच रन पर पवेलियन लौट गए।

कप्तान शान मसूद भी 35 रन बनाकर मिचेल मार्श की गेंद पर आउट हुए। मोहम्मद रिजवान ने अपनी 88 रनों की पारी में 10 चौके और दो छक्के लगाए। पैट कमिंस की गेंद पर जोश हेजलवुड ने उनका कैच पकड़ा। उनके बाद साजिद खान भी कमिंस का शिकार बने। उन्होंने 15 रन बनाए। आगा सलमान 67 गेंद पर 53 रन बनाकर आउट हुए। हसन अली शून्य पर आउट हुये।

आमिर जमाल 82 रन बनाकर आउट हुये, उन्हें नाथन लियोन ने मिचेल स्टार्क के हाथों कैच कराया। मीर हमजा सात पर नाबाद रहे। पाकिस्तान की ओर से मोहम्मद रिजवान 103 गेंदों में 88 रन, आमेर जमाल 97 गेंदों में 82 रन, आगा सलमान ने 67 गेंदों में 53 रनों की अर्धशतकीय पारी खेली जिसकी बदौलत टीम पहली पारी 77.1 ओवर में 313 रन बना सकी। ऑस्ट्रेलिया की ओर से पैट कमिंस ने पांच विकेट लिये। मिचेल स्टार्क ने दो बल्लेबाजों को आउट किया। जॉश हेजलवुड, नेथन लायन और मिचेल मार्श को एक-एक विकेट मिला।

## अंडर-15, अंडर-20 राष्ट्रीय चैम्पियनशिप फरवरी में ग्वालियर में होगी आयोजित

नयी दिल्ली, 3 जनवरी। भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) की तदर्थ समिति ने जूनियर पहलवानों के प्रदर्शन के बीच अंडर 15 और अंडर 20 के लिए राष्ट्रीय चैम्पियनशिप फरवरी में एलएनआईपीई ग्वालियर में आयोजित करने की घोषणा की हैं। आज यहां जारी विज्ञिप्त में समिति ने कहा कि युवा पहलवानों द्वारा उठाई गई चिंताओं को स्वीकार वह करती है और मुद्दों का समाधान करने के लिए वह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि अगले छह सप्ताह के भीतर एलएनआईपीई, ग्वालियर में अंडर-15 और अंडर-20 श्रेणियों के लिए राष्ट्रीय चैंपियनशिप आयोजित की जायेगी और जल्द ही इसका कार्यक्रम घोषित की जायेगा।

## 67वीं राष्ट्रीय शालेय मलखंब प्रतियोगिता 8 से उज्जैन में

उज्जैन, 3 जनवरी। मध्यप्रदेश के उज्जैन में 67वीं राष्ट्रीय साले मलखंब प्रतियोगिता 08 जनवरी से प्रारंभ होगी। इसमें 20 राज्यों के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। जिला शिक्षा अधिकारी आनन्द शर्मा बताया कि आठ से 12 जनवरी तक होने वाली इस प्रतियोगिता में विभिन्न राज्यों के 900 छात्र-छात्रा खिलाड़ियों भाग लेंगे और यह प्रतियोगिता 14 वर्ष, 17 वर्ष और 19 वर्ष आयु समूह के मध्य आयोजित की जायेगी। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता सरस्वती शिशु मन्दिर महाकालपुरम माधव सेवा न्यास भारत माता मन्दिर के पास होगी।

## सूर्यकुमार यादव फिर से टी-20 क्रिकेट ऑफ द ईयर बनने की रेस में, लिस्ट में यूगांडा का खिलाड़ी भी शामिल

नई दिल्ली, 3 जनवरी। भारत के स्टार बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव को बुधवार को आईसीसी के पुरुष टी20 क्रिकेटर ऑफ द ईयर के लिए चार नामांकन में शामिल किया गया। भारत के इस 33 साल के खिलाड़ी ने 2022 में यह पुरस्कार जीता था।

वर्ष 2023 में सूर्यकुमार ने दबदबा बनाते हुए 17 पारियों में 48.86 के औसत और 155.95 के स्ट्राइक रेट से 733 रन बनाए हैं। सूर्यकुमार ने 2023 की शुरुआत श्रीलंका के खिलाफ महज सात रन से की लेकिन इसके बाद अगले दो मैच में 51 (36 गेंद) और नाबाद 112 (51 गेंद) रन की पारियां खेलीं।

सूर्यकुमार की 51 गेंद में नाबाद 112 रन की पारी में नौ छक्के और सात चौके जड़े थे जिससे उन्होंने लगभग तीन गेंद में एक बार बाउंड्री



लगाई। इससे वह भारत के लिए पुरुष टी20 मैचों में रोहित शर्मा के बाद दूसरे सबसे तेज शतक जड़ने वाले खिलाड़ी बन गए। रोहित ने इसी प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ 2017 में 35 गेंद में यह उपलब्धि हासिल की थी। फिर उनका 20 से 40 रन का स्कोर बनाना जारी रहा जिसके बाद प्रोविडेंस में वेस्टइंडीज के खिलाफ 44 गेंद में 83 रन की पारी ने उनकी क्लास साबित की। उन्होंने फिर फ्लोरिडा में वेस्टइंडीज के खिलाफ 45 गेंद में 61 रन बनाकर सीरीज का समापन किया।

कप्तानी के बोझ के बावजूद सूर्यकुमार के बल्ले से रन निकलते रहे। उन्होंने साल के अंत में युवा भारतीय टीम की जिम्मेदारी संभाली थी। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 42 गेंद में 80 रन, दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 36 गेंद में 56 रन और फिर जोहान्सबर्ग में साल के अंतिम टी20 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ महज 56 गेंद में 100 रन बनाए।

इस पुरस्कार के नामांकन में तीन अन्य खिलाड़ी जिम्बाब्वे के सिकंदर रजा (11 पारियों में 515 रन, 17 विकेट), यूगांडा के अल्पेश रामजानी (55 विकेट) और न्यूजीलैंड के मार्क चैपमैन (17 पारियों में 556 रन) शामिल हैं।

## वाडा ने स्पेनिश एंटी-डोपिंग एजेंसी की जांच की शुरु

मैड्रिड, 3 जनवरी। विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) ने स्पेनिश डोपिंग रोधी एजेंसी सीईएलएडी के खिलाफ जांच शुरू की है और डोपिंग रोधी नियमों के उल्लंघन के लिए एथलीटों को दंडित करने में संगठन की विफलता के लिए तत्काल स्पष्टीकरण की मांग की है। स्पेनिश खेल समाचार पोर्टल रेलेवो ने बुधवार को यह जानकारी दी। समाचार पोर्टल ने दिसंबर में बताया कि सीईएलएडी ने डब्ल्यूएडीए की मिलीभगत से 2017 और 2022 के बीच कई बार एथलीटों को डोपिंग रोधी नियमों के उल्लंघन के लिए बिना सजा दिए जाने की अनुमति दी। संगठन ने कथित तौर पर नौकरशाही प्रक्रियाओं में खामियों का फायदा उठाया। रिपोर्ट में कहा गया कि डब्ल्यूएडीए ने उल्लंघनों के संबंध में सीईएलएडी से तत्काल प्रतिक्रिया मांगी और स्थिति में सुधार के लिए उसे तीन महीने का समय भी दिया। अन्यथा डब्ल्यूएडीए ने विश्व डोपिंग रोधी संहिता के अनुसार सीईएलएडी के लिए एक अनुपालन सत्यापन प्रक्रिया शुरू करने की धमकी दी।

## उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने 67वीं राष्ट्रीय बालिका कबड्डी प्रतियोगिता का किया शुभारंभ




जयपुर, 3 जनवरी। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने आज सवाई मान सिंह इण्डोर स्टेडियम में 67वीं राष्ट्रीय विद्यालय कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इस दौरान दिया कुमारी ने प्रतियोगिता में भाग ले रहे 27 राज्यों के खिलाड़ियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू की गई उदयमान खेल प्रतिभा योजना, फिट इंडिया कार्यक्रम, खेलो इंडिया, विशेष क्षेत्र खेल योजना, ऑलम्पिक पोडियम योजना जैसी कई योजनाओं से प्रतिभावान खिलाड़ियों को खेलों का महा मंच मिला है। उनके प्रयासों से देश-प्रदेश के होनहार और हुनरमंद युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिल रहा है। आज युवा खेलों में भविष्य निर्माण के साथ-साथ अपने क्षेत्र और देश का नाम रोशन कर रहा है। इस दौरान शासन सचिव स्कूल शिक्षा राजस्थान नवीन जैन, राष्ट्रीय अध्यक्ष क्रीड़ा भारती गोपाल सैनी , अध्यक्ष, राजस्थान राज्य कबड्डी संघ तेजस्वी गहलोत, राजस्थान संयोजक क्रीड़ा भारती मेघ सिंह , चेयरमैन, राजस्थान रग्बी फुटबाल एसोसिएशन सुरेश मिश्रा, राजस्थान प्राथमिक शिक्षा निदेशक काना राम, जिला शिक्षा अधिकारी राजेन्द्र हंस भी मौजूद रहे।

## विराट कोहली को डराने की कोशिश पड़ी महंगी

### बर्गर को घूरते नजर आए किंग, फिर जड़ दिए लगातार चौके

नई दिल्ली, 3 जनवरी। भारतीय टीम ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच में दमदार शुरुआत की है। पहली पारी में अफ्रीका की टीम को 55 रन पर ढेर करने के बाद भारत ने बढ़त भी हासिल कर ली है।

बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम को अच्छी शुरुआत नहीं मिली, यशस्वी सस्ते में पवेलियन लौट गए। इसके बाद रोहित और गिल ने पारी को संभाला और दूसरे विकेट के लिए 55 रन जोड़ो। रोहित के आउट होने के बाद विराट कोहली क्रीज पर आए और पहली ही गेंद पर अफ्रीका गेंदबाज बर्गर उन पर हावी होने की कोशिश करते नजर आए। हालांकि विराट कोहली ने लगातार चौके जड़कर उनको करारा जवाब दिया। भारतीय पारी के 15वें ओवर में रोहित शर्मा 50 गेंद में 39 रन बनाकर पवेलियन लौटे। नांद्रे बर्गर ने उन्हें आउट किया। अगली गेंद पर विराट कोहली ने आते ही दिखाया कि वह डगआउट से ही सेट होकर आए हैं।

## पोलैंड पहुंचा यूनाइटेड कप के सेमीफाइनल में

पर्थ, 3 जनवरी। यूनाइटेड कप के क्वार्टर फाइनल में बुधवार को विश्व नंबर एक टेनिस खिलाड़ी इगा स्वीयाटेक ने चीन की झेंग किनवेन को हरा दिया है। इस जीत के साथ ही पोलैंड की टीम लगातार दूसरे वर्ष यूनाइटेड कप के सेमीफाइनल में पहुंच गई हैं। आज यहां क्वार्टर फाइनल में चार बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन स्वीयाटेक ने झेंग को एक घंटे 34 मिनट चले मुकाबले में 6-2, 6-3 से हराया।

# मोहम्मद सिराज ने कातिलाना सिक्स से रचा इतिहास

## 92 साल में दूसरी बार हुआ ऐसा अनिल कुंबले का टूटा रिकॉर्ड

केपटाउन, 3 जनवरी। मोहम्मद सिराज ने बुधवार को दक्षिण अफ्रीका की खटिया खड़ी कर दी। सिराज ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टेस्ट की पहली पारी में कातिलना सिक्स जड़ा। उन्होंने 9 ओवर में सिर्फ 15 रन दिए और 6 विकेट अपनी झोली में डाले। दक्षिण अफ्रीका की टीम पहले सेशन में 23.2 ओवर में 55 रन पर सिमट गई। सिराज ने एडेन मार्कराम, कार्यवाहक कप्तान डीन एल्गर, टोनी डी जोर्जी, डेविड बेडिंघम, काइल वेरिन और मार्को जानसन को पवेलियन की राह दिखाई। सिराज ने शानदार प्रदर्शन कर इतिहास रच डाला है।

सिराज लंच से पहले फाइफर लेने लेने वाले सिर्फ दूसरे भारतीय गेंदबाज हैं। सिराज से पहले देश के 92 वर्ष के टेस्ट इतिहास में इस तरह का शानदार प्रदर्शन बाएं हाथ के स्पिनर मनिंदर सिंह के नाम है, जिन्होंने 1986-87 में बेंगलुरु में पाकिस्तान के खिलाफ लंच से पहले पांच विकेट झटकने की उपलब्धि हासिल की थी। मैच की बात करें तो सिराज के अलावा जसप्रीत बुमराह और मुकेश कुमार भी प्रभाव छोड़ा। दोनों ने दो-दो खिलाड़ियों को आउट किया। बुमराह ने 8 ओवर में 25 रन दिए।



वहीं, मुकेश ने 22.2 ओवर गेंदबाजी की लेकिन एक भी रन नहीं दिया। सिराज ने पूर्व दिग्गज भारतीय स्पिनर अनिल कुंबले का एक रिकॉर्ड ध्वस्त किया है। वह दक्षिण अफ्रीका में टेस्ट में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी करने वाले भारतीय खिलाड़ियों की फेहरिस्त में तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। उन्होंने कुंबले को चौथे स्थान पर खिसका दिया है। कुंबले ने 1992 में जोहान्सबर्ग के मैदान पर 53 रन खर्च कर 6 विकेट चटकाए थे।

बता दें कि सिराज दक्षिण अफ्रीकी सरमजीं पर एक टेस्ट पारी में 6 शिकार करने वाले चौथे भारतीय बॉलर हैं। जवागल श्रीनाथ (6/76 गकेबरहा, 2001) और रविंन्द्र जडेजा (6/138 डरबन, 2013) भी ऐसा कर चुके हैं। दक्षिण अफ्रीका में भारत के लिए सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी के आंकड़े शार्दुल ठाकुर, (7/61 जोहान्सबर्ग, 2022) के नाम दर्ज हैं। दक्षिण अफ्रीका के कप्तान डीन एल्गर ने आज यहां टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी दक्षिण अफ्रीका की शुरुआत बेहद खराब रही है और उसका कोई भी खिलाड़ी टिक कर नहीं खेल सका तथा लंच से पहले ही पूरी टीम पवेलियन लौट गयी। ऐसा प्रतीत हो रहा था जैसे दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ियों ने मोहम्मद सिराज के सामने आत्मसमपर्ण कर दिया हो। सिराज ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए नौ ओवर में 15 रन देकर छह विकेट झटके, जिसमें तीन मेडन ओवर हैं।

# राजस्थान में मिल रहा है देशभर में सबसे सस्ता रसोई गैस सिलैण्डर-मुख्यमंत्री

जयपुर/सीकर/नागौर, 3 जनवरी (का.सं.)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि, देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अंत्योदय के संकल्प को साकार करने हेतु देशभर में विकसित भारत संकल्प यात्रा चलाई जा रही है।

- मुख्यमंत्री ने सीकर और नागौर में विकसित भारत संकल्प यात्रा के शिविरों का अवलोकन किया।
- धोद में पानी की समस्या पर कार्य योजना बना कर शीघ्र काम शुरू होगा।




*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बुधवार को सीकर की ग्राम पंचायत बोसाना में आयोजित ''विकसित भारत संकल्प यात्रा'' शिविर में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को गैस सिलैण्डर व चूल्हे वितरित किए। इस अवसर पर सांसद सुमेधानंद सरस्वती, धोद विधायक गोवर्धन वर्मा, खंडेला विधायक सुभाष मील और पूर्व मंत्री सुभाष महरिया सहित कई जनप्रतिनिधि भी मौजूद थे।*

इस यात्रा का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की जनहितैषी योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ पहुंचाना है।

मुख्यमंत्री ने कहा, प्रधानमंत्री का संकल्प है कि, यात्रा के दौरान कोई भी पात्र व्यक्ति योजनाओं का लाभ लेने से वंचित नहीं रहे, इस हेतु जन भागीदारी की भी आवश्यकता है। उन्होंने आमजन से अपील की कि, वे अपने गांव-मोहल्ले के हर वंचित व्यक्ति को शिविरों के बारे में जानकारी दें। उन्होंने कहा कि, राज्य में आपकी सरकार है, यह आपकी उम्मीदों पर खरी उतरेगी। उन्होंने कहा कि रसोई गैस सिलेंडर सब्सिडी योजना के माध्यम से देशभर में सबसे सस्ता रसोई गैस सिलेंडर प्रदेशवासियों को मिल रहा है और इसके साथ ही, हम संकल्प पत्र के सभी वादों को पूरा करेंगे।

शर्मा बुधवार को सीकर की ग्राम पंचायत बोसाना और नागौर के खिंयाला में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर का अवलोकन कर जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

जनसभा में मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता प्रदेशवासियों को भयमुक्त वातावरण उपलब्ध करवाना है। इसके लिए संकल्प पत्र में किए गए वादे के मुताबिक गैंगस्टरों एवं संगठनात्मक अपराधियों के विरूद्ध एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स का गठन किया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा, बेरोजगार युवाओं के विश्वास को बनाए रखते हुए पेपरलीक एवं नकल माफियाओं पर कार्यवाही करने के लिए एसआईटी का गठन किया गया है।

शर्मा ने कहा कि गत वर्षों में महिलाओं पर अत्याचार के मामले बड़े पैमाने पर राजस्थान में सामने आए हैं। हम मातृशक्ति की समुचित सुरक्षा के लिए कृतसंकल्पित हैं। उन्होंने कहा कि, इसके लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

शर्मा ने कहा कि, धोद क्षेत्र में पानी की समस्या से निजात दिलाने के लिए जल्द ही कार्ययोजना बनाकर काम शुरू कराया जाएगा। यहां पर खेल स्टेडियम का निर्माण भी कराएंगे। शर्मा ने कहा कि, राज्य में अब तक 5300 से अधिक स्थानों पर शिविर आयोजित किए जा चुके हैं तथा 65 लाख से अधिक प्रदेशवासियों ने शिविरों में हिस्सा लिया है।

इससे पहले मुख्यमंत्री ने खिंयाला में स्थानीय लोक देवता दादोजी महाराज (कंवलसी जी महाराज) व दधिमती माताजी के दर्शन किए।

इस अवसर पर सीकर के बोसाना में सांसद सुमेधानंद सरस्वती, धोद विधायक गोवर्धन वर्मा, खंडेला विधायक सुभाष मील, पूर्व मंत्री सुभाष महरिया सहित अन्य जनप्रतिनिधि और वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

नागौर के खिंयाला में राज्यमंत्री डॉ मंजू बाघमार, डेगाना विधायक अजय सिंह किलक, मेड़ता विधायक लक्ष्मण कलरू, पूर्व विधायक मोहन राम चौधरी एवं श्रीराम भींचर सहित जनप्रतिनिधिगण, वरिष्ठ अधिकारी एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित थे।

## मामा का घर...

भोपाल, 03 जनवरी। मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का घर अब मामा का घर होगा।

मुख्यमंत्री पद से हटने के बाद अब चौहान अपने नए शासकीय बंगले में शिफ्ट हो गए हैं। इस बंगले का नाम उन्होंने 'मामा का घर' रखा है।

नामकरण के बाद उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि, पूरा प्रदेश उनका परिवार है। परिवार के रिश्ते कभी पदों से नहीं हुआ करते और ऐसे रिश्ते पदों के साथ नहीं बदलते।

उन्होंने कहा कि, वे जहां रहेंगे, वो प्यार का घर होगा। मामा के घर से जनसेवा का उनका यज्ञ लगातार चलता रहेगा। भाजपा कार्यकर्ता के नाते पार्टी द्वारा दिए कार्यों को पूरे सेवाभाव से पूरा करेंगे।

- शिवराज सिंह चौहान ने अपने नए शासकीय बंगले का नाम रखा है ''मामा का घर''।

उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया, ''पता बदल गया है, लेकिन मामा का घर तो मामा का घर है। आपसे भैया और मामा की तरह ही जुड़ा रहूँगा। मेरे घर के दरवाजे सदैव आपके लिए खुले रहेंगे।'' इसके पहले उन्होंने कल रात सीहोर जिले के शाहगंज में एक कार्यक्रम के दौरान कहा, कहीं ना कहीं कोई बड़ा उद्देश्य होगा यार..., कई बार राजतिलक होते-होते वनवास भी हो जाता है, लेकिन वह किसी न किसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए होता है।

# भाजपा में बीस लोकसभा सीटों पर प्रत्याशी बदलने पर विचार

- राजेन्द्र राठौड़, सतीश पूनिया और भूपेन्द्र यादव को लोकसभा चुनाव लड़ाने की तैयारी।
- भरतपुर, दौसा, करौली, धौलपुर, बांसवाड़ा, जालोर, श्रीगंगानगर, उदयपुर, टौंक, बाडमेर, जैसलमेर में नये प्रत्याशी की तलाश।

जयपुर, 3 जनवरी (का.सं.)। राजस्थान में लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा ने तैयारी शुरू कर दी है। राजस्थान के विधानसभा चुनाव 2023 में मिली शानदार जीत के बाद भाजपा में उत्साह है, अब पार्टी लोकसभा चुनाव 2024 के लिए मैदान में उतरने की तैयारी पूरी कर ली हैं। ऐसे में 20 सीटों पर नए चेहरों को मौक़ा दिया जा सकता है, क्योंकि 7 सांसदों को विधानसभा चुनाव लड़ाया था जिसमें से चार को जीत मिली और तीन सांसदों को बुरी तरह हार का सामना करना पड़ा। ऐसे में पार्टी उन सांसदों को फिर मौक़ा नहीं देगी। इन 7 सीटों पर उन्ही की जाति के नेताओं को मैदान में उतारने की तैयारी भाजपा कर रही है।

इसके साथ ही भाजपा और भी कई सीटों पर सांसदों को बदलने के मूड में है। ऐसे में इस बार लोकसभा चुनावों में नए चेहरे दिखने को मिल सकते हैं, जिसमें दो दिग्गज नेता राजेंद्र राठौड़, सतीश पूनियां का नाम शामिल है।

राजस्थान की जोधपुर, पाली, भरतपुर, बाड़मेर-जैसलमेर, कोटा, झालावाड़-बारां, चित्तौड़गढ़, बीकानेर और भीलवाड़ा लोकसभा सीटों पर भी बदलाव हो सकता है। इन चेहरों को फिर से मैदान में उतारे जाने की तैयारी है।

इसके साथ ही भाजपा लोकसभा के साथ ही कुछ बड़े नेताओ में से एक या दो को राज्यसभा भी भेजने की तैयारी कर रही है।

कई सांसद केंद्र में मंत्री भी हैं। उनके काम की समीक्षा भी की जा रही है, जिसके आधार पर आगे की रणनीति तय होगी।

राजेंद्र राठौड़ को पार्टी राजसमंद या चूरू से लोकसभा के चुनाव में टिकट दे सकती है। राजसमंद से दिया कुमारी सांसद थीं और अब वो राजस्थान में डिप्टी सीएम बन गई हैं। इसलिए उस सीट पर किसी क्षत्रीय को टिकट दिया जाएगा। चूरू सीट भी राजेंद्र राठौड़ के लिए बेहतरीन मानी जा रही है।

लम्बे समय से राजेन्द्र राठौड़ सदन में मुद्दों को उठाने में मुखर रहे हैं, लम्बा संसदीय अनुभव है। भाजपा संगठन के लंबे अनुभवी एवं राजस्थान की भौगोलिक, सामाजिक एवं राजनीतिक समझ रखने वाले सतीश पूनियां का पिछले काफी समय से शेखावटी में दौरा बढ़ गया है, यह क्षेत्र किसान, जाट और ओबीसी बाहुल्य है। सीकर, झुंझनूं, चुरुं और नागौर में, उनके खूब दौरे हुए हैं, साढ़े तीन सालों तक भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष रहते हुए सतीश पूनियां ने पार्टी की मजबूती में महत्वपूर्ण योगदान दिया, जिन्हें पार्टी ने कई राज्यों में भी चुनाव में जिम्मेदारी दी थी, जहां पर भी पार्टी को जीत मिली थी। ऐसे में सतीश पूनियां को सीकर, झुंझनूं, नागौर, जयपुर शहर, जयपुर ग्रामीण या अजमेर से पार्टी मैदान में उतार सकती है।

जोधपुर के गजेंद्र सिंह शेखावत और पाली से पी.पी. चौधरी को फिर से चुनाव लड़वाया जा सकता है। अलवर से केन्द्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव को पार्टी लोकसभा चुनाव लड़ा सकती है। दूसरी सीटों की बात करें तो टोंक-सवाईमाधोपुर से राष्ट्रीय मंत्री अल्का गुर्जर या जयपुर मेयर सौम्या गुर्जर, जयपुर शहर से पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी, पूर्व विधायक रामलाल शर्मा, प्रवासी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक एवं बिजनेसमैन राजू मंगोड़ीवाला, पूर्व मेयर पंकज जोशी, सांसद रामचरण बोहरा, जयपुर ग्रामीण से पूर्व मंत्री राजपाल शेखावत, कैबिनेट मंत्री राज्यवर्धन राठौड़, अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी देवेन्द्र झाझड़िया, दौसा से जसकौर मीणा या उनकी बेटी को पार्टी लोकसभा चुनाव लड़ा सकती है। जयपुर शहर से किसी वैश्य या ओबीसी चहेरे को मौका देने की चर्चा है।

दौसा, भरतपुर, करौली-धौलपुर, बांसवाड़ा, जालौर, श्रीगंगानगर, उदयपुर में नए चेहरों को मौक़ा दिया जा सकता है।

## भाजपा को सत्ता ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

ही गठबंधन चाहती है, अखिलेश यादव उत्तर प्रदेश में किसी और पार्टी को चुनाव नहीं लड़ने देना चाहते, वो मायावती की बहुजन समाज पार्टी को गठबंधन में नहीं आने देना चाहते। आप, दिल्ली और पंजाब में दूसरी पार्टियों का खेल खराब करने पर आमादा है।

वक्त की जरूरत है कि पं.बंगाल में कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस और वाम दल एक साथ आ जायें। दिल्ली और पंजाब में आप और कांग्रेस समझौता कर लें। उत्तर प्रदेश में अखिलेश यादव को मायावती, जयन्त चौधरी और कांग्रेस को सीटें दे देनी चाहिये। महाराष्ट्र में तस्वीर साफ है, जहां शरद पवार के नेतृत्व में कांग्रेस और उद्धव ठाकरे एक साथ हैं। जम्मू-कश्मीर में फारूक अब्दुल्ला, महबूबा मुफ्ती, गुलाम नबी आज़ाद और कांग्रेस साथ मिलकर चुनाव लड़ें।

इण्डिया के घटक दलों के मतभेद, भाजपा को सत्ता से बेदखल करने की उम्मीदों पर पानी फेर सकते हैं। एकमात्र सकारात्मक तस्वीर कांग्रेस से आई जिसने सीटों के बंटवारे का काम 5 सदस्यीय पैनल को सौंप दिया है। ये पांच वरिष्ठ सदस्य हैं, अशोक गहलोत, मुकुल वासनिक, भूपेश बघेल, सलमान खुर्शीद और मोहन प्रकाश। सीटों के बंटवारे की शुरूआती कवायद के बाद सोनिया गांधी अंतिम फैसला कर सकती हैं और जो भी विरोध व अड़चनें हैं, उन्हें मिटा सकती हैं।

# हाई कोर्ट की नसीहत: वकील यूनिफॉर्म में नहीं करें खुद के मामलों में पैरवी

- डिप्टी सी.एम. शपथ याचिका की सुनवाई अब 5 को।

जयपुर, 3 जनवरी (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने दिया कुमारी और प्रेमचंद बैरवा के डिप्टी सी.एम. पद की शपथ लेने के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर सुनवाई 5 जनवरी को तय की है। अदालत ने याचिकाकर्ता वकील को नसीहत देते हुए कहा है कि, वह बतौर याचिकाकर्ता वकील की ड्रेस पहन कर पैरवी नहीं कर सकता।

एक्टिंग चीफ जस्टिस एम.एम. श्रीवास्तव और जस्टिस प्रवीर भटनागर की खंडपीठ के समक्ष याचिकाकर्ता, अधिवक्ता ओ.पी. सोलंकी ने बहस शुरु की। इस दौरान अदालत ने पूछा कि, याचिकाकर्ता कौन हैं, इस पर सोलंकी ने कहा कि, वे स्वयं ही मामले में याचिकाकर्ता हैं। इस पर खंडपीठ ने मामले की सुनवाई से इन्कार करते हुए कहा कि, बतौर याचिकाकर्ता वकील अपनी ड्रेस में पैरवी नहीं कर सकता। तब याचिकाकर्ता ने ड्रेस उतार कर पैरवी करने के लिए मामले की सुनवाई एक मिनट के लिए टालने की गुहार की, लेकिन अदालत ने समय नहीं देते हुए प्रकरण की सुनवाई पांच जनवरी के लिए तय कर दी। इस मामले में एडिशनल सॉलिसिटर जनरल आर.डी. रस्तोगी ने केन्द्र सरकार की ओर से पक्ष रखते हुए कहा कि, यह याचिका राजनीति व दुर्भावना से प्रेरित है। दोनों डिप्टी सी.एम. की शपथ में किसी संवैधानिक प्रावधानों की अवहेलना नहीं हुई है। इसलिए याचिका भारी हर्जाने के साथ खारिज की जानी चाहिए।

जनहित याचिका में राज्यपाल, मुख्यमंत्री, केन्द्र सरकार के सचिव, राज्य के मुख्य सचिव, डिप्टी सी.एम. दिया कुमारी व प्रेमचंद बैरवा को पक्षकार बनाया है। जनहित याचिका में कहा गया है कि, देश के संविधान में डिप्टी सी.एम. का कोई पद नहीं है और ना इस पद पर नियुक्ति का कोई प्रावधान है। इसके बावजूद दिया कुमारी व प्रेमचंद बैरवा ने खुद को डिप्टी सीएम बताते हुए शपथ ली है। संविधान के तहत केवल मंत्री पद की शपथ ही ली जा सकती है, इसलिए दोनों डिप्टी सी.एम. की शपथ असंवैधानिक है। अत: दोनों डिप्टी सीएम की शपथ व नियुक्तियां रद्द की जाएं।

## केजरीवाल ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

पार्टी सूत्रों का कहना है कि केजरीवाल ने जांच एजेंसी द्वारा उन्हें नोटिस भेजकर पूछताछ के लिए बुलाने के समय को लेकर सवाल उठाया है और कहा है कि यह एक प्रकार से आगामी 2024 के संसदीय चुनावों में उन्हें पार्टी के लिए प्रचार अभियान चलाने से रोकने व पार्टी के प्रचार में बाधा डालने का प्रयास है। दिल्ली सी.एम. को केन्द्रीय जांच एजेंसी ई.डी. ने नोटिस भेजकर 2 नवम्बर को उपस्थित होने के लिए कहा था परन्तु वे उस वक्त उपस्थित नहीं हुए और कहा था कि यह नोटिस ''अस्पष्ट'' दुर्भावनापूर्ण एवं कानूनी रूप से टिकाऊ नहीं है।'' ई.डी. की तरफ से केजरीवाल को दूसरा समन 18 दिसम्बर को प्रेषित किया गया था और उसमें संघीय जांच एजेंसी के कार्यालय में 21 दिसम्बर को उपस्थित होने के लिए कहा था, उस दिन भी मुख्यमंत्री केजरीवाल उपस्थित नहीं हुए थे। सी.बी.आई. की ओर से गत वर्ष 17 अगस्त को दर्ज की गई एफ.आई.आर. में संदिग्ध के तौर पर रिपोर्ट में केजरीवाल का नाम नहीं था।

# असम में भीषण सड़क हादसे में 12 लोगों की मौत, सात घायल

गुवाहाटी, 03 जनवरी। असम में गोलाघाट जिले के बलिजान गांव में बुधवार को एक भीषण सड़क हादसे में 12 यात्रियों की मौत हो गई और सात अन्य घायल हो गए।

पुलिस ने कहा कि, दुर्घटना तब हुई जब पिकनिक के लिए गोलाघाट बाचागांव से तिनसुकिया जा रही एक बस विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक से टकरा गई।

गोलाघाट जिला आयुक्त पी. उदय प्रबीन ने मीडिया से कहा कि, बस में 49 यात्री सवार थे। उन्होंने कहा, दुर्घटना की जांच की जाएगी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने घटना पर दुख व्यक्त किया और मृतकों के परिजनों को दो लाख रुपये और घायलों को 50 हजार रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की।

मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर कहा, असम के गोलाघाट में सड़क दुर्घटना के कारण लोगों की मौत से दुख हुआ। शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना। घायल जल्द से जल्द ठीक हो जाएं।

असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने 'एक्स' पर कहा, शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं। इस कठिन घड़ी में प्रशासन घायलों को सभी आवश्यक सहायता प्रदान कर रहा है। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने के लिए ईश्वर से प्रार्थना है।

## ''हिमाचल के मैदानी इलाकों में घने कोहरे का ''यैलो अलर्ट''

शिमला, 03 जनवरी। हिमाचल प्रदेश के पहाड़ी इलाकों में मौसम साफ होने की वजह से मौसम में गर्माहट है लेकिन मैदानी इलाकों में कोहरे का सितम जारी है। बिलासपुर, ऊना, हमीरपुर, कांगड़ा और मंडी के मैदानी भागों में दोपहर तक सूर्य देव के दर्शन नहीं हो रहे हैं। इन भागों में दोपहर तक घना कोहरा छाए रहने से लोगों की मुश्किलें बढ़ गई हैं।

मौसम विभाग ने कोहरे को लेकर इन मैदानी जिलों के लिए 'येलो अलर्ट' जारी किया है और इन जिलों में देर रात और सुबह के समय घना कोहरा छाए रहने की भविष्यवाणी की गई है। मौसम विभाग के मुताबिक मैदानी क्षेत्रों में आगामी छह जनवरी तक घना कोहरा छाएगा और विज़ीविलिटी कम रहेगी। प्रदेश में आठ जनवरी तक मौसम साफ बना रहेगा।

## 'भाजपा ने रची ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

खेल खेलना चाहती है और सी.बी.आई. और ई.डी. का इस्तेमाल कर रही है।

अधीर ने बताया कि तृणमूल में ममता के गुट और अभिषेक के गुट में पुराना बनाम नया के नाम पर जो भी अंतर्कलह चल रही है। वह अभिषेक से 9 घंटे तक की गई ई.डी. की पूछताछ की देन है। उस दौरान अभिषेक को सारी पटकथा समझाई गई और कहा गया कि अगर वह तृणमूल कांग्रेस का विभाजन कर देते हैं और राज्य में भाजपा की सरकार बनने देते हैं तो उन्हें भ्रष्टाचार के सभी मामलों से बरी कर दिया जाएगा।

अधीर ने दावा किया कि अभिषेक के पास तृणमूल को तोड़ने के अलावा कोई विकल्प नहीं है, इसीलिए यह ड्रामा किया जा रहा है। चौधरी ने कहा कि अभिषेक बनर्जी पार्टी महासचिव हैं फिर भी जूनियर नेता बनर्जी के लिए बड़ी भूमिका मांग रहे हैं तथा युवा पीढ़ी के लिए ज्यादा पद मांग रहे हैं वहीं सुदीप बंदोपाध्याय, शोभनदेब चट्टोपाध्याय जैसे वरिष्ठ नेता पुराने नेताओं की वकालत कर रहे हैं।

## ममता बनर्जी और अभिषेक...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

राजनेता कह रहे हैं कि, पार्टी में दो स्पष्ट घटक हैं, एक का नेतृत्व कर रहे हैं अभिषेक बनर्जी और दूसरे का ममता बनर्जी। संसदीय चुनावों के लिए अभी से दो अलग-अलग सूचियाँ बन गई हैं।

अभिषेक बनर्जी के पास आगामी आम चुनावों के लिए नामों की एक लिस्ट तैयार है और दूसरी लिस्ट ममता बनर्जी ने तैयार कर रखी है। दोनों घटकों का प्रयास है अपने-अपने निष्ठावानों को संसदीय चुनाव मैदान में उतारना। अभिषेक नए चेहरे लाने के लिए शिकायत करते रहे हैं, जबकि, ममता बनर्जी पार्टी के पुराने प्रत्याशियों को रखना चाहती हैं। अभिषेक बनर्जी वरिष्ठ सांसदों की छंटनी के लिए जोर देते रहे हैं। अभिषेक का कहना है कि, उम्र बढ़ने के साथ उत्पादकता कम हो जाती है तथा अक्सर उम्रदराज प्रत्याशी विधायक जैसे मेहनत वाले काम करने में सक्षम नहीं रहते। ममता बनर्जी ने बार-बार हर स्तर पर पार्टी कार्यकर्ताओं को चेतावनी दी है कि, वरिष्ठ लोगों को हटाना उनके एजैण्डा में नहीं है। इसके विपरीत उन्होंने दावा भी किया था कि, वरिष्ठ पार्टी सदस्य अनुभवी होते हैं तथा उनके कौशल व अनुभवों का उपयोग किया जाना चाहिए।

पार्टी के अन्य भद्रजन अब एक दूसरे की आलोचना कर रहे हैं। पार्टी के एक वरिष्ठ पदाधिकारी ने आरोप लगाया कि, पार्टी नेता व सांसद सुदीप बंदोपाध्याय ने यह कहकर कि, ममता की अनुपस्थिति में पार्टी का रखवाला कोई नहीं होगा, पार्टी चीफ ममता से फायदे लेने के प्रयास किए हैं।

दो अन्य पार्टी पदाधिकारी व सांसद खुले आम एक दूसरे के दुश्मन बने हुए हैं। सांसद अर्जुन सिंह की विधायक सोमनाथ स्याम के साथ जोरदार लड़ाई चल रही है। दोनों एक दूसरे पर भ्रष्टाचार के आरोप लगा रहे हैं।

# महुआ की याचिका पर लोकसभा महासचिव को सुप्रीम कोर्ट का नोटिस

- हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने महुआ मोईत्रा को कोई आंतरिक राहत देने पर विचार करने से इंकार कर दिया।
- सुप्रीम कोर्ट ने लोकसभा महासचिव की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल से कहा कि, तीन सप्ताह में जवाब पेश किया जाए।

नयी दिल्ली, 03 जनवरी। उच्चतम न्यायालय ने तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता महुआ मोइत्रा की संसद सदस्यता रद्द करने के फैसले को चुनौती देने वाली उनकी याचिका पर बुधवार को लोकसभा महासचिव को नोटिस जारी किया।

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने कहा कि वह अधिकार क्षेत्र और न्यायिक समीक्षा की शक्ति सहित सभी मुद्दों पर विचार करेगी।

पीठ ने अपने आदेश में कहा कि, कई मुद्दे उठाए गए हैं। वह इस स्तर पर किसी भी मुद्दे पर टिप्पणी नहीं करना चाहेगी। पीठ ने याचिकाकर्ता को फिलहाल किसी भी तरह की अंतरिम राहत देने के मुद्दे पर विचार करने से इन्कार कर दिया।

मोइत्रा को कथित तौर पर, अडानी समूह से संबंधित सवाल पूछने के लिए दुबई के एक व्यवसायी के साथ अपने (संसद की सदस्यता से संबंधित) लॉगिन विवरण साझा करने के मामले में संसद की सदस्यता से निष्कासित कर दिया गया था। शीर्ष अदालत ने नोटिस जारी करते हुए लोकसभा महासचिव की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से कहा कि तीन सप्ताह के भीतर जवाब दाखिल करें। पीठ के कहा कि वह इस मामले में अगली सुनवाई 11 मार्च से शुरू होने वाले सप्ताह में करेगी।

सुनवाई के दौरान मोइत्रा की ओर से पेश वरिष्ठ वकील ए एम सिंघवी ने अदालत से याचिकाकर्ता को लोकसभा की कार्यवाही में भाग लेने की अनुमति देने का आग्रह किया।

इस पर पीठ ने कहा, नहीं, नहीं...हम इसकी अनुमति नहीं दे सकते। यह याचिका को अनुमति देने के समान होगा।इसके बाद सिंघवी ने उनकी अंतरिम गुहार पर नोटिस जारी करने की मांग की।इस पर पीठ ने कहा कि वह अगली तारीख पर सभी मुद्दों पर विचार करेगी। दूसरी तरफ मेहता ने पीठ से इस मामले में नोटिस जारी नहीं करने का आग्रह किया। इस पर पीठ ने स्पष्ट किया कि अदालत केवल पहले प्रतिवादी को नोटिस जारी कर रही है।लोकसभा ने आठ दिसंबर को आचार समिति द्वारा मोइत्रा को सांसद की सदस्यता से अयोग्य ठहराने की सिफारिश के मद्देनजर उन्हें संसद से निष्कासित करने का प्रस्ताव पारित किया था।

## कूनो में मादा ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

ने कहा कि, यह परिकल्पना साकार होते हुए देखना रोमान्चकारी है। चीता परियोजना में सभी स्तर के अधिकारियों-कर्मचारियों और विशेषज्ञों ने परिश्रम से कार्य किया है। तीन शावकों का जन्म इस परियोजना की सार्थकता को बढ़ जाएगा।

## इंडिया ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

एवं तमिलनाडू के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन बैठक में भाग लेने के लिए उपलब्ध नहीं थे।

कांग्रेस की हिन्दी भाषी प्रदेशों-राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ में चुनावी हार के बाद आई.एन.डी.आई. गठबंधन की साझेदार पार्टियों के बीच यह सुगबुगाहट शुरू हो गई है कि पार्टी ने गठबंधन की गतिविधियों को रोक दिया है एवं क्षेत्रीय पार्टियों को चुनाव प्रचार अभियान से बाहर रखा गया था।

अब तक इंडिया गठबंधन के दलों की तीन बैठकें मुम्बई, बेंगलुरू एवं पटना में आयोजित हो चुकी हैं। मुम्बई के सम्मेलन में लगभग 26 पार्टियों के नेताओं ने सहभागिता की थी और 2024 के लोकसभा चुनावों के दौरान प्रचार अभियान चलाने के लिए एक समन्वय समिति का गठन किया था।

# अडानी-हिंडनबर्ग विवाद जांच सेबी से हटाकर एसआईटी को सौंपने की याचिका खारिज

## सी.जे.आई. डी.वाई. चन्द्रचूड़ की बैंच ने कहा कि, जांच किसी अन्य एजेंसी को सौंपने का कोई आधार नहीं है

नयी दिल्ली, 03 जनवरी। उच्चतम न्यायालय ने अडानी-हिंडनबर्ग विवाद की जांच भारतीय प्रतिभूति विनिमय बोर्ड (सेबी) से हटाकर विशेष जांच दल (एसआईटी) को सौंपने की याचिका बुधवार को खारिज कर दी।

मुख्य न्यायाधीश डी वाय चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने अपने फैसले में कहा कि, जांच किसी अन्य एजेंसी को सौंपने का कोई आधार नहीं है।

पीठ ने पहले से जांच कर रही विशेषज्ञ समिति के सदस्यों के खिलाफ हितों के टकराव के आरोप को भी निराधार बताया और आरोपों को खारिज करते हुए सेबी को तीन महीने के भीतर अपनी जांच पूरी करने का निर्देश दिया।

पीठ की ओर से फैसला सुनाते हुए मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि, सेबी के नियामक ढ ांचे में दखल देने की इस अदालत की शक्ति सीमित है।

उन्होंने कहा कि, सेबी ने 22 में से 20 मामलों में जांच पूरी कर ली है। सॉलिसिटर जनरल के आश्वासन को ध्यान में रखते हुए, हम सेबी को अन्य दो मामलों में तीन महीने के भीतर जांच पूरी करने का निर्देश देते हैं।

- बैंच ने कहा कि, सिर्फ मीडिया रिपोर्ट्स के आधार पर जांच किसी और को नहीं सौंपी जा सकती।
- बैंच से सेबी को तीन माह के भीतर जांच पूरी करने के आदेश दिए।

पीठ ने पिछले साल 24 नवंबर को कहा था कि, वह अडानी समूह के खिलाफ हिंडनबर्ग रिपोर्ट को वास्तविक स्थिति के रूप में नहीं देख सकता है। इस वजह से उसने सेबी से जांच करने के लिए कहा था।

पीठ ने यह भी स्पष्ट कर दिया था कि केवल मीडिया रिपोर्टों के आधार पर और उसके आदेशों से प्रभावित संस्थाओं को सुने बिना जांच का आदेश नहीं दिया जा सकता है।

शीर्ष अदालत ने केंद्र सरकार और सेबी को नियामक ढ ांचे को मजबूत करने के लिए विशेषज्ञ समिति पर विचार करने के लिए भी कहा है।

शीर्ष अदालत ने वकील विशाल तिवारी, वकील एम एल शर्मा, कांग्रेस नेता जया ठाकुर, सामाजिक कार्यकर्ता अनामिका जायसवाल और अन्य की ओर से दायर जनहित याचिकाओं पर 24 नवंबर 2023 को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।

जनवरी 2023 में प्रकाशित हिंडनबर्ग (अमेरिका स्थित शॉर्ट-सेलिंग फर्म) की रिपोर्ट में गौतम अडानी के नेतृत्व वाले समूह की ओर से धोखाधड़ी और स्टॉक हेराफेरी का दावा किया गया था। हालाँकि, समूह ने उस रिपोर्ट को दुर्भावनापूर्ण रूप से शरारती कहकर खारिज कर दिया था।

## कर्नाटक में एक...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

अर्चना करने में बाधा उत्पन्न की तो हाथ पर हाथ रखे बैठे नहीं रहेंगे। पूर्व मंत्री ने चेतावनी देते हुए जवाब दिया कि ''यदि किसी भी व्यक्ति ने हमें हमारे भगवान की पूजा करने में व्यवधान पैदा करने की कोशिश की तो हम उनको छोड़ेगे नहीं सबक सिखाएंगे। राम भक्त चुपचाप नहीं बैठेंगे। यदि वो मैदान में एक बार उतर गए तो कांग्रेस किसी भी परिस्थिति में मुकाबला नहीं कर पाएगी। यदि 22 जनवरी 2024 को कोई भी अप्रिय घटना घटित होती है तो उसकी जवाबदेही सीधे तौर पर हरिप्रसाद की होगी।''

दुर्भाग्यवश हरिप्रसाद ने राम मंदिर के उद्घाटन कार्यक्रम को एक धार्मिक कार्यक्रम के बजाए एक राजनैतिक समारोह बताया है, अनेक कांग्रेस नेताओं ने भी कार्यक्रम को लेकर यही बात कही है। हरिप्रसाद ने कहा कि ''यदि यह एक धार्मिक समारोह होता तो हम सब इस कार्यक्रम में उपस्थिति होते। उद्घाटन का यह कार्यक्रम किसी धर्म गुरू ने नहीं बनाया है बल्कि यह विश्व गुरू के द्वारा निर्मित कार्यक्रम है।'' हरिप्रसाद का यह इशारा अप्रत्यक्ष रूप से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तरफ था, जिनका उनके अनुयायियों ने विश्व गुरू के रूप वर्णन किया है।

हरिप्रसाद ने चुटकी ली और कहा कि ''हम विश्व गुरू और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के धर्म के बारे में नहीं जानते।''

ज्ञातव्य है कि गुजरात में वर्ष 2002 में गोधरा यात्री ट्रेन अग्निकांड हुआ था उस समय गोधरा रेलवे स्टेशन के निकट साबरमती एक्सप्रैस ट्रेन में आग लगी थी और उस भीषण घटना में अयोध्या से वापस लौट रहे कार सेवक 59 हिन्दू तीर्थ यात्री थे जो जल कर मर गए थे। इस ट्रेन अग्निकांड के बाद गुजरात प्रदेश में हुए दंगों में लगभग 2000 लोगों की मृत्यु हुई थी।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908